

7 रश्मिका मंदाना ने...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत



11 5 साल में हम...

■ वर्ष 29 अंक 223 डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर शनिवार 08 फरवरी 2025 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# जनता के बीच प्रदेश और पुलिस की साख बढ़े : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने आईपीएस सर्विस मीट का किया शुभारंभ

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पुलिस की सेवा जीवन भर जवान रखने वाली सेवा है। पुलिस के सामने सदैव चुनौतियां रहती हैं, मुझे प्रसन्नता है कि म.प्र. पुलिस अपनी सभी चुनौतियों से जूझकर सफलता के नए आयाम तय कर रही है। बड़ी बात है कि हमारी पुलिस 24 घंटे सेवा में तत्पर रहकर प्रदेश और समाज की सुरक्षा में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हमें आंतरिक एकात्मकता को और अधिक उभारने की जरूरत है। इस संदर्भ में सर्विस मीट बेहद लाभकारी और प्रासंगिक है। इस तरह के सेवा समागम से अधिकारियों को एक दूसरे के अनुभव सुनने, साझा करने और उन पर अमल करने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में भारतीय पुलिस सेवा समागम (आईपीएस मीट) का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस महानिदेशक से कहा कि वे कार्य प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के थानों की जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर ग्रेडेशन करें और अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करें। इससे जनता के बीच प्रदेश और पुलिस की साख बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज हमारी पुलिस सबकी आशा का केंद्र बनती जा रही है। हम सभी को जीवन के अच्छे गुणों का विकास कर पुलिस को उनके काम में सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



कहा कि जब सारी सीमाएं बंद हो जाती हैं, तभी कोई व्यक्ति पुलिस के पास जाता है। इस संदर्भ में पुलिस उम्मीद की अंतिम किरण होती है। पुलिस को जनता की यह विश्वास बहाली हमेशा बनाए रखना चाहिए। एक दूसरे से संवाद, समागम, शिक्षण-प्रशिक्षण के जरिए अपनी योग्यताओं को और बेहतर बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सर्विस मीट सिर्फ मीट ना होकर, आपकी सोच का मीत मिलने की जगह बननी चाहिए।

### एसपी-टीआई सम्मानित

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को समाज में सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पुलिस बल को सर्व-संसाधनयुक्त कर अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। टीकमगढ़ जिले के बम्होरीकलां थाने को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ थानों की सूची में चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ और थाना प्रभारी बम्होरीकलां सुश्री रश्मि जैन को इसके लिए सम्मानित किया।

### जन सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर : डीजीपी

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। हमने नये आपराधिक कानून का बेहतरीन क्रियान्वयन किया है। इस मामले में मध्यप्रदेश पुलिस को केंद्रीय गृहमंत्री और केंद्रीय गृह सचिव से भी सराहना मिली है। पुलिस ने समाज के साथ साझा प्रयासों से प्रदेश से डकैत समस्या का उन्मूलन किया है। नक्सल समस्या के उन्मूलन के तरफ भी हम तेजी से बढ़ रहे हैं। हमारी चुनौतियां बढ़ रही हैं, साइबर क्राइम, साइबर फ्रॉड, नशा मुक्ति और यातायात सुरक्षा हमारे लिए बड़ी चुनौतियां हैं।

# महाराष्ट्र के चुनावों में कुछ गलत हुआ

## चुनाव आयोग पर राहुल गांधी बड़ा हमला

मुंबई/नई दिल्ली।

महाराष्ट्र चुनाव में गड़बड़ी को लेकर राहुल गांधी, संजय राउत और सुप्रिया सुले ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। महाराष्ट्र चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए आयोग से जवाब मांगा है। राहुल गांधी न कहा कि महाराष्ट्र में 2019 के बाद पांच साल में 32 लाख वोटर जोड़े गए थे। मगर लोकसभा 2024 और विधानसभा चुनाव के बीच 39 लाख वोटर जोड़े गए। पांच महीने में इतने ज्यादा वोटर कैसे जुड़ गए। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य में जितने कुल वोटर हैं, उतने महाराष्ट्र में पांच महीने के भीतर ही जुड़ गए। ये वोटर कहां से आए?




राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने कहा है कि हम तथ्यों साथ लिखित में जवाब देंगे। चुनाव आयोग ने कहा है पूरे देश में एक समान प्रक्रिया का पालन किया जाता है। बता दें कि, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद यह पहला मौका है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाविकास आघाड़ी के नेताओं के साथ कोई प्रेस कांफ्रेंस की है। राहुल गांधी लोकसभा में पूरे विपक्ष की अगुवाई करते हैं। इंडिया अलायंस ने लोकसभा चुनावों के बाद उन्हें विपक्ष का नेता स्वीकार किया था। महाराष्ट्र में एमवीए को जहां लोकसभा चुनावों में जीत मिली थी तो वहीं पांच महीने बाद हुए विधानसभा चुनावों में करारी हार मिली है। एमवीए में शामिल कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी (शरद पवार) में किसी को नेता विपक्ष के जरूरी सीटें नहीं मिली हैं।

### नहीं मिल रही वोटर लिस्ट

महाराष्ट्र में व्यस्कों की आबादी 9.54 करोड़ हैं। महाराष्ट्र में वोटरों की आबादी राज्य की जनसंख्या से अधिक कैसे हो गई? वोटर लिस्ट में खामी पाई गई। हम चुनाव आयोग से लोकसभा और विधानसभा चुनाव के अलग-अलग फोटो वोटर लिस्ट चाहते हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि दलित और अल्पसंख्यकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए। चुनाव आयोग हमारी शिकायतों पर रिस्पॉन्स नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के तीन विपक्षी दल आयोग से पारदर्शिता की अपेक्षा करता है।

### सुप्रिया-राउत ने भी साधा निशाना

राहुल गांधी के साथ सुप्रिया सुले और संजय राउत ने भी चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राउत ने कहा हम आयोग से कहेंगे कि आप उठिए और कफन से बाहर निकलिए। ये 32 लाख वोटर्स अब बिहार में जाएंगे, फिर यूपी जाएंगे। ये अब एक पैटर्न बन चुका है। उन्होंने कहा कि अगर इस देश का चुनाव आयोग जिंदा है, मरा नहीं है तो आयोग को राहुल गांधी के इन सवालों का जवाब देना चाहिए। ये बीजेपी का गुलाम हो गया। हम आयोग के सामने सर फोड़ चुके हैं। सुप्रिया सुले ने कहा कि हमारे ऊपर कई तरह से अटैक हो रहा है।

### तथ्यों के साथ लिखित जवाब देंगे: चुनाव आयोग

इस बीच चुनाव आयोग ने कहा कि वह महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या राज्य की कुल आबादी से अधिक होने के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर लिखित में पूरे तथ्यों के साथ जवाब देगा। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले पक्षकारों के रूप में मानता है, निश्चित रूप से मतदाता सर्वोपरि हैं और राजनीतिक दलों से आने वाले विचारों, सुझावों, सवालों को बहुत महत्व देता है। आयोग ने गांधी का नाम लिए बिना या उनके आरोपों का हवाला दिए बिना कहा, आयोग उन पूरे तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक प्रक्रिया का पालन करते हुए लिखित में जवाब देगा, जिसे पूरे देश में समान रूप से अपनाया गया है।

### अमित शाह के खिलाफ परिवाद में सुनवाई टली

**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध दायर परिवाद में शुक्रवार को दूसरी गवाही नहीं हो सकी। वकील संघ की हड़ताल के कारण कार्यवाही स्थगित कर दी गई और अगली सुनवाई 19 फरवरी को होगी। मामला डॉ. भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है। धम्मौर के बनकेपुर सरैया निवासी रामखेलावन ने यह परिवाद दायर किया है।

### महाकुंभ में फिर आग लगी, 22 पंडाल जले

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला क्षेत्र में शुक्रवार को फिर आग लग गई। इसमें करीब 22 पंडाल जल गए। आग इतनी तेज थी कि जब तक दमकल पहुंची, तब तक पूरा पंडाल जल गया। हादसा सेक्टर-18 स्थित शंकराचार्य मार्ग पर हुआ। यहां संत हरिहरानंद का पंडाल बना है। सुबह करीब 11 बजे अचानक यहां आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद सिलेंडर फटने जैसे धमाके हुए। मौके पर पहुंचे फायर फाइटर्स ने मोर्चा संभाला। अनाउंस करके भीड़ को हटाया। चारों तरफ बैरिकेडिंग की। करीब 40 मिनट में आग पर काबू पाया।



# जालसाजी करने वाले 6 पोस्टमास्टर बर्खास्त

## सत्यापन के दौरान फर्जी मिले थे दस्तावेज

**रीवा (स्वतंत्र मत)।** रीवा में डाक विभाग में हुई ब्रांच पोस्ट मास्टरों की भर्ती में 6 पोस्ट मास्टरों की नियुक्ति फर्जी मिली। दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान गड़बड़ी सामने आई। इन सभी पांच पोस्ट मास्टरों की सेवा समाप्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। डाकघर अधीक्षक ने सभी के खिलाफ एफआईआर के भी निर्देश दिए हैं। फर्जी दस्तावेजों के सहारे नियुक्ति प्राप्त करने वाले ब्रांच पोस्ट मास्टरों की पहचान की जा रही है। 6 फर्जी ब्रांच पोस्ट मास्टरों की पहचान होने के बाद उनकी सेवा समाप्त कर दी है। उनके खिलाफ एफआईआर कराई जा रही है। डाकघर अधीक्षक रीवा संभाग रमेश कुमार तिवारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि नियुक्त किए गए ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के दौरान अब 6 ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेज फर्जी पाए गए, उनकी सेवा समाप्त कर दी है। इसमें रीवा के 5 और सीधी का एक ब्रांच पोस्ट मास्टर शामिल है। सभी ब्रांच पोस्ट मास्टरों के दस्तावेजों का सत्यापन पूरा नहीं हो जाता, तब तक यह कहना मुश्किल है कि कितने ब्रांच पोस्ट मास्टर फर्जी हैं।

### इन्हें किया गया बर्खास्त

जिन फर्जी ब्रांच पोस्ट मास्टरों की सेवा समाप्त की गई, उनमें अजय कुमार बरा कोठार, अजय निगम बरहुला पटेहरा, विनोद कुमार चंदई, मोनिका त्रिपाठी पनवार, नरेन्द्र कुमार गढ़ी सोहरवा शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, इनकी अंकसूचियां फर्जी पाई गई हैं।

# बाइक को ठोंककर टैंकर में घुसी ट्रैवलर, 6 लोगों की मौत

## महाकाल दर्शन कर कर्नाटक लौट रहे थे तीर्थयात्री

इंदौर/महू।

महू के पास मानपुर में एक ट्रैवलर ने पहले बाइक को टक्कर मारी, फिर टैंकर में जा घुसी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, एक्सीडेंट शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे हुआ। ट्रैवलर में सवार सभी यात्री कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले हैं, जो महाकाल दर्शन कर लौट रहे थे। एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 18 घायल लाए गए थे। इनमें से सागर और नीतू की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक बच्चे को पीआईसीयू में एडमिट किया गया है। बाकी लोग हड्डियां टूटने और चोट लगने के कारण एडमिट हैं। उनकी हालत ठीक है। मानपुर थाने के एसआई रवि के मुताबिक, राऊ-खलघाट हाईवे पर भेरुघाट उतर रही ट्रैवल्स नंबर डीडी 01 एक्स 9889 ने अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। इसके बाद टैंकर नंबर एमपी 09 एचजी 8024 में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार हिमांशु और शुभम की भी मौत हुई है। हिमांशु धरमपुरी और शुभम सेंधवा का रहने वाला था।



### दुराचारी को सजा-ए-मौत

**इंदौर।** इंदौर में एक साल पहले 6 साल की बच्ची से रेप के मामले में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को दोषी को तिहरे मृत्युदंड की सजा सुनाई है। साथ ही पीड़िता के कष्ट को देखते हुए उसे अलग से 5 लाख रुपए प्रतिकर राशि दिलाए जाने की अनुशंसा की है। कोर्ट ने उल्लेख किया- बलात्कार के बाद यदि पीड़िता जीवित भी रहती है, तो उसकी जिंदगी मृत्यु से भी अधिक कष्टदायक हो जाती है, उसे जीवनभर इस पीड़ा को सहना पड़ता है। अभियुक्त ने 6 साल की बच्ची के साथ क्रूरतापूर्ण बलात्कार किया, जिससे उसे गंभीर क्षति पहुंची। न्यायालय ने कहा- अभियुक्त की मानसिकता को देखते हुए भविष्य में भी वह इस प्रकार के अपराध कर सकता है। इसलिए मृत्युदंड देना ही उचित होगा।

# आप विधायकों को 15 करोड़ ऑफर के आरोप पर एसीबी की जांच शुरू

नई दिल्ली।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दिए। केजरीवाल ने सुबह 11.30 बजे सभी 70 कैंडिडेट्स की मीटिंग ली थी। केजरीवाल के आरोपों के बाद भाजपा ने दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना को पत्र लिखकर आरोपों की जांच की मांग की। इसके बाद एलजी ने एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले की जांच के आदेश दिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसीबी की टीम केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के लिए पहुंची। करीब डेढ़ घंटे तक केजरीवाल के घर में जांच की, लीगल नोटिस दिया और रवाना हो गई। एसीबी की टीम ने आप नेता




संजय सिंह के बयान रिकॉर्ड किए। केजरीवाल के घर एसीबी टीम के पहुंचने के बाद सांसद संजय सिंह भी वकीलों की टीम लेकर पहुंचे। संजय का कहना है कि एसीबी की टीम बिना पूर्व नोटिस के आई है। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री और सुल्तानपुर मजरा से उम्मीदवार मुकेश अहलावत ने कहा, मुझे भी एक नंबर से फोन आया। कॉलर बोला कि उनकी सरकार बन रही है। अगर मैं आप छोड़कर उनकी पार्टी में जाता हूं तो वो मुझे 15 करोड़ देंगे और मंत्री बना देंगे। मैं मरते दम तक आम आदमी पार्टी नहीं छोड़ूंगा।

**हमारा एक आदमी नहीं टूटेगा: केजरीवाल** - 6 फरवरी की रात केजरीवाल ने ट्वीट किया, कुछ एजेंसीज दिखा रही हैं कि गाली गलौज पार्टी की 55 से ज्यादा सीट आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि आप छोड़ उनकी पार्टी में आ जाएं, मंत्री बना देंगे और हर एक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है। जाहिर तौर पर फर्जी सर्वे कराए ही इसलिए हैं ताकि माहौल बनाकर कुछ उम्मीदवारों को तोड़ा जा सके। पर गाली गलौज वालों, हमारा एक भी आदमी नहीं टूटेगा।

# एनसीबी ने पकड़ा 200 करोड़ का नशा

## ड्रग सिंडिकेट का विदेशी कनेक्शन



**मुंबई।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की मुंबई जोनल यूनिट ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। एनसीबी ने इस ऑपरेशन में 11.54 किलोग्राम हाई क्वालिटी वाली कोकीन, 4.9 किलोग्राम हाइब्रिड स्ट्रेन हाइड्रोपोनिक वीड, 5.5 किलोग्राम कैनबिस गमीज (200 पैकेट) और 1,60,000 रुपये जब्त किए हैं। यह कार्रवाई जनवरी 2025 के महीने में 200 ग्राम कोकीन की एक हाल की जब्ती के दौरान मिले सुरागों पर आधारित थी। टीम ने नवी मुंबई, महाराष्ट्र में ड्रग्स और पैसे की जब्ती की। जब्त माल की कीमत 200 करोड़ से ज्यादा की आंकी गई है। एनसीबी की जांच में सामने आया कि यह ड्रग सिंडिकेट विदेश में स्थित एक ग्रुप की ओर से संचालित हो रहा था। जब्त किए गए ड्रग्स की कुछ मात्रा अमेरिका से मुंबई लाई गई थी और इसे कूरियर सेवाओं के जरिए भारत और अन्य देशों में भेजा जा रहा था। इस मामले में जब्ती का एक हिस्सा मुंबई में स्थित एक अंतरराष्ट्रीय कूरियर एजेंसी से हुआ, जिसका पार्सल ऑस्ट्रेलिया भेजा जाना था।

### सेना ने 3 पाकिस्तानी सैनिक सहित 7 घुसपैठियों को मार गिराया

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने 7 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। इनमें 3 पाकिस्तानी आर्मी के जवान भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि घटना 4 फरवरी की रात पुंछ जिले में कृष्णा घाटी के पास हुई, जब एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश की गई। सूत्रों का दावा है कि भारतीय सेना की फॉरवर्ड पोस्ट पर हमले की प्लानिंग थी। इसकी सूचना इंडियन आर्मी को मिली और उन्होंने पहले ही हमला कर साजिश को नाकाम कर दिया। घुसपैठ के दौरान मारे गए 7 लोगों में 3-4 पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम के मेंबर्स की भी मौत हो गई। यह टीम क्रॉस बॉर्डर ऑपरेशन में माहिर होती है।

# लोकतंत्र नहीं चाहते तो केंद्र शासित प्रदेश बना दें

## मात्र 9 दिन के बजट सत्र को लेकर राज्यपाल से मिले नेता प्रतिपक्ष

भोपाल।

मध्य प्रदेश में 10 मार्च से 24 मार्च तक बजट सत्र बुलाया गया है। इस सत्र में मात्र 9 दिन ही बैठकें होंगी। सत्र की अवधि कम होने को लेकर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। नेता प्रतिपक्ष के साथ उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक आरिफ मसूद और सुरेश राजे ने राज्यपाल को कांग्रेस विधायकों की ओर से ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल से मुलाकात के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि, सामान्यत: पिछले सालों के बजट सत्र पूरे एक महीने चलते थे और हर विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होती थी। लेकिन अब तो यह आपातकाल जैसी स्थिति



बन गई है मध्य प्रदेश में। हमने राज्यपाल जी से अनुरोध किया है कि वे इसमें हस्तक्षेप करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, हमने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है और आपको इसमें हस्तक्षेप करना पड़ेगा। अगर आप लोकतंत्र नहीं चाहते हैं तो बता दें और यहां से एमपी को केंद्र शासित करने का प्रस्ताव भेज दें। राज्यपाल ने हमसे पूछा कि आपकी सरकार से इस विषय पर कोई चर्चा हुई है क्या? इस पर हमने कहा कि पहले परंपराएं थीं, लेकिन अब उन्हें बदल दिया गया है। राज्यपाल जी ने आश्वासन दिया है कि वे इस विषय में सरकार से बात करेंगे।

### सरकार को कहा डरपोक

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा में सरकार को डरपोक और नपुंसक कहा। उमंग सिंघार ने आगे कहा, मैं पूछना चाहता हूं कि मोहन यादव की सरकार चर्चा से क्यों डरती है? क्या सरकार इतनी डरपोक और नपुंसक हो गई है कि आज जनता और विपक्ष के सवालों से घबरा रही है? अगर आपकी सरकार समाज, युवाओं और लाड़ली बहना के लिए काम कर रही है तो सामने आए। आप विधानसभा से क्यों भाग रहे हैं? यह लोग सिर्फ मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के लिए सरकार बनाते हैं।

# खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



शहडोल (स्वतंत्र मत)

भारत सरकार के लिये गये निर्णय अनुसार बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दिनांक 22 जनवरी 2025 से 08 मार्च 2025 तक गतिविधियों के आयोजन कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं। खेल सप्ताह अंतर्गत बालिकाओं के विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (फुटबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, 100 मी, 200 मी., 400 मी. दौ?) का आयोजन दिनांक 01-02 फरवरी 2025 को क्रीडा परिसर कंचनपुर में आयोजित किया गया । खेल प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन किया जाकर दिनांक 07.02.2025 को शासकीय ज्ञानोदय उच्च. माध्य. आवासीय विद्यालय विचारपुर में किया गया। खिलाडियों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग शहडोल के सहायक संचालक अखिलेश मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुआ । सभी बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता खिलाडी को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सोहागपुर खेल और युवा कल्याण विभाग शहडोल अजय कुमार सोंधिया द्वारा किया गया । कार्यक्रम में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गोहपारु दयानंद सोंधिया खेल और युवा कल्याण विभाग एवं ज्ञानोदय स्कूल के पीटीआई नरेश कुंडे, ज्ञानेंद्र सिंह, युवराज शंकर दहिया, पुष्पराज सिंह, लक्ष्मी पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करें अधिकारी : कलेक्टर

## 70 वर्ष से ऊपर आयुष्मान कार्ड बनाने लाएं प्रगति: डॉ. केदार सिंह

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न



शहडोल (स्वतंत्र मत)

70 वर्ष से ऊपर सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। इस योजना से लोगों को 5 लाख तक की निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होती हैं और मरीज अपना इलाज सहज रूप से करा सकता है। इसी तरह सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम पर विशेष ध्यान देते हुए स्क्रीनिंग एवं उपचार कार्य में गति लाएं। उक्त निर्देश शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने दिए। उन्होनें राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की पृथक-पृथक समीक्षा की तथा कहा कि एनआरसी में सभी भर्ती बच्चों का विधिवत ध्यान रखा जाए तथा डिस्चार्ज होने के बाद भी उनका फॉलोअप किया जाए।बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने सभी शासकीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में एएनसी पंजीयन टीकाकरण की जानकारी प्रसव की जानकारी परिवार कल्याण एवं अंधत्व निवारण, क्षय नियंत्रण, कुष्ठ नियंत्रण, राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धता की जानकारी दी।

# हायर सेकण्डरी एवं हाईस्कूल के बोर्ड परीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सम्पन्न



शहडोल (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर डॉ केदार सिंह के उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में शिक्षण सत्र 2024-25 के हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा के क्रियान्वयन को गम्भीरता से लें। बोर्ड परीक्षा के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। उन्हानें निर्देश दिए कि परीक्षा के प्रश्न पत्र पुलिस गार्ड की अभिरक्षा में सुरक्षित रखे जाए। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों को प्रश्न पत्रों के बॉक्स का वितरण एवं प्रश्न पत्रों के बॉक्स निकटतम थाने/चौकी में पूर्व वर्षों की भांति रखवाया जाए। थाने/चौकी से प्रश्न पत्रों के बॉक्स निर्धारित समय पर ही प्राप्त कर, सुरक्षा के अधीन परीक्षा केन्द्रों पर लाकर परीक्षा संचालन की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि परीक्षा तिथियों में प्रश्न-पत्रों के पैकेट्स केन्द्राध्यक्ष के कक्ष में न खोलकर सीधे परीक्षा कक्ष में खोले एवं निर्धारित समय में परीक्षा आरंभ कराएं। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा के संचालन हेतु अन्य विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मरपाची, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त जिले के कलेक्टर प्रतिनिधि, जिला शिक्षा कार्यालय के अरविंद कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद महाजन को दी गई श्रृद्धांजली

**शहडोल ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं शहडोल नगर के प्रतिष्ठित नागरिक विनोद महाजन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनुपम अनुराग अवस्थी, कमल प्रताप सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, विधायक मनीषा सिंह, विधायक शरद कोल, प्रमिला सिंह, संजीव प्रताप सिंह, भूपेंद्र मिश्रा,सुशील शर्मा, शीतल पोद्दार, राकेश तिवारी, संतोष लोहानी, मनोज सिंह आर्मो, दीपक शर्मा, मनोज गुप्ता, कैलाश तिवारी, प्रकाश जगवानी, राजेंद्र भारती, राजेश्वर उदानिया,योगेंद्र चतुर्वेदी,सुभाष सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा डोली, राकेश सोनी, अरुण गुप्ता रहे।

# एमपीआरडीसी की उदासीनता और सड़क निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही से हो रही घटनाएँ



**ब्योहारी।** रीवा से टेटका सड़क निर्माण मे ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिसका खामियाजा आम नगरीको को भुगतना पड रहा है जिसे लेकर एमआरडीसी के अधिकारी भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहे है। नगर ब्योहारी सहित ग्राम जोरा के निर्माणधीन पुलिया के पास कई घटनाये घटित हुई बावजूद इसके शासन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही को लेकर लोगों मे काफी आक्रोश ब्याप्त है जिसे लेकर यूवा कांग्रेस द्वारा दिनांक 08/02/2025 को ग्राम जोरा के निर्माणधीन पुलिया के पास धरणा प्रदर्शन किये जाने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्योहारी को पत्र दिया गया है । जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल द्वारा जानकारी दी गयी कि रीवा से टेटका सडक निर्माण का कार्य चल रहा है। ब्योहारी और ग्राम जोरा मे पुलिया निर्माण के पास ठेकेदार की लापरवाही और एमपीआरडीसी की उदासीनता के चलते कई घटनाये घटित हुई इसके बाद भी ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। अभी तक सडक निर्माण मे रोजगार सहायक सहित अन्य 10 लोगों की जाने जा चुकी है जिस कारण आम जन मे काफी आक्रोश है जिसे देखते हुए यूवा कांग्रेस कल दिनांक 08/02/2025 को ग्राम जोरा के निर्माणधीन पुलिया के पास धरणा प्रदर्शन किया जायेगा।

## विकासखंड बजाग के खपरीपानी में रोका गया बाल विवाह

डिंडोरी (स्वतंत्र मत )

विकासखंड बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हेरा के ग्राम खपरीपानी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। बताया गया कि लडकी की उम्र 15 वर्ष तथा लडके की उम्र लगभग 16 वर्ष पाई गई है। जिन्हें संयुक्त टीम के द्वारा परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लडकी की आदर्श आयु 18 वर्ष और लडके की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फलस्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई।

# शासकीय जमीन में हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने तहसीलदार ने जारी किया स्थगन आदेश

## त्वरित कार्यवाही किये जाने को लेकर तहसीलदार अजय पाण्डेय की लोगों द्वारा की जा रही प्रशंसा

ब्योहारी (स्वतंत्र मत)


स्वतंत्र मत
05 Feb 2025 - Page 2

बेशकीमती शासकीय जमीन में पक्का मकान बना किया जा रहा अवैध कब्जा



इन दिनों ब्योहारी मे चारो तरफ भू माफियाओ का तांडव देखने को मिल रहा है। ब्योहारी मे पदस्थ तहसीलदार रोहित सिंह के हटनें के बाद ब्योहारी तहसीलदार का प्रभार अजय पाण्डेय को जब से मिला है तब से उनके द्वारा शासकीय जमीन, नदी, नाला मे हो रहे अतिक्रमण को लेकर काफी गंभीर व सक्रिय हो कर कार्यवाही कर रहे है जिसे लेकर भूमाफिया सहित अतिक्रमण कारियो मे ह?कम्प सा मचा हुआ है। वार्ड क्रमांक 09 मे स्थित शासकीय जमीन की आराजी खसरा नं 2195 को सुशील पिता बृन्दावन कहार द्वारा कब्जा कर किसी आसू जैन से 5 लाख मे सौदा कर कागज मे लिखा प?ी करते हुए बेचे जाने की खबर लगते ही इस संबंध मे प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया। खबर के बाद ब्योहारी हल्का पटवारी बृजेन्द्र मौर्य मौके पर पहुंच कर उक्त बात का मौका पंचनामा बनाकर प्रतिवेदन तहसीलदार अजय पाण्डेय के समक्ष कार्यवाही हेतु पेश किया गया जिसमे लेख किया गया कि शासकीय आ. ख. नं. 2195 रकवा 0.644 हे. के अंस भाग 20 बाई 50 कुल 1000 वर्गफिट मे बिना किसी सक्षम आदेश के पक्का मकान बना अतिक्रमण किया जा रहा है। प्रतिवेदन पाते ही तहसीलदार अजय पाण्डेय द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए दिनांक 05/02/2025 को पत्र क्रमांक / 5066/ अ – 68/2024-25 धारा 248 म. प्र. भू राजस्व संहिता 1959 के तहत सुशील पिता बृन्दावन कहार को स्थगन आदेश जारी करते हुए मौके पर यथास्थित बनाये रखने एवं नियत पेशी दिनांक 11/02/2025 को जबाब प्रस्तुत करने हेतु आदेश जारी किया गया है और उक्त आदेश की तमीली हेतु पत्र थाना प्रभारी ब्योहारी को भेजकर कर अनाधिकृत रुप से कराये जा रहे निर्माण पर रोक लगवा कर पालन प्रतिवेदन पेशी की तारीख 11/02/2025 के पूर्व न्यायलय मे प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया है। शासकीय जमीन मे हो रहे अतिक्रमण पर तहसीलदार अजय पाण्डेय द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही को लेकर नगर के लोगों द्वारा उनकी काफी सराहना की जा रही है और मांग की जा रही है कि इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 मुदरिया कंजरान मे स्थित तलाब जिसका खसरा नं 272 रकवा 2.1120 हे. है जिसे भू माफियाओ द्वारा पाटकर निर्माण करा अतिक्रमण करते हुए उसका अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है उसका भी सीमांकन कराकर उसे भू माफियाओ के चंगुल से मुक्त कराया जाय।

# आज से दो दिवसीय शक्ति चेतना जन जागरण शिविर आयोजन

## नगर आगमन पर योगीराज शक्ति पुत्र महाराज का स्वागत

डिंडोरी (स्वतंत्र मत )



जिला मुख्यालय के जबलपुर बायपास मैदान पर होने वाले शक्ति चेतना जन जागरण शिविर में भगवती मानव कल्याण संगठन और पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वावधान में दो दिवसीय 130 शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए सिद्धाश्रम धाम के संचालक शक्ति पुत्र जी महराज का नगर कल आगमन हुआ। जिले में बजाग तहसील के चंदनघाट में भव्य स्वागत किया गया इसके बाद लगातार गुरूदेव का स्वागत सागरटोला, खरगहना, गीधा, कूड़ा घानाघाट स्थानों पर भी मनमोहन स्वागत गेट बनाकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

जन जागरण यात्रा डिंडोरी नगर में पहुंची तो समनापुर तिराहा से गुरुवर श्री के शिष्यों ने लोक नृत्य रीना सैला और बैंड बाजे के साथ स्वागत किया वहीं दूसरी ओर हजारों की संख्या में मां भक्तों ने आपश्री के दर्शन प्राप्त किए। यात्रा का समापन होटल माया में गुरूदेव जी के आवास स्थल पर हुआ। मुख्यालय में इन दिनों मां भक्तों का शैलाव उमड़ा है, जो कि जिले को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार जिले में निवासरत लोगों को शिविर के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शक्ति पुत्र जी महराज का यह 130 शक्ति चेतना जन जागरण शिविर है इन्हीं शिविरों के माध्यम से संगठन करोड़ों करोड़ों लोगों को नशामुक्त बनाया है और लगातार शक्ति साधक तैयार किए हैं।

# उचित कार्यस्थलों पर अमृत सरोवरों का चयन नहीं करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय



## जिला पंचायत सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

डिंडोरी (स्वतंत्र मत )

कलेक्टर नेहा मारव्या की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर सहित पंचायत विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने मनरेगा के प्रचलित कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्य, 15वें वित्त के तहत किये जा रहे कार्य, सहित अन्य जिला पंचायत के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में निर्मित अमृत सरोवर की वस्तुस्थिति के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने समनापुर और शहपुरा में निर्मित अमृत सरोवर की वस्तुस्थिति के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव जानकारी ली। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में निर्मित अमृत सरोवर स्थलों की रिपोर्ट दो दिवस में प्रस्तुत करें। रिपोर्ट में स्थल स्वीकृति के समय प्रभारी अधिकारी, वर्तमान में अमृत सरोवर की स्थिति सहित अन्य विवरण प्रस्तुत किया जाए। स्वीकृति के समय अमृत सरोवर के लिए उचित स्थल का चयन नहीं किये जाने पर संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत स्तर पर अमृत सरोवर मरम्मत कर सुधार सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत श्रमिक नियोजन की स्थिति का आकलन विकासखण्डवार किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को कार्य में प्रगति में लाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि सचिव, जीआरएस और मैट अमले को सक्रिय कर लोगों को मनरेगा के तहत कार्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आरईएस एसडीओ समनापुर कशिश नायक को समनापुर से करंजिया में पदस्थ करने एवं मुख्यालय में रहने के संबंध में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कार्य में सुधार करते हुए प्रगति लाएं। कलेक्टर ने 15वें वित्त के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीपीडीपी कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 15वे वित्त के तहत किये जा रहे व्यय का डेटा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जनपद कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए दो दिवस के भीतर बॉयोमैट्रिक उपस्थिति यंत्र लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी तय कार्यालयीन समय पर कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें और अपने कार्यक्षेत्र का सतत् निरीक्षण करें।

# शिविर में किया हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण



डिंडोरी (स्वतंत्र मत )

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के अग्रिम चरण में आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत मेहंदवानी की ग्राम पंचायत खम्हरिया, सुखलौडी, कठौतिया, मेहंदवानी में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। उन्होंने जन कल्याण अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर ग्रामीणों को हितलाभ का वितरण किया। साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। आज आयोजित शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, बद्री प्रसाद साहू, सुदामा बर्मन, श्रीमती इंद्रावती धुर्वे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, कृषि सहित अन्य विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजयुमो नेता को प्रदेश से बाहर खोज रहीं टीमें

## टिमरी सामूहिक हत्याकांड, पुलिस की भूमिका सवालों के घेरें में

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पाटन के टिमरी में चार युवकों की सामूहिक हत्याकांड मामले में पुलिस की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे है। सूत्रों की माने तो हत्या के आरोपियों को रुपए और मदद पहुंचाने वाला शहर के एक जनप्रतिनिधी का करीबी भाजयुमो नेता कुक्की वर्मा पुलिस और गिरफ्तारी के डर से उज्जैन में छिपा था। जानकारी पर पुलिस उज्जैन पहुंची, लेकिन इसके पहले ही वह वहां से फरार हो गया। जिसको लेकर मामले की जांच के लिये गठित एसआईटी पर सवाल उठ रहे है, मामले में इतने दिनों बाद तक पर्दा डालने के बाद भी जांच अधिकारी फोन उठाने से कतरा रहे है। जबकि सूत्रों की माने तो भाजयुमो नेता ने आरोपियों को पिपरिया में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से रुपए भेजे थे। यह जानकारी सामने आने के बाद पाटन पुलिस ने एमपी ऑनलाइन के संचालक को शुक्रवार को तलब किया। यहां उसके बयान दर्ज किये गये। जिसमें उसने पूरी की पूरी बात पुलिस के सामने खोलकर रख दी।

स्वतंत्र मत फालोअप जबलपुर

**कॉल किया, फिर पहुंची रकम**– एमपी ऑनलाइन सेन्टर के संचालक ने बयानों में पुलिस को बताया कि 27 जनवरी की सुबह आठ से दस लोग उसके सेन्टर पर पहुंचे। जहां से उन्होने एक कॉल किया। कॉल के बाद एमपी ऑनलाइन में दस हजार रुपए की राशि ऑनलाइन आई। जिसके बाद संचालक ने आरोपियों को नकद राशि दी और वे वहां से चले गए।

***सीडीआर में आई कॉलिंग***– पुलिस ने जब आरोपियों द्वारा उपयोग किये गये फोन की कॉल रिकॉर्ड डीटेल्स निकाली, तो यह बात स्पष्ट हो गई कि आरोपियों ने उक्त फोन से भाजयुमो नेता को कॉल किया था। इसके बाद उनका फोन बंद हो गया। वहीं भाजयुमो नेता के फोन की कॉल रिकॉर्ड डीटेल्स की भी जांच गई गई, जिसमें वारदात के उसकी आरोपियों के नये नम्बर समेत अन्य लोगों से बातचीत की भी जानकारी सामने आई है।

**एक जुआ फड़ संचालक भी साथ में**– पुलिस को जानकारी लगी थी कि भाजयुमो नेता पुलिस को चकमा देने के लिए उज्जैन गया है। उसके साथ शहर का एक जुआ फड़ संचालक भी है। यह पता चलने पर टीम उज्जैन पहुंची, लेकिन इसकी भनक पहले ही भाजयुमो नेता को लग गई और उसने अपना और साथी का फोन बंद किया और दोनों वहां से भाग निकले। उसके आगे की लोकेशन न मिलने के कारण पुलिस टीम वहां से लौट आई। पुलिस ने भाजयुमो नेता और उसके साथ गए साथी के अलावा दोनों के परिजनों, करीबियों और रिश्तेदारों के फोन भी सर्विलांस पर डाले हैं, ताकि यदि भाजयुमो नेता और उसका साथी किसी से किसी से सम्पर्क करें, तो पुलिस को इसकी जानकारी लग जाये।

कलेक्टर बोले शादी-होटलों में ज्यादा बर्बादी

# भोजन की बर्बादी रोकने शुरू होगा अभियान

## एप्को और डब्ल्यू आरआई इंडिया से मिलकर करेंगे काम



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खाद्य पदार्थों की बर्बादी को रोकने के लिए एक बड़ी पहल शुरू की गई है। राज्य शासन के पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन डब्ल्यू आरआई इंडिया, जिला प्रशासन और नगर निगम ने मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि घरों में भले ही भोजन की बर्बादी कम होती है, लेकिन शादी–समारोह और होटलों में यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जबलपुर इस समस्या से निपटने में एक मिसाल बन सकता है। इसके लिए नगर निगम के नेतृत्व में सिविल सोसाइटी, एनजीओ, व्यवसायिक प्रतिष्ठान और परोपकारी संगठनों को साथ जोड़ा जाएगा। शहर में पहले से ही खाद्य बैंक, कचरे से ऊर्जा उत्पादन और स्मार्ट सिटी जैसी पहल चल रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य पदार्थों की बर्बादी सिर्फ आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह संसाधनों की बर्बादी, पर्यावरण को नुकसान और खाद्य सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस समस्या के समाधान के लिए स्पष्ट लक्ष्य और ठोस रणनीति के साथ काम किया जाएगा। सभी विभागों की सामूहिक कार्रवाई से इस चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है।

# निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्हों ने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक.एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। निम्न गुणवत्ता से बंद किये गये सभी शिकायतों को देखेंए साथ ही 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण से ही जिले की रैंकिंग बनती है अतः इस दिशा में सक्रियता से कार्य करें।

# श्री विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर स्वास्थ्य शिविर में 45 यूनिट रक्त का संग्रह

## श्रद्धा भाव से समर्पित की विनयांजलि



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** जैन जगत के अनमोल रतन विश्व वंदनीय योग शिरोमणि महासंत श्री श्री 108 आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को जैन समाज गोसलपुर के संयोजन मे विनंयाजलि कार्यक्रम के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर रक्त दान शिविर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन गोसलपुर के गुड़हाई चौक में किया गया। इस शिविर में जैन समाज के सभी स्वजातीय बंधुओ जनप्रतिनिधियों द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धापूर्वक विनयांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर केयर हॉस्पिटल जबलपुर के सौजन्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में मरीजों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया वहीं सेंटर फार साइड आई हॉस्पिटल जबलपुर के संयोजन से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें लगभग दो सैकड़ा मरीजो ने अपनी आंखों की जांच कराई एवं विक्टोरिया ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्तदान संग्रहण शिविर आयोजित किया गया जिसमें लगभग 45 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, गोविंद राय, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल,जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी, अर्पित चौबे, जीवन लाल कोष्टा, सकल जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन, संदीप जैन, अमित जैन, आजाद जैन, प्रिंस नायक, सुशील जैन, शैलेंद्र नायक, मंजू अनिल जैन, राहुल जैन, अनमोल जैन, यतेन्द्र जैन, आकाश जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# कैंसर दिवस पर हुआ व्याख्यान




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर छात्र–छात्राओं में कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्राचार्य प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा विभाग अध्यक्ष डॉ राजेश वाहने के निर्देशानुसार एक व्याख्यान का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागन में किया। व्याख्यान में आमंत्रित वक्ता डॉ. सनिल यादव फार्मोकोलॉजिस्ट सिहोरा ने छात्र–छात्राओं को मुख कैंसर, अमाशय कैंसर, आंत कैंसर एवं स्तन कैंसर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम संचालन विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर सुदेश मेहरौलिया ने किया। विभाग के अतिथि विद्वान डॉ. जयप्रकाश पांडेय ने आभार प्रदर्शन करते हुए कैंसर से बचने के लिए धूम्रपान न करने एवं गलत खान–पान से बचने पर जोर दिया।

# एनक्यूएएस के तहत जबलपुर 8 उप स्वास्थ्य केंद्रों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों एनक्यूएएस प्रमाणन के तहत राष्ट्रीय स्तर के बाह्य मूल्यांकन के लिए जबलपुर जिले की आठ उप स्वास्थ्य केंद्रों आयुष्मान आरोग्य मंदिरद्ध को एक साथ चुना गया है। एनएचएसआरसी द्वारा पैनलब एनक्यूएएस मूल्यांकनकर्ताओं की टीम आंध्रप्रदेश के डॉ अकुला महेश्वर, उत्तर प्रदेश के डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, मुंबई की डॉ अर्चना पंडगे और डॉ सुनीता पालीवाल, आंध्रप्रदेश के डॉ अडप्पा आशुभाउ, गुजरात के डॉ प्रशांत कुमार जाधव एवं उत्तरप्रदेश के डॉ जसवंत कुमार द्वारा पिछले महीने जनवरी में जबलपुर जिले के उपस्वास्थ्य केंन्द्रो आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता एवं अनिवार्य सेवा




पैकेज की जांच की थी।

### इन केन्द्रों ने हासिल की उपलब्धि

विकासखण्ड पनागर के उप स्वास्थ्य केंद्र आमाहिनौता को सबसे ज्यादा 98.37 प्रतिशत अंक हासिल हुए। सिहोरा के उप स्वास्थ्य केंद्र दरोली कला को 93.39 प्रतिशत, सिहोरा के ही उप स्वास्थ्य केंद्र अगरिया को 89.94 प्रतिशत, शहपुरा के उप स्वास्थ्य केंद्र घुंसौर को 88.21 प्रतिशत, पाटन के उप स्वास्थ्य केंद्र बरोदा हडा को 86.89 प्रतिशत, शहपुरा के उप स्वास्थ्य केंद्र भैरोंघाट को 86.59 प्रतिशत तथा विकासखण्ड मझौली के उप स्वास्थ्य केंद्र दर्शनी को 86.48 प्रतिशत एवं उप स्वास्थ्य केंद्र उमरिया डिरहा को 84.35 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी अनिवार्य सेवा पैकेज मानदंडों को पूरा कर गुणवत्ता प्रमाणन हासिल करने में सफलता हासिल की है। जिले को मिली बड़ी सफलता में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा का कुशल मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के अलावा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विनीता उप्पल, जिला क्वालिटी नोडल डॉ आदर्श विश्नोई, जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय पाण्डेय, जिला क्वालिटी मॉनिटर डॉ शिखा गर्ग, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, डॉ अर्शिया खान, डॉ दीपक गायकवाड, डॉ सीके अतरौलिया की कार्य के प्रति लगनशीलता महत्वपूर्ण रही। डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि जबलपुर जिले में शुरू में 15 एसएचसी को एनक्यूएएस प्रमाणित किया जा रहा है और 50 की तैयारी चल रही है।

### डॉ. कुड़रिया एपीएस विवि. के कुलगुरु नियुक्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शा.साइंस कॉलेज जबलपुर भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र कुड़रिया को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा का कुलगुरु नियुक्त किया है।

# गोवर्धन पूजा देख नाराज हुये इंद्रदेव

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** बरनू तिराहा से सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित सिलुवा ग्राम में चल रहे विष्णु महायज्ञ व श्रीमद् भागवत महापुराण में कथा व्यास सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा श्रीकृष्ण बाललीला प्रवचन में गोवर्धन पूजा व बाललीला के प्रसंग को श्रोताओं के बीच सुनाते हुए व्यास गद्दी की आसंदी से श्रीमद्भागवत पुराण कथावाचन करते हुए कहा इंद्रदेव का अंहकार तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को इंद्र का पूजन नहीं करने दिया था। जब इंद्रदेव का अंहकार तोड़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को इंद्र का पूजन नहीं करने दिया था। तब इंद्र ने अपना रोद्र रूप दिखाया था तब भगवान श्रीकृष्ण ने सभी गोकुलवासियों को गोवर्धन पर्वत



पर ले जाकर छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर उनकी रक्षा की थी जिसमें उन्होंने कहा गोवर्धन पूजा की परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है उससे पूर्व ब्रज में इंद्र की पूजा की जाती थी। मगर जब भगवान कृष्ण ने गोकुलवासियों को तर्क दिया की इंद्र से हमें कोई लाभ नहीं प्राप्त होता क्योंकि वर्षा कराना तो उनका धर्म है और वह सिर्फ अपना कार्य करते हैं इसकी जगह गोवर्धन पर्वत की पूजा करनी चाहिए। जो हमारे गोधन का संवर्धन एवं संरक्षण करता है जिससे हमारा पर्यावरण भी रहता है इसलिए इंद्र की नहीं गोवर्धन की पूजा की जानी चाहिए इस अवसर पर आयोजन समिति के पदाधिकारी व यजमानों ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया।

# तत्वों का आतंक, युवकों पर चाकुओं से हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी, घमापुर व गढ़ा में शराब पार्टी के लिये रुपये न देने पर असमाजिक तत्वों ने युवकों पर चाकूओं से हमला कर दिया। जिससे युवकों को गंभीर चोटें आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। रांझी पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी 26 वर्षीय विकास तालुकदार व्हीकल फैक्ट्री गेट नंबर–3 के पास स्थित एक होटल में काम करता है। बीती रात करीब दस बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था। उसी समय आशु चौधरी, बच्चू चौधरी, मोनू उर्फ नाटी उसके पास आकर पार्टी करने के लिये एक हजार रूपये की मांग करने लगे। विकास ने रुपये देने से मना किया उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आशू और मोनू उर्फ नाटी ने हाथ मुक्कों से मारपीट की, बच्चू चौधरी ने चाकू से हमलाकर कमर में चोटें पहुॅचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

**रांझी, घमापुर व गढ़ा क्षेत्र में वारदात, आरोपियों को तलाश रही पुलिस**

**वाद विवाद पर युवक को धुना**:–इसी प्रकार घमापुर पुलिस ने बताया कि द्वारका नगर शुक्ला होटल के समीप रहने वाला 44 वर्षीय अजय कुमार प्रजापति ईट, गिट्टी की दुकान चलाता है। दोपहर को वह अपने साथी मनोज महोबिया के साथ दुकान में खड़े होकर चाय पी रहा था। उसी समय उसका छोटा भाई संतोष प्रजापति अपने काम पर जा रहा था। शुक्ला होटल के सामने रोड में चुन्नू उर्फ राजा वंशकार, सचिन उर्फ मनीश वंशकार दोनों उसके भाई से शराब पीने के लिये पांच सौ रूपये की मांग करने लगे। उसके भाई ने पैसे देने से मना किया दोनों गाली गलौज करने लगे। गालियां देने से मना किया तो चुन्नू उर्फ राजा वंशकार ने चाकू से सचिन उर्फ मनीष वंशकार ने हाथ मुक्कों से संतोष प्रजापति के साथ मारपीट करते हुए हमला कर दिया। अजय व मनोज महोबिया ने बीच बचाव किया तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। जिसके बाद घायल संतोष को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

महाप्रबंधक ने न्यू कटनी जंक्शन में बन रहे

# ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने शुक्रवार को जबलपुर–कटनी मुड़वारा रेल खण्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखण्ड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, ओएचई लाइन, सिग्नल प्रणाली एवं समपार फाटकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त एवं समीक्षा कर निरीक्षण किया। इस रेल खण्ड पर रनिंग की गुणवत्ता को परखा एवं रेलखण्डों में पेट्रोलिंग कहाँ–कहाँ चल रही है कि विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस रेलखण्ड पर स्थित समपार फाटकों एवं ट्रैक पर कार्य करने वाले गैंगमैन, ट्रैकमैन की सुरक्षा एवं सरंक्षा के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।



बंदोपाध्याय द्वारा न्यू कटनी जंक्शन एवं कटनी मुड़वारा एरिया में बन रहे ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट का परख इंस्पेक्शन कार से निरीक्षण प्रारंभ किया। इसी दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रमुख मुख्य अभियंता, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर के साथ इरकॉन के अधिकारियों की उपस्थिति में पूरे एरिया का निरीक्षण किया गया।

### बाप-बेटे से मारपीट

**जबलपुर।** गढ़ा के रामनगर क्षेत्र में फल ठेला लगाने वाले सोनू अहिरवार व उसके पिता रामजी अहिरवार से अम्बर अहिरवार ने शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए मारपीट कर दी। आरोपी ने डंडे से हमला कर बाप.बेटे दोनों को चोटे पहुंचा दी और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तीनों मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

### महाकोशल चेम्बर की बैठक आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की कार्यकारणी समिति एवं प्रबंधकारणी, व्यापार परिषद, उद्योग परिषद व व्यापारिक एवं औद्योगिक संघों की सम्मिलित बैठक कल शनिवार को सांय 7 बजे चेम्बर सभागार में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं विचार के साथ–साथ चेम्बर चुनाव की तिथि निर्धारण के लिए आयोजित की गई है। महाकोशल चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजेश चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली ने सभी आमंत्रित सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# वाद-विवाद पर रॉड से हमला, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाना अंतर्गत जवाहर नगर में रहने वाले ट्रक ड्राइवर कंधी लाल रजक की उसके ही साथी राजू उर्फ प्रेम सिंह ठाकुर ने रॉड से हमला कर हत्या कर दी। वारदात से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उक्त वारदात गुरुवार की बताई जा रही है। जिसमें घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को सरगर्मी से तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है।

## अधारताल के जवाहर नगर में वारदात, आरोपी गिरफ्तार



### उसी की रॉड उठाकर मार दिया

मृतक के परिजनों ने बताया कि कंधी लाल अपने घर के सामने पड़ोसियों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान राजू उर्फ प्रेम सिंह ठाकुर वहां पर पहुंचा। कुछ दिनों से दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात से नाराज होकर राजू उर्फ प्रेम सिंह ठाकुर ने कंधी लाल रजक के पास रखी लोहे की रॉड उठाई और उससे कंधी लाल पर हमला कर दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद महिला ने हमला करने वाले आरोपी को रोकने का प्रयास किया। लेकिन राजू उर्फ प्रेम सिंह इतने गुस्से में था कि किसी के भी काबू में नहीं आया। सिर पर लोहे की रॉड से किये गये घातक वार की वजह से 51 वर्षीय कंधी लाल रजक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मेडिकल अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी राजू उर्फ प्रेम सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरु कर दी है।

# कलेक्टर प्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में संपन्न



उमरिया (स्वतंत्र मत)।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा आयोजित की जाने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा हेतु जिले 47 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है । परीक्षा केंद्रों के लिए कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए है जिनका एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत उमरिया के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में सभी प्रतिनिधियों को मैनेजर ई-गर्वनेंस जिला पंचायत द्वारा मोबाईल एप के माध्यम से परीक्षा दिवसों को की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । सभी प्रतिनिधियों के मोबाईल पर एप डाउनलोड कराकर, एप के माध्यम से की जाने वाली कार्यवाही की प्रक्रिया बतायी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया आर.एस. मरावी एवं ए.डी.पी.सी. बी.एस. मरावी तथा व्यावसायिक शिक्षा समन्वयक , विनोद कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। सभी प्रतिनिधियों को पी.पी.टी. के माध्यम से उनके दायित्वों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी उमरिया द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



## भदार नदी के किनारे मिला बाघ का शव

**उमरिया ।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि वन्यजीव बाघ के शव प्राप्त होने की घटना जिसका स्थल ग्राम सुखदास की सीमा से लगे भदारनदी के किनारे वन भूमि के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 394, बीट-जाजाग?, वन परिक्षेत्र पनपथा बफर के अंतर्गत प्रकाश में आई, जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। प्रथम दृष्टया वन्यजीव बाघ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाये गये।

प्रकरण में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 357/13 दिनांक 6 फरवरी 2025 को दर्ज किया गया, तथा अपराध के जांच की प्रेस विज्ञपत्ति जारी होने तक रामचरण कोल एवं पांडू कोल साकिन सुखदास के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तीन दिन में निराकरण करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**उमरिया ।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए है कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तीन दिवस के भीतर शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। आपने बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पुरानी एवं नई समस्त शिकायतों का निराकरण किया जाए। अधिकारी जब भी भ्रमण में जाएं तो संबंधित क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन कि शिकायतें भी साथ ले जाएं तथा हितग्राही सें संपर्क कर संतुष्टिपूर्वक उनका निराकरण कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित कृषकों को घर-घर पहुंचाई जाएगी बीमा पॉलिसी

**उमरिया।** फसल बीमा कराओ, फसल सुरक्षा कवच पाओ । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का संचालन भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से एग्रीकल्चर इंशोरेंस कंपनी आफ इंडिया लिमिटेड व्दारा किया गया है । जिले में गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित , चना, राई सरसो, अलसी एवं मसूर आदि फसलों का बीमा किया गया है । जिले में बीमित किसानों की संख्या 9835 है, जिनके खसरों की संख्या 44037 है । प्रदेश सरकार व्दारा बीमित कृषकों के लिए मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत बीमा कंपनी के कर्मचारियों व्दारा घर घर पहुंचकर पालिसी पहुंचाई जा रही है । जिला समन्वयक अविनाश नापित ने बताया




कि 1 फरवरी को उमरिया जिले में कोहका ग्राम से किसानों को पालिसी देने का कार्य प्रारंभ हो चुका है । प्रथम दिन पांच किसानों को पालिसी का वितरण किया गया था । कंपनी व्दारा पालिसी उपलब्ध कराते ही विभागीय अमले व्दारा बीमित किसानों के घर पहुंचकर पालिसी पहुंचा दी जाएगी।

कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि एवं अधीनस्थ अमलें व्दारा मेरी पालिसी मेरे हाथ अभियान की मानीटरिंग की जा रही है।

## एक्सीडेंट करने पर ट्रक चालक पर मामला कायम

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

पाली थाना अंतर्गत एन एच 43 जीरो ढाबा के पास हुए एक्सीडेंट में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने इस मामले में नीरज सिंह पिता लालमन सिह उम्र 29 साल निवासी ग्राम बुढना थाना पाली की षिकायत पर ट्रक वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 3025 के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है। इसी प्रकार मानपुर थाना अंतर्गत चरणगंगा नदी कस्बा मानपुर के पास वाहन चालक के व्दारा वाहन को तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया गया। जानकारी अनुसार इस मामले में अनिल चौधरी पिता चंदू चौधरी उम्र 27 साल निवासी बस्कुटा की षिकायत पर वाहन क्रमांक एमपी 17 सीए 6457 पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## अवैध मदिरा जब्त

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम धवईझर में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसके पास से अवैध मदिरा जप्त की है। जानकारी अनुसार सुरेन्द्र सिंह पिता डोमारी सिंह उम्र 26 साल निवासी धवईझर पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 6 लीटर हाथ भठठी की बनी कच्ची महुआ शराब जप्त की है जिसकी कीमत 600 रूपये है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## बांधवगढ़ में तेंदुआ की हुई मौत बाघ से मुठभेड़ की संभावना



उमरिया (स्वतंत्र मत)।

फरवरी को बांधवगढ टाईगर रिज़र्व के पतौर वन परिक्षेत्र के बमेरा बीट में दोपहर करीब 1 बजे क्षत विक्षत हालत में सड़ांध मारता तेंदुवे का शव मिला है। वही तेंदुए के शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहे है कि अज्ञात कारणों से तेंदुवे की मौत करीब तीन से चार दिन पूर्व ही हो चुकी होगी। इस बात की खबर गश्त के दौरान सबसे पहले गश्ती दल को शुक्रवार की दोपहर को लगी, तब जाकर पूरे मामले को लेकर बीटीआर की टीम एक्टिव हुई है। सूत्रों की माने तो वन परिक्षेत्र पतौर के पीएफ 189 बमेरा बीट में मृत अवस्था मे मिले तेंदुवे की उम्र तीन साल से अधिक है। वही अभी हाल के दिनों में टाइगर और तेंदुवा की भिड़ंत भी हुई थी, सम्भावना जताई जा रही है बाघ और तेंदुवे के आपसी संघर्ष में तेंदुवे की मौत हुई है। खबर ये भी है कि घटना स्थल पर बाघ द्वारा तेंदुवे को घसीटने के भी निशान है इसके अलावा यह भी सम्भावना जताई जा रही है कि जंगल के दोनों शिकारी वन्य प्राणियों का संघर्ष घटना स्थल के करीब पेड़ के ऊपर का हो सकता है, क्योंकि समीप के पेड़ पर घसीटने के निशान भी है। आपको बता दे कि 24 घण्टे पहले पनपथा बफर अंतर्गत बाघ के मौत का पर्दाफाश हुआ है।

इस मामले में सुखदास निवासी दो शिकारी आरोपी गिरफ्तार भी किये गए है। इसी बीच तेंदुवे के मौत की खबर वन्य प्रेमियों के लिए खासा निराश करने वाली खबर है। सूत्रों की माने तो घटना स्थल से तेंदुवे के क्षत विक्षत शव को कब्जे में लेकर जाजागढ़ ले जाया गया है,जहां पीएम आदि के बाद एनजीटी और जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री व्दारा 10 फरवरी को लाडली बहनों के खातों में राशि की जाएगी अंतरित

**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन व्दारा 10 फरवरी को सोन कच्छ जिला देवास से लाडली बहना हितग्राहियों को माह फरवरी की अनुदान राशि का वितरण 10 फरवरी किया जाएगा । इसके साथ ही मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना वर्ष 2024-25 की तीसरी किश्त का अंतरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की माह जनवरी की राशि का वितरण तथा विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया जाएगा।

## गाली गालौज करने पर मामला कायम

**उमरिया।** मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम ताला में आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार दिलीप बैगा पिता रविन्दा बैगा उम्र 27 साल निवासी ताला बैगान मोहल्ला की षिकायत पर आरोपी राजू बैगा पर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही हैं।

## अज्ञात कारणों से युवक की मौत

उमरिया। मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम जमडी पी एस पाली की अज्ञात कारणो से मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतक युवक का नाम धर्मपाल सिंह पिता अवधेष सिंह उम्र 25 साल निवासी ग्राम जमडी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## चिल्हारी बाजार हाट में जन-जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को किया जागरूक




**उमरिया।** सायबर सुरक्षा अभियान तहत चिल्हारी बाजार हाट में जन-जागरूकता अभियान चलाकर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया गया। इस अवसर पर अमरपुर चौकी प्रभारी सत्यदेव यादव लगातार अपने चौकी क्षेत्र अंतर्गत गांव गांव चौराहा स्कूलों में जाकर उपस्थित जन समूह छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा से बचने की समझाईश दे रहे है। उन्होने बताया कि सायबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसके बारे में लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। सायबर सुरक्षा अभियान चलाकर लोगों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा सकता है और उन्हें सायबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की जा सकती है।यह अभियान समाज को साइबर अपराधों से बचाने के लिए शुरू किया गया है। इस दौरान बताया कि ऑनलाइन अरेस्ट की धमकियों से न डरें और ऐसी स्थिति में तुरंत साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं । इस अवसर पर एएसआई गिरिराज खन्ना, प्रधान आरक्षक गौरव तिवारी,आरक्षक होम सिंह गर्ग, महेंद्र सिंह, शिवकुमार विश्वकर्मा, मोतीलाल काछी , सत्येन्द्र चतुर्वेदी, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## परीक्षाओं के दृष्टिगत कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण के संबंध में जारी किया आदेश



सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।

**बिना सक्षम स्वीकृति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रहेगा प्रतिबंधित, रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रहेगा पूर्णत: प्रतिबंध**

छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षाओं एवं समस्त प्रकार की परीक्षाओं में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, इसके दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) के तहत सिंगरौली जिले की राजस्व सीमा में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण हेतु आदेश पारित किया है। यह आदेश 7 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक प्रभावशील रहेगा। उक्त प्रभावशील अवधि में आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शुक्ला ने अपने आदेश में कहा है कि सिंगरौली जिले के अंतर्गत समस्त उत्सव आयोजन के दौरान लाउड स्पीकर, डीजे, बैंड, प्रेशर हॉर्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग विहित प्राधिकारी की अनुमति के बगैर प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंधित अवधि के दौरान ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 द्वारा निर्धारित शेड्यूल अनुसार ध्वनि का स्तर मानक सीमा के बाहर प्रतिबंधित रहेगा। रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउड स्पीकर, डीजे, बैंड, प्रेशर हॉर्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने अपने आदेश में कहा है कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण की दृष्टि से इसके विनियमन और नियंत्रण की आवश्यकता है। यह आदेश आम जनता के महत्व का है और आम जनता को संबोधित है। जिसकी क्रमश: सूचना दी जाना संभव नहीं होने से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (2) के तहत एक पक्षीय पारित किया जाता है। कोई भी व्यक्ति इस संबंध में अपनी आपत्ति / आवेदन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (5) के तहत जिला दण्डाधिकारी को प्रस्तुत कर सकेगा।

## एनसीएल में कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का हुआ शुभारंभ

**सच्ची खेल भावना एवं पूर्ण मनोयोग से खेलों में लें भाग**



सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।

बी. साईराम शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 का भव्य शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 7 फरवरी से 11 फरवरी, 2025 तक खेल परिसर, सीईटीआई सिंगरौली में आयोजित की जा रही है। कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 में कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीम प्रतिभाग कर रही हैं। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान एनसीएल सीएमडी, बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक पांडे एवं महाप्रबंधक (कार्मिक) प्रमोद कुमार सिन्हा, एनसीएल स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स, मुख्यालय से विभागाध्यक्षगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में बी. साईराम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें सच्ची खेल भावना एवं पूर्ण मनोयोग से खेलों में भाग लेने का संदेश दिया। कोल इण्डिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 टीम चैंपियनशिप, ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स एवं वरिष्ठ वर्ग ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स श्रेणियों में खेली जा रही है जिसका समापन मंगलवार को किया जाएगा।

गौरतलब है कि कोल इंडिया व इसकी सभी अनुषंगी कंपनियों द्वारा कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु वर्ष भर अनेक खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट, लॉन टेनिस, बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।




## एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया को मिला प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड

**सिंगरौली।** एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रतिष्ठित 'गोल्डन पीकॉक सीएसआर अवॉर्ड 2024' से नवाजा गया है। कोल इंडिया अध्यक्ष पी.एम. प्रसाद एवं निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन ने इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा सीएसआर विषय पर गुरुवार को मुंबई में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में यह सम्मान हासिल किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जरूरतमंद लोगों की जिंदगियों में बदलाव की कोल इंडिया की प्रतिबद्धता की एक मान्यता है। कंपनी की सीएसआर पहलों ने अब तक लगभग साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। पिछले पांच वर्षों से केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई) में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी के रूप में कोल इंडिया ने सिर्फ पिछले वित्त वर्ष में सीएसआर गतिविधियों पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए। कंपनी अपने सीएसआर फंड का 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा स्वास्थ्य सेवा, पोषण और स्वच्छता, और शिक्षा व आजीविका से जुड़े कार्यों पर खर्च करती है। भारत सरकार की यह महारत्न कंपनी अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से राष्ट्रीय मिशनों में भी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता रही है। कंपनी ने हाल के वर्षों में स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 50,000 से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया, आकांक्षी जिलों में जनजीवन की बेहतरी के लिए 850 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए और कोविड-19 के प्रसार को रोकने हेतु 700 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया।

# दो से अधिक संतान वाले अधिकारी और कर्मचारियों पर गिर सकती है गाज, सहायक आयुक्त ने जारी किया पत्र






**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** 26 जनवरी 2001 के पश्चात् शासकीय कर्मचारियों की दो से अधिक संतान होने की जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग मंडला ने सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सभी प्राचार्यो को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि मुझे विश्वस्त सूत्रों द्वारा अवगत कराया गया है कि विभाग अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों की 26 जनवरी 2001 के पश्चात् 2 से अधिक संतानें होने के बाद भी विभाग में कार्यरत हैं। जबकि नियमानुसार ऐसे अधिकारी कर्मचारी शासकीय सेवा हेतु अपात्र हैं। अत: आपके अधीन ऐसे अधिकारियों कर्मचारियों की जानकारी 3 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय विशेष वाहक हस्ते उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 29 जनवरी 2025 को उक्त पत्र जारी किया गया है। पत्र से हड़कंप मच गया है। बता दें कि ऐसे बहुत से अधिकारी कर्मचारी और शिक्षक हैं जिनके दो से अधिक संतानें हैं। जो बिना किसी सूचना के कार्य कर रहे हैं इस पूरे खेल में विकासखंड शिक्षा अधिकारी और प्राचार्यो की मिलीभगत बताई जाती है जो अपने सहयोगी कर्मचारियों को बचाने की जुगत लगाए रहते हैं। अब देखना यह है कि 29 जनवरी को जारी किए गए पत्र की समय सीमा बीत चुकीं हैं लेकिन अब तक इस संबंध में कोई ठोस जानकारी कार्यालय को प्राप्त नही हैं ऐसी सूचना सूत्रों ने दी है। वहीं कई कर्मचारी और अधिकारी इस आदेश पर किस तरह जबाव प्रस्तुत किया जाए इस पर भी सलाह ले रहे हैं। वहीं इसी तरह का आदेश पूर्व के समय भी जारी किया गया था जिसमें अनेक कर्मचारियों ने कोई जबाव नही दिया और अधिकांश शिक्षकों ने गलत जबाव भी विभाग को भेज दिया है। जबकि हाल ही में अंजनिया क्षेत्र की एक स्कूल में पदस्थ शिक्षिका ने कैमरे के सामने तीन बच्वें होने की बात कहीं थी लेकिन इस मामले में भी कोई ठोस कार्यवाही हैं नही हो पाई हैं यहीं नही अधिकारी और कर्मचारी अपनी आय संबंधी जानकारी भी वरिष्ठ कार्यालयों को गलत दें रहे हैं। बिना अनुमति के जमीन मकान खरीद रहे हैं यहीं नही अन्य जानकारी भी कार्यालय से छुपाई जा रही हैं। बता दें कि जिले भर में सैकड़ो की संख्या में ऐसे अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं जिन पर दो से अधिक संतान होने के आरोप लगे हुए है जिनकी समय-समय पर शिकायत भी होती रही है लेकिन मामलों को दबा दिया गया है। बता दें कि मध्यप्रदेश में यदि आप सरकारी नौकरी में हैं और आपके घर भी तीसरा बच्चा जन्म लेने वाला है तो आपकी नौकरी खतरे में है। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिसमें तीसरी संतान के जन्म लेने के बाद सरकारी नौकरी से हटाया जा रहा है। इतना ही नहीं यदि आपकी पहले से तीसरी संतान है और आपने यह बात सरकार से छुपाई है तो भी नौकरी जाने वाली है। बताया गया कि 26 जनवरी 2001 के बाद यदि इस तारीख के बाद तीसरी संतान जन्म लेती है तो सरकारी नौकरी के लिए अपात्र हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह मामला जरूर स्कूल शिक्षा विभाग का है, लेकिन अन्य विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों पर भी गाज गिर सकती है। बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग में ही एक सैकड़ा के आस-पास नाम सामने आ चुके हैं, जिनकी तीसरी संतान भी है। एक साल पहले मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में 955 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिनकी तीन या तीन से अधिक संतान हैं। इस कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया था। यह मामला सुर्खियों में आ गया था, जब विधानसभा में तीन या तीन से अधिक संतान वाले कर्मचारियों के बारे में प्रश्न पूछा गया था। इन सभी से जवाब मांगा गया था। इनमें से 156 शिक्षकों ने जवाब दिया था, इनमें से कई कर्मचारियों ने नौकरी बचाने के लिए तीसरी संतान को गोद देने जैसे दावे भी किए थे। किसी ने लिखा था कि ऑपरेशन फेल हो गया था।

### इनका कहना :-

नोटिस जारी कर जानकारी मांगी गई है जानकारी आने के बाद विधि सम्मत कार्यवाही की जायेंगी।

**श्रीमति वंदना गुप्ता सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मण्डला**

## ग्राफिक्स डिजाईन पर सुनहरा अवसर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रचार-प्रसार हेतु एक लोगो तैयार कराया जाना है। इस हेतु लोगो डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में किसी भी उम्र का प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि प्रस्तुत कर सकता है। एक प्रतिभागी द्वारा केवल एक प्रविष्टि ही स्वीकार की जाएगी। लोगो डिजाइन पूर्ण रूप से मौलिक, रचनात्मक एवं नारी सशक्तिकरण मिशन के अनुकूल होना चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी तरह के कॉपी राईट उल्लंघन की जिम्मेदारी संबंधित प्रतिभागी की होगी। प्रतिभागी अपनी प्रविष्ठियां पर प्रेषित कर सकेंगे। प्रतिभागी को अपना लोगो जे.पी.ई.जी. पी.एन.जी. फॉर्मेट में हाई रिजॉल्यूशन (600 डीपीआई) में प्रस्तुत करना होगा। ओपन फाईल नही देने पर पुरस्कार नही दिया जावेगा। चयनित प्रविष्टि के सर्वाधिकार महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश की संपत्ति होगी एवं इसमें किसी भी प्रकार के बदलाव का अधिकार सुरक्षित होगा। प्रतियोगिता के संबंध में आयुक्त महिला एवं बाल विकास का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।



## समीक्षा बैठक में प्रभारी कलेक्टर के निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** माँ नर्मदा के जल को निर्मल, प्रवाह को अविरल रखने तथा समग्र विकास संबंधी समिति की बैठक जिला पंचायत में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने कहा कि माँ नर्मदा परिक्रमा पथ समग्र विकास संबंधी कार्ययोजना शीघ्र तैयार करना सुनिश्चित करें। माँ नर्मदा परिक्रमा पथ के क्षेत्र में आने वाले ग्रामों को चिन्हित कर लिया गया था उन सभी में एक से डेढ एकड़ भूमि चिन्हित करनी है जिनमें यात्री निवास तथा शौचालय आदि का निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि भूमि चिन्हांकन के दौरान फ्लड लेवल एवं खतरे के निशान आदि को ध्यान में रखकर चिन्हांकन करें। इस कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के इनपुट भी लिए जाएं। नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि परिक्रमा पथ में नगरपालिका का जो क्षेत्र आता है उसमें भूमि की उपलब्धता देखें। चिन्हांकन उपरांत नजूल से लैंड पार्सल का स्टेटस आवश्यक रूप से पता करें। उन्होंने कहा कि बनाए जाने वाले यात्री निवासों के लिए पहुंच मार्ग, रपटा, पुलिया भी जरूरत के अनुसार चिन्हित कर प्रस्ताव बनाएं। जिन ग्रामों में नर्मदा तट पर उत्सव, मेला अथवा पर्यटन स्थल हैं वहां पृथक से भूमि का चिन्हांकन किया जाए जिससे श्रृद्धालुओं को उचित सुविधा दिलाई जा सके। बैठक में उन्होंने आईटीआई के अधिकारी को निर्देशित किया कि नेहरू पार्क में नगरपालिका के साथ समन्वय कर वेस्ट टू आर्ट बनवाएं। इसमें ध्यान रखें कि यह वेस्ट टू आर्ट स्ट्रक्चर अपेक्षाकृत बड़ा हो। इस नवाचार से वेस्ट सामग्री को रिसाईकिल कराने में मदद मिलेगी एवं पार्क में स्वच्छता सुनिश्चित होगी। इस बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, एसएलआर हीरालाल तिवारी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत कपिल तिवारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## माउंट फोर्ट विद्यालय में साइबर क्राइम पर शिविर



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** माउंट फोर्ट विद्यालय में साइबर क्राइम पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, सिटी कोतवाली प्रभारी शफीक खान एवं अंकित सिंह ठाकुर साइबर क्राइम विभाग उपस्थित रहे। इस सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस प्रकार के अपराधों से बचाव के उपायों से अवगत कराना था। मुख्य अतिथियों ने साइबर क्राइम के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला जैसे कि हैकिंग, फिशिंग, पहचान चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, और सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर बुलिंग आदि। उन्होंने छात्रों को इंटरनेट के सही उपयोग के तरीके बताए और साइबर क्राइम से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई साइबर अपराध का शिकार होता है तो उसे किस तरह से रिपोर्ट करना चाहिए और किससे मदद लेनी चाहिए। मुख्य अतिथियों ने साइबर क्राइम के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम के मामलों में सरकार द्वारा कड़े कदम उठाए गए हैं और पुलिस विभाग इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को यह सलाह दी कि वे साइबर सुरक्षा से संबंधित एप्लिकेशन्स का प्रयोग करें और पासवर्ड सुरक्षा के महत्व को समझें। मुख्य अतिथियों के संबोधन के बाद, छात्रों को सवाल पूछने का अवसर दिया गया। छात्रों ने साइबर सुरक्षा, डेटा प्राइवेसी और साइबर अपराधों के बचाव के उपायों से संबंधित कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे, जिनका जवाब अतिथियों ने विस्तार से दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और छात्रों से यह अपील की कि वे इस सेमिनार से प्राप्त जानकारी का सही तरीके से उपयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी साइबर क्राइम के खतरों के प्रति जागरूक करें।

## निर्माण कार्यों का किया अवलोकन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मंडला विकासखंड के ग्राम सेमरखापा में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत निर्माणाधीन सांस्कृतिक भवन एवं पीएम स्कूल में लैब एवं अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में तकनीकी मापदंडों का उपयोग करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त सामग्रियों का उपयोग करें। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने कहा कि शेष निर्माण कार्यों में तेजी लाएं, कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान एसडीओ श्री आदित्य पांडे, उपयंत्री सहित संबंधित उपस्थित थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता से युवाओं में दिखा उत्साह

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शुक्रवार को राजराजेश्वरी किला वार्ड मैदान में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ओम युवा मंडल मां रेवा महाआरती समिति सतखंडा घाट किला वार्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय मनोरंजन क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें राजराजेश्वरी वार्ड नंबर 1 एवं इंद्रा जी वार्ड नंबर 2 के बीच मैच खेला गया। जिसमें विजेता इंद्रा जी वार्ड की टीम रही। रस्साकसी में राजराजेश्वरी वार्ड की मात्रशक्ति विजेता रही। पांच वर्षो से लगातार आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में इंद्रा जी वार्ड एवं राजराजेश्वरी वार्ड की क्रिकेट टीम ने भाग लिया दोनो टीमों के बीच मैंच का आयोजन किया गया। जिसमें इंद्राजी वार्ड की टीम नर्मदा इलेवन विजेता रही। वहीं उपविजेता का खिताब स्काई ब्लू को मिला विजेता टीम का सम्मान करते हुए सील्ड प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम को भी सील्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की रस्सी खेच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राजराजेश्वरी वार्ड की महिला टीम विजेता रही हैं जिसे 3 हजार रूपए नगद एवं सील्ड प्रदान की गई। वहीं उपविजेता टीम को सील्ड एवं 1500 रूपए का नगद पुरूस्कार समाजसेवी राजेश पटैल के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां राज राजेश्वरी की पूजन अर्चन से किया गया। यहां पर मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी राजेश पटैल, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमति उमा यादव, पूर्व पार्षद रश्मि निकेश्वर पटैल एवं नंदा समाज सरपंच रमेश नंदा, समाजसेवी महेन्द्र नंदा, माऊथ आर्गन प्लेयर दिवाकर दत्त पांडे मंचासीन रहे। मुख्य अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश पटैल ने कहा कि ओम युवा मंडल एवं मां रेवा महाआरती समिति सतखंडा घाट किलावार्ड के तत्वाधान में एक दिवसीय मनोरंजन टूर्नामेंट से युवाओं में खेल के प्रति रूझान बढ़ेंगा उन्होंने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है। वहीं सभी खिलाड़ियो को बधाई देते हुए लगातार अभ्यास करने की बात कहीं इस दौरान वैसाखू नंदा ने मंच का संचालन किया और उन्होंने इस प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान परमानंद नंदा, परशुनंदा, सुरेश नंदा, ओमकार नंदा, सागर नंदा एवं निकेश्वर पटैल का इस आयोजन में सहयोग रहा है।



## बस्ती विकास योजना पर बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** बस्ती विकास योजना के कार्यों के संबंध में आयोजित बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देशित किया कि कार्यों की स्वीकृति के लिए प्राथमिकता निर्धारित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय पर कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, निवास विधायक चैनसिंह वरकड़े, जयदत्त झा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, क्षेत्रीय संयोजक रंजीत गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत शिविर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजनांतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन शुक्रवार को महाराजपुर कुम्भकार भवन में किया गया। एमएसएमई मंत्रालय विकास कार्यालय इंदौर रीवा के माध्यम से किए गए इस आयोजन में पीएम विश्वकर्मा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी माटी शिल्पियों का प्रदाय की गई। शिविर में माटी शिल्पियों के पंजीयन हेतु जिला प्रबंधक सीएचसी द्वारा दो पंजीयन काउंटर लगाए गए थे जिनमें माटी शिल्पियों का नि:शुल्क पंजीयन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एनके वास्कले, सहायक संचालक रेशम मंडला डॉ. चित्रेन्द्र द्विवेदी, प्राचार्य आईटीआई आरएस वरकड़े, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत एसके डेकाटे सहित माटी शिल्पी उपस्थित रहे।

## भ्रूण हत्या के खिलाफ जागरूकता

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** प्रशासक वन स्टॉप सेंटर ने बताया कि घटते शिशु लिंगानुपात पर नियंत्रण के लिये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। जिसके अनुसार कामकाजी महिलाओं को भी कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करवाये जा रहे हैं। वन स्टॉप सेंटर मण्डला प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा तिलक वार्ड मण्डला में कामकाजी महिलाओं को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट से अवगत कराया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर साक्षी पटवा, आशा नंदा, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरि कछवाहा, आरती वरकड़े उपस्थित रहे।

## 10 को आयेंगे आयोग अध्यक्ष

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस नरेन्द्र कुमार जैन 10 फरवरी को जिले के दौरे पर रहेंगे। आयोग को जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त प्रकरण के निराकरण एवं हितग्राहियों के संतुष्टि का आंकलन करने के लिए योजना भवन में बैठक का आयोजन किया जाएगा। आयोग की टीम द्वारा प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला योजना भवन में जनपदवार मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरणों की हितग्राहीवार समीक्षा की जाएगी। संबंधित हितग्राही बैठक के दौरान स्वयं उपस्थित होकर आयोग के दल के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

## 10 वाहनों पर चालानी कार्यवाही



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** परिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश, ग्वालियर एवं कलेक्टर के आदेशानुसार जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे द्वारा जिले में लगातार नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर चैंकिग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 7 फरवरी को मण्डला-घुघरी-सलवाह मार्ग पर वाहनों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 33 वाहनों की जांच की गई। जिसमें फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, ओव्हरलोडिंग एवं अधिक किराया लेने आदि की जांच की गई। नियम विरूद्ध चल रहे 5 वाहनों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न प्रावधानों के तहत 19500/- का समन शुल्क वसूल किया गया एवं 5 आटो व 1 तूफान वाहन जप्त कर थाना प्रभारी घुघरी के सुपुर्द किया गया है। चैकिंग अभियान में परिवहन कार्यालय मण्डला से राहुल उइके, एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। चैकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जमुना ने जीता मेडल

मण्डला(स्वतंत्र मत)



पांचवीं नेशनल ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप केरल के त्रिशूल में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया यहां पर मध्यप्रदेश टीम से मंडला जिले के सात खिलाड़ियो ने अपनी सहभागिता से दर्ज कराई है। जिसमें जानी मानी समाजसेवी और खिलाड़ी सुश्री जमुना उईके ने ब्रऊज मेडल गोला भाला फेंक प्रतियोगिता में अर्जित किया है। उनकी शानदान जीत पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े, बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले, पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जोरावर सिंह, श्रीमति श्रृद्धा उईके, आदिवासी समाज प्रमुख गुलाब मदरिया, संतुलाल मरावी, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रविंद्र ठाकुर, अरविंद पटले ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, शशांक मिश्रा, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे, गंगाराम मरावी, रामनाथ धुर्वे, उमेश नंदा, पुरुषोत्तम नेताम, शिव कुमार मरावी, नारायण प्रसाद भवेदी, टिर्रु लाल परते, ग्राम पंचायत कौआडोंगरी सरपंच हरदयाल भवेदी, भैया लाल वरकड़े, अशोक वरकडे, दीपचंद परते, रामभजन परते, नंदू परते, समाजसेवी हीरा सिंह उइके, सीताराम उइके, मदन मरावी, कमलेश परते, रवि परते, मनोज परते, मिश्रीलाल भवेदी, बसंत बैरागी, यशवंत बैरागी, सेवकराम वरकड़े, विजय मरावी, राजेश वरकड़े सहित क्षेत्र के समस्त शुभचिंतकों, खेल प्रेमियों ने ऑल इंडिया नेशनल मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप खिलाड़ीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये गये हैं। बता दें कि वहीं बसंत तेकाम गोल्ड मेडल, सुश्री रामा परते सिल्वर मेडल, अरूणा मर्सकोले सिल्वर मेडल, संजूलता एवं दिलीप सोनवानी को भी मेडल मिले हैं।

## युवक ने फांसी लगा अपनी जीवन लीला की समाप्त

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 ठेकेदारी मोहल्ला निवासी दिलीप धुर्वे पिता स्व. मेहतर लाल धुर्वे उम्र 41 वर्ष जाति गोंड ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। परिजनों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पंचनामा बनाकर फंदे से लटके युवक को उतार कर शव परिक्षण के लिए नैनपुर सिविल अस्पताल भेजा गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

## सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान करने वालों पर नहीं हो रही कार्यवाही

**नैनपुर(स्वतंत्र मत)।** सरकारी दावों के बीच धूमपान विरोधी कानून पर प्रभावी अमल नजर नही आ रहा है। कानून को ताक पर रख सार्वजनिक स्थलों पर धड़ल्ले से कश लगाने को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे धूमपान विरोधी कानून धुयें में उड़ता दिखलाई पड़ता है। गौरतलब है कि तम्बाखू के उत्पाद और धूमपान के खतरों से आमजन को बचाने की कवायद के तहत धूमपान विरोधी कानून का मसोदा तैयार कर कानून बनाया गया था। सार्वजनिक स्थलों पर धूमपान करने के आरोप में जुर्माना का प्रावधान भी किया गया है। लेकिन प्रावधान का कड़ाई से पालन न करने की स्थिति में पब्लिक प्लेस पर धूमपान जोरों पर चल रहा है। सार्वजनिकं स्थल पर धूमपान करने पर पूर्व में 200 रूपया जुर्माना निर्धारित किया गया था लेकिन जुर्माने की अब राशि 1 हजार तक बढ गई है। सरकार ने धूमपान विरोधी कानून में बदलाव कर सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पाद संशोधन 2015 के जरिये सार्वजनिक स्थलों पर धूमपान पर 1 हजार रूपये जुर्माना का निर्णय लिया है। सार्वजनिक स्थलों पर कश लगाकर धुंआ उड़ाते मनचले देखे जाते हैं। साथ ही धूम्रपान विरोधी कानून का उल्लंघन करने में सरकारी अमला और जनप्रतिनिधियों सहित



बुद्धिजीवी भी पीछे नही है। सरकार ने धूमपान की हानि से जनता को बचाने कानून बना दिया है लेकिन मैदानी अमले ने कानून के पालन में दिलचस्पी न लेते हुए कार्यवाई से दूरी बनाये रखी है। इसका फायदा कश लगाने वालों को मिल रहा है। अस्पताल, सरकारी कार्यालय, यात्री वाहनों, यात्री प्रतीक्षालय , बस स्टैंड, खेल मैदानों, बैंक, शिक्षण संस्थाओं, धार्मिक स्थलों सहित अनेक ऐसे स्थल हैं जहां धूम्रपान पूरी तरह वर्जित है । परंतु उपरोक्त सभी स्थानों पर खुल्लमखुल्ला धुम्रपान का सेवन किया जा रहा है।

## राज्य स्तरीय पिट्ठू स्पर्द्धा में दो छात्राओं का चयन



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** मंडला में पिट्ठू की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नैनपुर महाविद्यालय की दो छात्राये संध्या कुम्भरे और अंजनी उईके का चयन राज्यस्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह स्पर्द्धा इंदौर में आयोजित होगी। अब ये छात्राये जबलपुर संभाग के प्रतिनिधित्व करेंगी।संस्था प्रमुख डॉ जी सी मेश्राम क्री?ा प्रभारी डॉ आर एस धुर्वे, क्री?ा अधिकारी डॉ रवि यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मण्डला**

Tele-07642-250705 E-mail-cmomandla@mpurban.gov.inWeb site-nagarpalikamandla.com

क्रमांक/रा.शा./2025/3651 मण्डला, दिनांक 30/01/2025

**आम सूचना**

नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित बारात घर/मैदान/अन्य स्थानों में संचालित करने वालो संचालक सूचित किया जाता है कि 15 दिवस के अंदर बारात घर/मैदान/अन्य स्थानों का पंजीयन हेतु प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में बारात घर/मैदान को सील करने की कार्यवाही की जावेगी।

आदेशानुसार
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला

संपादकीय

# असर तो दिखेगा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18 जनवरी को संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होने पटना गये थे, और फिर 5 फरवरी को दलित नेता जगलाल चौधरी की जयंती में शामिल होने। राहुल गांधी की ऐसी राजनीतिक तत्परता पहले नहीं देखने को मिली है। पहले भी वो राजनीतिक दौरे करते रहे हैं। कभी भट्टा परसौल, तो कभी किसान यात्रा, और कई बार तो दलितों के घर भी जाते रहे हैं, जिसे लेकर सुर्खियां भी बनी रही हैं। लेकिन, एक छोटे से अंतराल पर बिहार राहुल गांधी का बार-बार बिहार जाना, और वो भी तब जबकि इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं।

राहुल गांधी के बार-बार बिहार जाने में राजनीतिक दिलचस्पी इसलिए भी होती है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का जो स्टैंड देखा गया है, बिहार चुनाव तक इंडिया ब्लॉक का मामला बहुत टिकाऊ नहीं लगता। जगलाल चौधरी जयंती समारोह में राहुल गांधी का शामिल होना भी यूं ही नहीं है। जगलाल चौधरी बिहार कांग्रेस कमेटी के सदस्य और बिहार सरकार में मंत्री भी रहे हैं और आबकारी मंत्री रहते बिहार में सबसे पहले शराबबंदी लागू करने का श्रेय भी उन्हीं को ही जाता है। 6 अप्रैल 1938 को जगलाल चौधरी ने सारण, मुजफ्फरपुर, हजारीबाग, धनबाद और रांची में शराबबंदी लागू की थी। उनका कार्यकाल छोटा लेकिन यादगार माना जाता है। जगलाल चौधरी कांग्रेस के दलित नेता रहे हैं, और उनके नाम पर कांग्रेस का बिहार में कार्यक्रम कराना, और उसमें भी दिल्ली से पटना पहुंचकर राहुल गांधी का शामिल होना, यूं ही तो हो भी नहीं सकता। साफ है कांग्रेस की नजर दलित वोटर पर है, और ये सब दलित वोट बैंक को साधने के तरीके हैं। ओबीसी वोट के लिए जातिगत जनगणना की मुहिम तो राहुल गांधी सड़क से संसद तक चला ही रहे हैं। उनकी मुहिम का असर भी देखने को मिल रहा है, अगर ऐसा नहीं होता तो राहुल गांधी के बयान का समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव संसद में ही जवाब क्यों देते।

जिस तरह से दिल्ली चुनाव में कांग्रेस का खास जोर दलित और मुस्लिम वोटर पर देखा गया, उससे मानकर चलना चाहिये कि बिहार चुनाव आते आते, कांग्रेस दलित, मुस्लिम और ओबीसी वोटर से जुड़ने की हर संभव कोशिश करेगी। जरूरी तो नहीं, लेकिन जिस तरह से संसद में अखिलेश यादव ने जातिगत गणना और चीन के मुद्दे पर राहुल गांधी और कांग्रेस को घेरा है, संभव है ऐसा ही रुख लालू यादव और तेजस्वी यादव का भी देखने को मिले। अव्वल तो महागठबंधन में सीटों के बंटवारे में ज्यादा से ज्यादा हिस्सेदारी का मामला है, लेकिन कांग्रेस हाल-फिलहाल जिस रणनीति पर चल रही है, वो मौजूदा राजनीतिक समीकरणों से दो कदम आगे की बात लगती है। अब कांग्रेस क्षेत्रीय दलों का पिछलग्गू बनने के बजाय अपने दम पर खड़े होने की कोशिश कर रही है। अब तो ऐसी संभावना भी महसूस की जाने लगी है कि बिहार में भी दिल्ली की ही तरह कांग्रेस अकेले लड़ेगी और तेजस्वी यादव की आरजेडी को ममता बनर्जी और अखिलेश यादव दिल्ली में आम आदमी पार्टी की तरह समर्थन दे सकते हैं। आखिर इंडिया ब्लॉक में ममता बनर्जी को लालू यादव का सपोर्ट, और राहुल गांधी का बिहार की जातिगत गणना को फर्जी करार देना कुछ न कुछ असर तो दिखाएगा ही।

# अगर भाजपा चुनाव जीत गई तो कौन बनेगा दिल्ली का दूल्हा?

**अगर दिल्ली में बीजेपी चुनाव जीतती है तो सीएम का चुनाव करना आसान नहीं होगा। दरअसल बीजेपी में कोई भी संवैधानिक पद पर किसी को देने के पीछे क्या रणनीति काम करती है इसका फॉर्मूला कोई भी डिकोड नहीं कर पाया है। पर इस बार दिल्ली में ये 3 फॉर्मूले काम कर सकते हैं।**



आज दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजे का दिन है। चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल के नतीजे बता रहे हैं कि यहां बीजेपी सरकार बनाने लायक बहुमत जुटा लेगी। करीब दो दशक के बाद बीजेपी दिल्ली की सत्ता में वापस आती है तो उसके लिए सबसे बड़ा संकट मुख्यमंत्री चुनने का हो सकता है। बीजेपी के तमाम नेता दिल्ली में मुख्यमंत्री बनने का सपना संजोए बैठे हुए हैं। कई नेताओं के बॉडी लैंग्वेज ऐसे हो गए हैं जिसे देखकर ऐसा लगता है कि वो खुद को सीएम बनने की उम्मीद पाल बैठे हैं। पर सभी जानते हैं कि बीजेपी में पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को छोड़कर कोई नहीं जानता है कि सीएम की कुर्सी किसे मिलने वाली है।

मुख्य रूप से तीन नाम ऐसे हैं जो तार्किक रूप से खुद को सीएम बनते हुए जरूर सपने देख रहे होंगे। इनमें प्रमुख रूप से दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद मनोज तिवारी और नई दिल्ली सीट से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बीजेपी के कैंडिडेट प्रवेश वर्मा का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। पर बीजेपी का कोई भी नेता इस संबंध में खुलकर बात करने को तैयार नहीं है। दरअसल बीजेपी में संवैधानिक पद किसी को भी देने के पीछे क्या रणनीति काम करती है इसका फॉर्मूला कोई भी डिकोड नहीं कर पाया है। इसलिए सिर्फ अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। कई बार वो अटकलें सही भी हो जाती हैं । जैसे महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नाम पर चल रही अटकलें सही साबित हुईं। इसलिए आइये एक बार हम भी कुछ तर्कों के आधार पर अटकलों का मूल्यांकन करते हैं।

मध्यप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री चुनाव प्रक्रिया में देखें तो कुछ तथ्य जो सामने आते हैं वो इस प्रकार हैं। पहला मुख्यमंत्री कोई भी बने पर 2 डिप्टी सीएम बनने तो तय हैं। चूंकि राजस्थान में सबसे हाईलाइटेड नाम वसुंधरा राजे और मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया इसलिए कोई जरूरी नहीं है कि दिल्ली में मनोज तिवारी, वीरेंद्र सचदेवा या प्रवेश वर्मा का नाम मुख्यमंत्री के लिए फाइनल होगा। हो सकता है कि इन लोगों में से 2 लोगों को डिप्टी सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए। इतना ही नहीं इन तीनों लोगों में से किसी को अगर मंत्री भी किसी जूनियर के आगे बनना पड़े तो उन्हें मंजूर होगा।

मध्य प्रदेश में कैलाश विजयवर्गीय जैसा नेता आज मोहन यादव के अंडर में मंत्री बनकर शांति से सरकार का हिस्सा बने हुए हैं। राजस्थान में महारानी दिया कुमारी का नाम मुख्यमंत्री के लिए चल रहा था पर वो भजनलाल शर्मा के साथ डिप्टी सीएम बनकर आज खुश हैं। इसलिए ये मानकर चलिए कि इन लोगों में से जरूर किसी न किसी को डिप्टी सीएम बनना ही है।

भारतीय जनता पार्टी के पास एक तुरुप का पत्ता है किसी भी महिला को सीएम बनाना। महिला सीएम बनाने के लिए पार्टी के पास कई तेजतर्रार योग्य कैंडिडेट मौजूद हैं। जो भविष्य में बीजेपी के लिए असेट बन सकती हैं। इसमें बांसुरी स्वराज, मीनाक्षी लेखी और स्मृति ईरानी का नाम लिया जा रहा है। ये तीनों ही महिलाएं काम करने वाली, योग्य और जनता के बीच लोकप्रिय हैं। इनमें से किसी के भी मुख्यमंत्री बनने से बीजेपी को एक सबसे बड़ा फायदा यह होने वाला है कि दिल्ली में पंजाबी, पूर्वांचली और जाट-गुर्जर की राजनीति और गुटबंदी होने की आशंका खत्म हो जाएगी। दूसरे इनमें से किसी भी समुदाय के नाराज होने का खतरा भी खत्म हो जाएगा।तीसरे दिल्ली में महिलाएं आम आदमी पार्टी की बहुत बड़ी सपोर्टर रही हैं उसका काट भी महिला सीएम के जरिए संभव हो सकेगा।

बीजेपी के सामने सबसे बड़ा संकट जाट-गुर्जर-पंजाबी और पूर्वांचली वोटर्स को साधने का है। क्योंकि इनमें से किसी भी समुदाय के सीएम बनने से दूसरे समुदाय को यह लगेगा कि उनकी उपेक्षा हुई है। ठीक यही स्थिति राजस्थान में थी। वहां भी गुर्जर-जाट और राजपूत समुदायों में से किसी को भी सीएम बनाने से किसी एक के नाराज होने का खतरा था, इसलिए बीजेपी ने एक ब्राह्मण भजनलाल शर्मा को सीएम बना दिया था। ऐसी ही कुछ महाराष्ट्र में हुआ। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ब्राह्मण होने के साथ महाराष्ट्र के कद्दावर नेता भी हैं जिन्होंने विधानसभा चुनावों में लीड किया था। लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनाने के पीछे भी यही भावना काम कर रही थी कि किसी मराठे या ओबीसी को चुनने से एक वर्ग के नाराज होने का खतरा बरकरार रहता। इसलिए दिल्ली में इतना तय है कि इन चार समुदायों से शायद ही कोई सीएम बने । यद्यपि इन समुदायों से डिप्टी सीएम जरूर बनाए जाएंगे।

**- संयम श्रीवास्तव**

# रिश्तों में बढ़ती दरार

तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है। इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रूरता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है? गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं? यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है। रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है। लेकिन जब समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो वे हिंसा का रूप ले लेती हैं। हमें समझने की जरूरत है कि घरेलू हिंसा केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है।माधवी की हत्या का मामला यह भी दर्शाता है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक तनाव को लेकर जागरूकता की कमी है। हमें समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हिंसक बना सकती हैं। इस दिशा में सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें परिवार, समाज और सरकार की भूमिका अहम है। गुरु मूर्ति द्वारा किए गए इस अपराध को केवल एक अपराधी की मानसिक विकृति मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। यह घटना समाज में व्याप्त गहरी समस्याओं की ओर इशारा करती है। इसे एक उदाहरण बना कर सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की भी महती आवश्यकता है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। रिश्तों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता को रोकने के लिए हमें अपने मूल्यों और व्यवहारों पर पुनर्विचार करना होगा। यह समाज के लिए चेतावनी है कि अगर हम अब भी नहीं जागे तो ऐसी घटनाएं आम हो जाएंगी। गुरुमूर्ति और माधवी का मामला केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि समाज के लिए आत्मचिंतन का विषय भी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर जोरदार प्रयास किए जाएं।

**- सोनम लववंशी**

# सोशल मीडियाः विश्वसनीयता पर सवाल से यूजर्स की बढ़ेगी जिम्मेदारी



**डॉ. प्रभा दीक्षित**
**मीडिया शिक्षिका**

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया ने दुनियाभर के लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि हर व्यक्ति को मीडिया और उसके प्रभाव का एहसास भी सोशल मीडिया से हुआ। यह संवाद और विचार-विमर्श का सशक्त माध्यम बना, जो हमारी सोच और समाज के ढांचे को बदलने में योगदान भी दे रहा है। लेकिन हाल के समय में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। यह मुद्दा एक बार फिर से चर्चा में है। 2024 के अमेरिकी चुनावों में एक्स (पूर्व में ट्विटर) और इसके मालिक एलन मस्क द्वारा ट्रंप के लिए खुले समर्थन ने एक्स की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मस्क ने चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभाई और इस मंच पर अपने राजनीतिक रुख को भी स्पष्ट किया।

एक खबर में बताया गया कि मस्क के स्वामित्व वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल ने यह स्वीकार किया है कि मस्क ने ट्रंप को फायदा पहुंचाने के लिए फेक न्यूज फैलाई। इस घटनाक्रम के बाद कई यूजर्स ने एक्स से दूरी बनाना शुरू कर दिया और कुछ ने इस मंच छोड़ने का अभियान भी शुरू किया है। पिछले दिनों ब्रिटेन का अख़बार द गार्डियन ने तो इस पर ख़बरें पोस्ट न करने की भी घोषणा कर दी है। जब एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने की घोषणा की थी, तभी से इसे लेकर कई सवाल उठे थे। मस्क ने एक्स पर फ्री स्पीच को बढ़ावा देने की नई नीतियां लागू कीं और कुछ प्रतिबंध अकाउंट्स को दोबारा से सक्रिय किया। इनमें डोनाल्ड ट्रंप का भी अकाउंट शामिल था।

पिछले वर्ष, मंच पर हेट-स्पीच और विवादास्पद पोस्ट्स की संख्या में भारी वृद्धि हुई, जिससे इसकी साख और विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे हैं। यह केवल कंटेंट का मसला नहीं है, यूजर्स की संख्या बढ़ाने और घटाने के भी आरोप लगे हैं। हाल ही में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी कहा है कि पिछले चार सालों से उनके फॉलोअर्स की संख्या नहीं बढ़ रही है।



विश्वसनीयता का सवाल सिर्फ एक्स तक ही सीमित नहीं है। हाल में चल रहे महाराष्ट्र चुनाव में भी मेटा के प्लैटफॉर्म्स (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप) पर कुछ संगठनों ने चुनावी हस्तक्षेप के आरोप लगाए हैं। दलित सॉलिडेरिटी फोरम, ईकेओ, हिंदू फॉर ह्यूमन राइट्स, इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल और इंडिया सिविल वॉच इंटरनेशनल की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के प्रचार में मेटा के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है।

इससे कुछ विशेष लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, एक मीडिया रिपोर्ट में मेटा ने कहा है कि हम नियमों का उल्लंघन करने वाले विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। सोशल मीडिया की विश्वसनीयता पर उठ रहे सवाल बेवजह ही नहीं हैं। कनाडा की सोशल एक्टिविस्ट कारेन रोडमैन की इसी साल अक्टूबर में प्रकाशित हुई किताब द रोल ऑफ़ सोशल मीडिया इन 2024 इलेक्शन में इसके बारे में विस्तार से लिखा गया है। सोशल मीडिया की इस विश्वसनीयता के संकट में कई यूजर्स नए विकल्प तलाश रहे हैं। थ्रेड्स, ब्लूस्काई और मास्टोडॉन जैसे प्लेटफॉर्म्स के बारे में दावा किया जा रहा है कि वे अधिक लोकतांत्रिक और पारदर्शी हैं और यूजर्स की भागीदारी को प्राथमिकता देते हैं। इन मंचों का उद्देश्य खुला और निष्पक्ष संवाद को प्रोत्साहित करना है, ताकि यूजर्स अपनी राय बिना किसी भय या पूर्वाग्रह के साझा कर सकें। सोशल मीडिया का उद्देश्य भी समाज में खुला संवाद और विचार-विमर्श को बढ़ावा देना है, लेकिन वर्तमान में इस पर राजनीतिक और व्यावसायिक हितों का गहरा प्रभाव दिखता है। ऐसे में यह जरूरी है कि प्लेटफॉर्म्स अपनी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करें। साथ ही, यूजर्स को भी जिम्मेदारी बढ़ेगी, विवेकपूर्ण तरीके से इनका इस्तेमाल करना होगा। जब सभी पक्ष एक अच्छा संवाद सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाएंगे, तभी सोशल मीडिया सही मायने में लोकतांत्रिक माध्यम बन पाएगा।

# अनुवांशिक बीमारी है सिकल सेल



राजस्थान में इन दिनों एक बीमारी का नाम सुर्खियों में आ रहा है। इसका नाम है सिकल सेल डिजीज। राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य विभाग की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि राज्य के 9 जिलों में सिकल सेवा बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है। ये जिले हैं- बारां, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, पाली, सिरोही, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और उदयपुर। इन जिलों में लगभग 3 हजार (2980) लोगों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। लगभग 8 हज़ार (7,766) लोगों में इसके शुरुआती लक्षण पाए गए हैं। लेकिन यह बीमारी सिर्फ़ राजस्थान में ही नहीं हो रही है। भारत के इन राज्यों में भी सिकल सेल की बीमारी दर्ज की गई है- गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, केरल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड।

भारत में सबसे पहले इस बीमारी का पता 1950 के दशक में चला। जब शोध हुए तो पता चला कि ये बीमारी सबसे ज़्यादा आदिवासी समाज में होती है। इसकी मुख्य वजह यह है कि इन समुदायों में एंडोगैमी यानी आपस में ही विवाह करन का चलन रहा है। भारत में आदिवासियों की संख्या कुल आबादी का 8.6 फीसदी है। राजस्थान की 13.5 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति या आदिवासी है। एक अनुमान है कि आदिवासियों की लगभग 10 प्रतिशत आबादी में सिकल सेल बीमारी पाई जाती है। महिलाओं और बच्चों को ज्यादा खतरा होता है। ये बीमारी दो तरह की होती है। एक में लक्षण दिखाई देने लगते हैं। दूसरी में नहीं दिखाई देते, लेकिन बीमारी जीन में मौजूद होती है। ऐसे लोग बिल्कुल सामान्य लगते हैं। लेकिन बीमारी ऐसे ही लोगों से फैलने का ज़्यादा खतरा होता है। सिकल सेल डिजीज एक जेनेटिक यानी आनुवंशिक बीमारी है, यानी माता-पिता से होती है। इसमें सबसे सामान्य सिकल सेल एनीमिया है। ये बीमारी दो तरह की होती है। एक में लक्षण दिखाई देने लगते हैं। दूसरी में नहीं दिखाई देते, लेकिन बीमारी जीन में मौजूद होती है। ऐसे लोग बिल्कुल सामान्य लगते हैं। लेकिन बीमारी ऐसे ही लोगों से फैलने का ज़्यादा खतरा होता है। इन्हें करियर कहा जाता है। ऐसे महिला-पुरुष यदि शादी कर लेते हैं तो उनके बच्चे को सिकल सेल बीमारी होने का ख़तरा होता है। सिकल सेल डिजीज में शरीर के रक्त में मौजूद लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर हीमोग्लोबिन का आकार बदल जाता है। जेनेटिक कारणों से वह सिकल यानी हंसिया या आधे चांद जैसा हो जाता है। इससे रक्त के प्रवाह में रुकावट आने लगता है और जिससे शरीर में अलग हिस्सों में खून जमने लगता है और कई तरह की परेशानी होने लगती है। समय पर इलाज ना हो तो इससे प्रभावित लोग सामान्य जीवन नहीं बिता पाते और गंभीर मामलों में इससे मौत हो जाती है। सिकल सेल बीमारी का मरीज़ 40 साल से ज़्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाता।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में सिकल सेल डिजीज से एक लाख से भी ज्यादा बच्चों की 5 साल से पहले ही मौत हो जाती है। ऐसे बच्चों में से लगभग 20 प्रतिशत 2 साल की उम्र से पहले, और 30 प्रतिशत 18 साल की उम्र से पहले दम तोड़ देते हैं। सिकल सेल के मामले पूरी दुनिया में पाए जाते हैं लेकिन इनमें लगभग आधी संख्या भारत से है। भारत सरकार ने वर्ष 2023 में सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया। इसका लक्ष्य वर्ष 2047 तक इस बीमारी को पूरी तरह से समाप्त कर देना है। इस बीमारी को खत्म करने के लिए सबसे जरूरी टेस्टिंग या स्क्रीनिंग होती है जो एक आसान ब्लड टेस्ट होता है। अगर खास तौर पर ऐसे लोगों की पहचान हो जाए जिनके अंदर यह जीन है लेकिन उनमें बीमारी का कोई लक्षण नहीं दिखता तो इसे काफी हद तक उनकी अगली पीढ़ी तक फैलने से रोका जा सकता है। इसी लक्ष्य के तहत सिकल सेल बीमारी से सबसे ज़्यादा प्रभावित आदिवासी इलाकों में बच्चों से लेकर 40 साल तक के लोगों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। स्क्रीनिंग के बाद ऐसे लोगों को एक खास कार्ड दिया जाता है जिसे जेनरेटिक काउंसलिंग आईडी कार्ड कहते हैं। ये कार्ड अलग-अलग रंग के होते हैं जो जीन में इस बीमारी के स्तर को दर्शाते हैं। सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित इलाकों में लोगों की शादियों में अब कुंडली तरह इस कार्ड का भी मिलान किया जाता है। अगर महिला-पुरुष दोनों में सिकल सेल एनीमिया का स्तर बराबर होता है तो उन्हें आपस में शादी नहीं करने की सलाह दी जाती है।

**अपूर्व कृष्ण, वरिष्ठ पत्रकार**

# कितना मुश्किल है डंकी रूट

अमेरिका से 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ियों में डिपोर्ट किया गया है। भारतीय प्रवासियों को लेकर स्पेशल विमान बुधवार को अमृतसर पहुंचा था। डिपोर्ट किए गए लोगों ने अपनी आपबीती सुनाई है, जो काफी पीड़ादायक है। इसी तरह हरियाणा के करनाल के रहने वाले अंकित ने अपने पुराने दिन याद किए। अंकित डंकी रूट से अमेरिका गए थे, हालांकि वह साल 2020 में ही वापस लौट आए थे। आजतक से खास बातचीत में अंकित ने बताया कि वह करनाल के कैमला गांव के रहने वाले हैं। वह साल 2019 में 32 लाख रुपए लगाकर डंकी रूट से अमेरिका गए थे, लेकिन उनका बॉन्ड नहीं भरा, इसलिए उन्हें वापस लौटना पड़ा। इतना ही नहीं, इस प्रक्रिया में उनका 32 लाख रुपए का भी नुकसान हो गया।

अमेरिका से डिपोर्ट किए गए अंकित ने कहा कि साल 2019 में वह सबसे पहले दिल्ली गए, दिल्ली से फ्लाइट पकड़कर इथोपिया गए, इसके बाद ब्राजील की फ्लाइट पकड़ी। कुछ दिन तक ब्राजील में एक होटल में रुके रहे। इसके बाद उन्होंने ब्राजील से सड़क के रास्ते से पेरु में एंट्री की। पेरु से 28 घंटे का सफर बस में तय किया और उसके बाद पिकअप के माध्यम से एक्वाडोर पहुंचे। इस दौरान एक नदी भी पार करनी पड़ी थी। एक्वाडोर से कोलंबिया तक रोड रूट से पहुंचे। इसमें करीब 10 दिन लगे। कोलंबिया से समुद्र के जरिए आगे का सफर तय किया। ये सफर 4.30 घंटे का था। अंकित ने बताया कि ये काफी खतरनाक था, वहां हर पल मौत नजर आती थी। अंकित ने कहा कि ये रिस्की रूट तय करके वह पनामा के जंगल तक पहुंचे। जिसे पैदल पार करने में 5 दिन लग गए। वहां माफिया भी मिलते हैं, जो डॉलर या बाकी कीमती सामान छीन लेते हैं। उसके बाद पनामा के कैंप में पहुंचे। 3 अलग-अलग कैंप में कई दिन बिताए, उसके बाद सड़क के माध्यम से क्रोस्टीका पहुंचे और उसके बाद सड़क के माध्यम से निकारोगोआ का बॉर्डर पार किया।

डंकी रूट से अमेरिका पहुंचने वाले अंकित ने बताया कि निकारोगोआ के बाद होंडुरास का बॉर्डर पार किया। फिर ग्वाटेमाला पहुंच गए और सड़क के माध्यम से मैक्सिको पहुंच गए। मैक्सिको पहुंचने के बाद कई दिन तक कैंप में रहे। मैक्सिको पहुंचने के बाद यूएसए के बॉर्डर तक बस ली और फिर दीवार क्रॉस करके ℞ में दाखिल हुए। यूएसए के अलग-अलग कैंप और जेल में कई दिन बिताए।

अंकित ने बताया कि अमेरिका पहुंचने की प्रक्रिया के दौरान घर वालों से बात नहीं होती थी, समय पर खाना नहीं मिलता था। जेल में टॉर्चर किया जाता था। ऐसे कई कैम्प और जेल में वक्त बिताया। बाद में जब बॉन्ड भी नहीं भरा तो उसे अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया। अंकित ने युवाओं से अपील की है कि डंकी रूट के जरिए न जाएं, सही रास्ता अपनाएं और पैसे हैं तो यहीं रहकर काम करें। हार ना मानें। बता दें कि अंकित साल 2020 में वापस भारत आ गए थे और अब अपना कैफे चलाते हैं। अंकित अब कभी दोबारा विदेश नहीं जाना चाहते।

**आप-बीती**



**अंकित ने बताया कि अमेरिका पहुंचने की प्रक्रिया के दौरान घर वालों से बात नहीं होती थी, समय पर खाना नहीं मिलता था। जेल में टॉर्चर किया जाता था। ऐसे कई कैम्प और जेल में वक्त बिताया। बाद में जब बॉन्ड भी नहीं भरा तो उसे अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया।**

**- कमलदीप**

# तीन खतरनाक 'डंकी रूट' से अमेरिका पहुंचते हैं भारतीय

नई दिल्ली

'डंकी रूट' शब्द एक बार फिर भारत में चर्चा में है। कारण, 104 भारतीय डिपोर्ट होकर बुधवार को भारत पहुंचे, जो अमेरिका में 'डंकी रूट' के जरिए घुसने की कोशिश कर रहे थे। निर्वासित लोगों में हरियाणा और गुजरात से 33-33, पंजाब से 30, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश से तीन-तीन और चंडीगढ़ से दो लोग हैं। दरअसल, 'डंकी रूट' के बारे में आपने कई बार सुना होगा। ये बिलकुल सुरक्षित नहीं होता। इसमें कई देशों की सीमाएं पार करनी होती है। वीजा न होने के चलते इस रास्ते को अपने के दौरान लोगों का खूब शोषण भी होता है। कई बार तो लोग बीच रास्ते में ही मारे जाते हैं।

अमेरिका पहुंचने के लिए कई 'डंकी रूट' हैं। और इनके जरिए भी पहुंचना आसान नहीं है। इन 'डंकी रूट' के जरिए जाने के लिए भी 70 से 80 लाख रुपये तक भारतीयों ने खर्च कर डाले। अमेरिका पहुंचने के लिए पहला 'डंकी रूट' वाया कनाडा है, जिसमें लोग भारत से कनाडा और फिर अमेरिका पहुंचते हैं। एजेंट 80 लाख लेकर फर्जी यूनिवर्सिटी एडमिशन के नाम पर वीजा लेते हैं। वर्क परमिट लेते हैं। अमेरिकी सीमा के पास लोगों को रुकवाते हैं और फिर अवैध तरीके से अमेरिका में एंट्री कराते हैं। इसके अलावा एक 'डंकी रूट' भारत से ई-वीजा लेकर वाया तुर्किए है। यहां पहले तुर्किए में 90 दिनों तक लोग रुकते हैं। फिर मेक्सिको जाते हैं और पैदल चलकर अमेरिका पहुंचते हैं। इसमें 80 से 90 लाख रुपये का खर्च आता है। वहीं तीसरा 'डंकी रूट' भारत से अफ्रीका फिर लैटिन अमेरिका होते हुए मेक्सिको का है। इस दौरान जंगल पार करते हुए लोग अमेरिका पहुंचते हैं। इसमें भी भारत से जाने वाले लोगों को 70 से 75 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। इतनी मोटी रकम जुटाने के लिए किसी का परिवार मोटे ब्याज पर कर्च लेता है तो कोई जमीन बेचकर अमेरिका में अवैध एंट्री लेने के लिए पैसे का जुगाड़ करता है।



अमेरिका में बसने की चाहत एक बड़ा अवैध कारोबार का रूप ले चुकी है। सारी हकीकत जानते हुए भी हर साल हजारों भारतीय नौजवान ठगी का शिकार होते हैं। अमेरिका में बसने का सपना देश के हजारों परिवारों को तबाह कर रहा है। 'डंकी रूट' से जाने वाले लोगों की जुबानी सुनी जाए तो वह किसी डरावने सपने से कम नहीं है। ऐसे ही वीडियो निर्वासित हुए हरियाणा के करनाल के रहने वाले आकाश के परिवार ने भी शेयर किए हैं, जिसमें 'डंकी रूट' से अमेरिका में एंट्री करने से पहले आकाश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वीडियो में आकाश अमेरिका में एंट्री करने के लिए पनामा और मैक्सिको के खतरनाक इलाकों को पार कर रहा है। वीडियो में छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं भी हैं, जो जंगलों में सोने के लिए टेंट का सहारा ले रहे हैं। कई जगहों पर कीचड़ होने के कारण प्रवासियों को पैर पूरी तरह सन गए हैं। आकाश ने पनामा के जंगलों से गुजरते हुए यह वीडियो बनाकर परिवार को भेजे थे। इन वीडियो में दिख रहा है कि 'डंकी रूट' से जा रहे लोग पनामा के जंगलों में कीचड़ से गुजर रहे हैं। उनके बूट कीचड़ से सने हैं। भयावह जंगल में वह टेंट लगाकर रह रहे हैं। बारिश में पॉलिथीन से शरीर और सामान ढंक रहे हैं। रास्ते में जंगलों में जहां नाले वगैरह का पानी मिला, वहीं नहा रहे हैं। आकाश के साथ ग्रुप में कई छोटे बच्चे और लड़कियां भी नजर आती हैं। आकाश इसी साल 26 जनवरी को अमेरिका पहुंचा और उसके 10 दिन बाद उसे डिपोर्ट कर दिया गया। परिवार ने उसे 'डंकी रूट' से अमेरिका पहुंचाने के लिए 73 लाख रुपए खर्च किए। इसके लिए आकाश के हिस्से की जमीन बेच दी गई और करीब 15 लाख रुपये का लोन लिया गया।

आकाश ने पनामा के जंगलों से अमेरिका तक सफर किया। आकाश पहले दिल्ली से मुंबई गया, फिर उसे मुंबई से ब्राजील की फ्लाइट में बैठाया गया। वो बिना वीजा के ब्राजील से बोलिविया फिर गुयाना और फिर वहां से ग्वाटेमाला पहुंचा, जहां से पनामा जंगलों में जाने का सफर शुरू हुआ। रास्ते में लाशें दिखीं। 2 बार नहर में डूबते डूबते बचा। 7 दिन में पनामा जंगल पार किया और टैक्सी से पनामा-मेक्सिको बॉर्डर पर पहुंचा। वहां पैसे देकर मैक्सिको बॉर्डर पर अमेरिका की 35 फुट ऊंची दीवार पर सीढ़ियों से चढ़ाया गया इतनी मेहनत करने के बाद जब अमेरिका में दाखिल हुआ तो वो पकड़ा गया। ऐसी ही कहानी कुरुक्षेत्र के रॉबिन ने भी सुनाई। अमेरिका में बसने के लिए 70-80 लाख रुपये तक लोग खर्च कर रहे हैं। जबकि इतने रुपये खर्च करके भारत में ही कोई भी छोटा-मोटा धंधा शुरू किया जा सकता है। ऐसी सलाह साल 2019 में 32 लाख देकर अमेरिका गया करनाल का नौजवान दे रहा है। अंकित अमेरिका जाने के चक्कर में सिर से पांव तक कर्ज में डूब गया था। और डंकी रूट में उसे एजेंटों ने खूब लूटा, लेकिन अब वो भारत में ही काम करके आगे बढ़ने में लगे हैं। विदेश में काम करने का चलन हाल के सालों में बढ़ा है। विदेश में बसने वालों की पहली पसंद अमेरिका होता है। लोगों को लगता है कि अमेरिका जाकर जल्दी बहुत सारा पैसा कमाया जा सकता है, इसलिए वीजा और पूरे कागजात न होने पर भी लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने को तैयार होकर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अब सवाल ये भी है कि आखिर ये 'डंकी रूट' शब्द का उत्पत्ति कहां से हुई है? दरअसल, डंकी शब्द पंजाब के डुंकी शब्द से आया है, जिसका मतलब होता है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। 'डंकी रूट' एक लंबा और बेहद मुश्किल सफर होता है। 'डंकी रूट' से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचने में कई बार महीनों लग जाते हैं। इसमें लोग अवैध तरीके से ट्रक, विमान या नाव, पैदल चलकर या जंगलों के रास्ते एक देश से दूसरे देश जाते हैं। इस दौरान उन्हें खराब मौसम, भूख, बीमारी, दुर्व्यवहार और कभी-कभी मौत का भी सामना करना पड़ता है। इस यात्रा के दौरान लोगों को छुपकर रहना पड़ता है, क्योंकि अगर किसी की नजरों में आए तो पकड़े जाने का खतरा रहता है। 'डंकी रूट' अपनाने के लिए लोगों को मानव तस्करों को लाखों रुपये देने पड़ते हैं। मानव तस्कर भी यह काम छुपकर और अवैध तरीके से करते हैं। इसमें भागने वाले लोग एक या दो देशों से नहीं, बल्कि कई देशों से होते हुए अपनी मंजिल तक पहुंचते हैं। इस यात्रा के लिए केवल एक देश का वीजा लिया जाता है, और फिर दूसरे देशों में जाने के लिए 'डंकी रूट' शुरू हो जाता है।

## अब नहीं लड़ना चाहते, बंद कर दें केस...

मुंबई

बदलापुर कांड के बाद आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर मामले में नया मोड़ आया है। अक्षय शिंदे के माता-पिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट में बताया कि वह अब कथित फेक एनकाउंटर के केस को लड़ना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि अब वह इसे बंद करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन पर किसी का कोई दबाव नहीं है। यह फैसला उन्होंने खुद लिया है। बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी 24 साल के अक्षय शिंदे के एनकाउंटर में मौत हो गई थी। अक्षय पर स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस घटना के विरोध में ठाणे के बदलापुर में काफी हंगामा हुआ था। अक्षय की मौत के बाद उसके पिता अन्ना शिंदे ने इसके खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका आरोप था कि पुलिस ने उनके बेटे को फर्जी मुठभेड़ में मार डाला। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। गुरुवार को सुनवाई के आखिर में अक्षय के माता-पिता ने जजों से कहा कि वे अब यह केस नहीं लड़ना चाहते। वे चाहते हैं कि इसे बंद कर दिया जाए। पिछले महीने अदालत में पेश की गई मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट में पांच पुलिसकर्मियों को शिंदे की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। मजिस्ट्रेट अशोक शेंगडे ने अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश की थी। उन्होंने रिपोर्ट में लिखा कि पुलिसकर्मियों ने सबूतों और अन्य परिस्थितियों के कारण, निजी या आत्मरक्षा के अधिकार जैसे जो तर्क दिए हैं, वह संदेह के घेरे में आता है।

## जापान के साथ शांति वार्ता का कोई अवसर नहीं दिखता: रुडेंको

**मॉस्को (वार्ता)।** रूस के उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने कहा कि टोक्यो के टकराव वाले रुख के कारण रूस को वर्तमान में जापान के साथ शांति संधि वार्ता फिर से शुरू करने का कोई अवसर नहीं दिख रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को तास समाचार एजेंसी के हवाले से प्राप्त हुई। रुडेंको ने रूसी दैनिक इज्वेस्टिया को एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका और अन्य नाटो सदस्य देशों के साथ उकसाने वाली संयुक्त सैन्य गतिविधियां हमारे दूर पूर्वी तटों के पास स्पष्ट रूप से बढ़ रही हैं। इसी समय, जापान यूक्रेन को प्रत्यक्ष सामग्री एवं तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। ऐसी परिस्थितियों में, हम टोक्यो के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का अवसर नहीं देखते, जो दीर्घकालिक अच्छे पड़ोसी संबंधों का आधार बनने के लिए आधार है। रुडेंको ने कहा कि फरवरी 2022 में जापानी सरकार ने द्विपक्षीय संबंधों को खत्म करने की नीति अपनाई है, जो दशकों से आपसी प्रयासों के माध्यम से बनाए गए थे।

## सऊदी अरब में बना लो नया फिलिस्तीन

तेल अवीव

### इजरायली पीएम ने सऊदी प्रिंस को दी खुली चुनौती



सऊदी अरब ने पिछले हफ्ते कहा था कि जब तक फिलिस्तीन राज्य का निर्माण नहीं हो जाता है, तब तक वो इजरायल का मान्यता नहीं देगा। डोनाल्ड ट्रंप की वाइट हाउस वापसी के बाद उम्मीद थी कि इजरायल को मान्यता देने को लेकर रूख में नरमी आएगी। लेकिन अब ये विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को चैनल-14 पर दिए गये एक इंटरव्यू में कहा है, कि सऊदी अरब चाहे तो अपने देश में एक नये फिलिस्तीन राज्य का निर्माण कर सकता है। सऊदी अरब के पास फिलिस्तीनियों को एक राज्य देने ने के लिए पर्याप्त जमीन है। इजरायली प्रधानमंत्री का ये बयान दोनों देशों के रिश्ते को तल्ख बना सकता है। हालांकि अक्टूबर 2023 में गाजा पर इजरायल के हमले के बाद सऊदी अरब की प्रतिक्रिया काफी शांत रही। जब इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से फिलिस्तीनी राज्य के बारे में पूछा गया तो नेतन्याहू ने कहा कि वह ऐसा कोई समझौता नहीं करेंगे, जो इजरायल राज्य को खतरे में डाल दे। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, कि खासकर फिलिस्तीनी राज्य नहीं। 7 अक्टूबर के बाद? क्या आप जानते हैं कि वह क्या है? एक फिलिस्तीनी राज्य था, इसे गाजा कहा जाता था। हमास के नेतृत्व में गाजा एक फिलिस्तीनी राज्य था, और देखिए हमें क्या मिला, होलोकॉस्ट के बाद सबसे बड़ा नरसंहार। इजरायली प्रधानमंत्री का ये इंटरव्यू उनकी वॉशिंगटन की यात्रा के दौरान आयोजित किया गया था, जिसकी शुरूआत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस से हुई थी। जिसमें डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर अमेरिका के कब्जे की बात कही थी और इस दौरान नेतन्याहू लगातार मुस्कुरा रहे थे। इसके अलावा दोनों नेताओं ने सऊदी अरब के साथ रिश्तों के सामान्य होने की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान नेतन्याहू ने कहा कि, मुझे लगता है कि इजरायल और सऊदी अरब के बीच शांति न सिर्फ संभव है, बल्कि मुझे लगता है कि यह होने जा रही है। हालांकि, प्रेस कॉन्फ्रेंस के फौरन बाद सऊदी अरब विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के बिना इजरायल के साथ संबंधों पर चर्चा नहीं करेगा। इस हफ्ते की शुरुआत में इजरायल के अधिकारियों ने बिना अपना नाम बताए द जेरूसलम पोस्ट को बताया था, कि उन्हें डर है कि नेतन्याहू सऊदी अरब के साथ सामान्यीकरण समझौते को आगे बढ़ाने के पक्ष में गाजा में युद्ध को समाप्त करने और वेस्ट बैंक के विलय में देरी करने के लिए तैयार हो सकते हैं। इजरायली अधिकारियों को डर था कि प्रधानमंत्री विलय में देरी का इस्तेमाल, रियाद को फिलिस्तीनी राज्य के लिए रास्ते खोलने की मांग करने से रोकने के प्रयास में एक समझौते के रूप में करेंगे।

## दूल्हे की घुड़चढ़ी के लिए 145 पुलिसवालों की लगी ड्यूटी

**अहमदाबाद।** गुजरात के बनासकांठा जिले में दलित वकील मुकेश परेचा ने घोड़ी पर बैठकर अपनी शादी की बारात निकाली। इलाके में किसी दलित परिवार में घुड़चढ़ी का यह पहला मौका था। इस बारात की सुरक्षा के लिए 145 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बाद में वडगाम के विधायक जिग्नेश मेवाणी के साथ पुलिस अफसरों ने दूल्हे की गाड़ी ड्राइव की। इलाके के दबंगों ने दलितों की घुड़चढ़ी पर रोक लगा रखी थी। परेचा ने इस रस्म के लिए स्थानीय विधायक जिग्नेश मेवाणी और पुलिस से सुरक्षा मांगी थी। पुलिस ने उनकी बरात की सुरक्षा के लिए 145 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई। खुद जिग्नेश मेवाणी भी पुलिस अफसरों के साथ बारात में शामिल हुए। जब वह घोड़े से उतरे और अपनी कार में बैठे तो पुलिस इंस्पेक्टर के. एम. वसावा ने खुद स्टेयरिंग थाम लिया।

## 24 जिलों में हसीना समर्थकों पर हमले

ढाका

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के शासन में आतंक फैला हुआ है। देश भर में विपक्षी नेताओं के खिलाफ क्रूर अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को बांग्लादेश के कम से कम 24 जिलों में शेख हसीना की अवामी लीग के पार्टी कार्यकर्ताओं के घरों पर बर्बर हमला किया गया है। उनके घरों में आग लगा दी गई। इसके अलावा, बांग्लादेश की आजादी के लिए संघर्ष करने वाले बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की कई प्रतिमाओं को ध्वस्त कर दिया गया है। ऐसा लग रहा है, कि बांग्लादेश में आतंक का राज कायम हो गया है। इससे पहले बुधवार को शेख मुजीब के धनमंडी-32 स्थित आवास को आग लगाकर ध्वस्त कर दिया गया था।

गुरुवार को भीड़ ने नोआखली के कम्पानीगंज में अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क, परिवहन और पुल मंत्री ओबैदुल कादर के घर को भी आग के हवाले कर दिया। दोपहर करीब एक बजे बोरा राजापुर मोहल्ला स्थित कादर के घर पर हमला करने के बाद उनके भाई अब्दुल कादर मिर्जा के घर को भी तोड़ दिया गया और फिर आग के हवाले कर दिया गया। वहीं, बसुरहाट नगरपालिका के पूर्व मेयर शहादत मिर्जा के दो मंजिला भवन को भी हमलावरों ने तोड़ डाला। सबसे हैरानी की बात ये है, कि ऐसा लग रहा है, कि बांग्लादेश में विपक्षी नेताओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और देश की सरकार का शह मिला हुआ है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, राजशाही में प्रदर्शनकारियों ने बाघा उपजिला के चकसिंगा मोहल्ले में पूर्व विदेश राज्य मंत्री शहरियार आलम के तीन मंजिला मकान को खाक कर दिया। रात करीब 10 बजे देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल हामिद के घर पर भी हमला किया।

## राष्ट्रपति बने तो ब्रिक्स, डब्ल्यूएचओ छोड़ देंगे



**रियो डी जनेरियो (वार्ता)।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने कहा कि अगर वह सत्ता में वापस लौटते हैं तो ब्रिक्स और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को छोड़ देंगे। यह बयान कथित रूप से बोल्सोनारो के मुख्य विदेशी सहयोगियों, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली द्वारा कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों और निकायों को छोड़ने के फैसले के हफ्तों बाद आया है।

## राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल का निधन


पटना



राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी और पूर्व एमएलसी सदस्य कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक, कामेश्वर का निधन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में हुआ। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। बता दें कि कामेश्वर चौपाल ने ही राम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखी थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कामेश्वर चौपाल को प्रथम कार सेवक का दर्जा भी दिया था। कामेश्वर चौपाल वह शख्स हैं, जिन्होंने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के लिए नींव की पहली राम शिला (ईंट) रखी थी। उस समय में वह विश्व हिंदू परिषद के स्वयंसेवक थे। वह बिहार के सुपौल के रहने वाले थे। 1989 में जब राम मंदिर के लिए पहली राम शिला (ईंट) रखी जानी थी, उस वक्त कामेश्वर चौपाल को ही चुना गया था, क्योंकि वह राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभा रहे थे। साल 1991 में बीजेपी का सदस्य बनने के लिए उन्होंने विश्व हिंदू परिषद को छोड़ दिया था। पार्टी ने उन्हें संसदीय चुनाव लड़वाया, जिसमें वह हार गए थे। साल 2014 में दूसरी बार चुनाव हार गए। हालांकि, वह दो बार 2002 से 2014 तक राज्यसभा सदस्य रहे हैं। कामेश्वर चौपाल 1982 में विश्व हिंदू परिषद के सदस्य बने थे। उन्हें 1989 में गया में मुख्यालय के साथ अपना राज्य प्रभारी बनाया गया था। वहीं से वह राम मंदिर के लिए राम शिला (ईंट) अयोध्या तक लेकर गए थे। हर गांव ने राम मंदिर के निर्माण के लिए ईंट और 1 रुपये 25 पैसे दक्षिणा के रूप में दिए थे।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

## 'द डिप्लोमैट' टीजर में छा गए जॉन अब्राहम



जॉन अब्राहम की अपकमिंग फिल्म 'द डिप्लोमैट' का टीजर रिलीज हो चुका है। हालांकि, इस टीजर की शुरुआत होती है वहां से जहां बताया जा रहा है कि दुनिया के सबसे बड़े डिप्लोमैट कौन थे, एक श्रीकृष्ण थे और एक हनुमान जी थे। वहीं इसके बाद कहानी में एंट्री होती है जॉन अब्राहम की, जो डिप्लोमैट की भूमिका में हैं। इस टीजर में एक महिला बुर्के में हैं और खुद को इंडियन सिटिजन बता रही हैं और जॉन की बाज वाली निगाहें उनपर पड़ती हैं। अगले पल ही जॉन अब्राहम उनके सामने पूछताछ करते दिख रहे हैं। जॉन कहते हैं- कुछ छुपाना मत वर्ना मुश्किल हो जाएगी तुम्हारे लिए। वहीं जॉन के पीछे ढुस्ढु के लोग पड़े हैं, जिसके बाद वो कहते हैं, ये पाकिस्तान है बेटा, आदमी हो या घोड़ा, सीधा नहीं चलता है, हमेशा ढाई कदम। इस टीजर को देखकर लोगों में गजब का उत्साह है। लोगों ने कहना शुरू कर दिया है कि जॉन एक सबसे बड़े अंडररेटेड एक्टर्स में से एक हैं। एक ने कहा- ये शानदार दिख रहा है, शिवम नायर ऐसे थ्रिलर के मास्टर हैं। एक और ने कहा- जॉन बिल्कुल डिफरेंट मोड में दिख रहे हैं। जॉन अब्राहम ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था, तेहरान और डिप्लोमैट जैसी मेरी आने वाली फिल्में बेहतरीन फिल्में हैं। मैं उन्हें दिलचस्प तरीके से पैकेज करना चाहता हूं और दर्शकों को दिखाना चाहता हूं। फिल्म द डिप्लोमैट को टी-सीरीज, जेए एंटरटेनमेंट और वाकाओ फिल्म्स ने फॉर्च्यून पिक्चर्स के सहयोग से प्रोड्यूस किया गया है।

## रश्मिका मंदाना ने किया विजय का बचाव!



साउथ की फेमस एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों चर्चा में हैं। कुछ दिनों पहले उनके पैर में चोट लग गई थी। तीन फ्रैक्चर हुए, जिसके बाद उन्हें चलने-फिरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच उनका रूमर्ड बॉयफ्रेंड विजय देवरकोंडा के साथ एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनकी मदद ना करने के कारण एक्टर को ट्रोल होना पड़ा था। अब एक्ट्रेस उनके बचाव में उतर आई हैं। उन्होंने एक पोस्ट शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने खुद की फोटो शेयर की और सभी से दयालु होने की गुजारिश की। उन्होंने लिखा, इन दिनों दयालुता को बहुत कम आंका जाता है। मैं दयालुता और इसके साथ आने वाली हर चीज को चुनती हूं। आइये हम सभी एक-दूसरे के प्रति दयालु बनें। एक दिन पहले रश्मिका और विजय देवरकोंडा का एक वीडियो वायरल हुआ था। ये वीडियो जिम का बताया जा रहा है। इसमें देखा गया कि विजय जिम से बाहर निकलकर सीधे जाकर अपनी कार में बैठ गए। इसके बाद रश्मिका वॉकर के सहारे धीरे-धीरे चलती हुईं और कार की तरफ बढ़ती दिखीं। ये देख फैंस का पारा हाई हो गया। वो विजय की आलोचना करने लगे कि उन्हें उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड की मदद करनी चाहिए थी! रश्मिका को छावा में देखा जाएगा। इसमें विक्की कौशल नजर आएंगे। वो छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाएंगे। ये एक ऐतिहासिक ड्रामा है, जिसकी कहानी संभाजी महाराज की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। ये फिल्म 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## फिल्म 'बड़की भाभी' में दिखेगी रिश्तों व परिवार की अहमियत

फीलमची भोजपुरी एक बार फिर से भोजपुरी के दर्शकों के लिए एक शानदार पारिवारिक फिल्म लेकर आ रहा रहा है। इसका नाम 'बड़की भाभी' है। फीलमची भोजपुरी की पहली फिल्म सास कमाल बहू धमाल को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और अब उम्मीद है कि नई फिल्म 'बड़की भाभी' भी पसंद आएगी। 'बड़की भाभी' में अंजना सिंह लीड रोल में हैं। यह परिवार, रिश्तों और एकजुटता पर आधारित एक मनोरंजक कहानी है। इस फिल्म में ग्रामीण परिवेश को बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दिखाया गया है। 'बड़की भाभी' को आदित्य पिट्टी और रत्नाकर कुमार ने प्रोड्यूस किया है, वहीं धीरू यादव डायरेक्टर हैं। 'बड़की भाभी' को आप घर बैठे आसानी से देख सकते हैं और किसी थिएटर में जाने की जरूरत नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि 8 फरवरी को शाम 5 बजे इसका फीलमची भोजपुरी पर प्रीमियर किया जाएगा। 'बड़की भाभी' की कहानी की बात करें, तो यह सुनीता (बड़की भाभी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो धर्मपुर गांव के प्रधान की पत्नी है। सुनीता घर की मुखिया के रूप में प्रधान के छोटे भाइयों की परवरिश करती है और घर के सभी सदस्य उन्हें मां का दर्जा देते हैं। लेकिन प्रधान अपने भाइयों की एकता को ही घर की मजबूत नींव मानता है और इसे लेकर अक्सर सुनीता और अन्य बहुओं को ताने मारता रहता है। एक दिन यह ताने और प्रधान का अहंकार महिलाओं के लिए असहनीय हो जाता है और वो पुरुषों को चुनौती देती हैं कि वो घर चलाने में खुद को साबित करें।



इसके बाद घर में पुरुषों और महिलाओं के बीच एक शर्त लगती है, जिसे सुनीता (बड़की भाभी) स्वीकार नहीं करती क्योंकि वह घर की शांति और एकता भंग नहीं करना चाहती। शर्त के चलते महिलाएं घर का सारा काम छोड़ देती हैं और पुरुषों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काकर प्रधान और सुनिता को अलग-थलग कर देती हैं। इस बीच घर का बंटवारा और संपत्ति के विभाजन तक बात पहुंच जाती है। इसके बाद बड़की भाभी एक ऐसी चाल चलती है कि शर्त वाले सब हैरान हो जाते हैं...क्या है वो चाल? क्या होता है शर्त का, क्या औरतें जीत जाती हैं या मर्द? क्या घर टूट जाता है या बड़की भाभी बच्चा पाती है? जो होता है, वही देखने लायक है और इसके लिए थोड़ा इंतज़ार करना होगा। 'बड़की भाभी' में अंजना सिंह के अलावा विनीत विशाल, नम्रता, सोनाली मिश्रा, प्रिया राज पुरोहित, इशिका शुक्ला, राघव पांडे, रविकांत यादव, अनुराग सिंह और गोलू तिवारी मुख्य भूमिका में हैं। अन्य कलाकारों में शालिनी श्रीवास्तव, काजल त्रिपाठी और माही श्रीवास्तव हैं।

# कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण



## वृद्धजनों से की चर्चा, बाँटे सहायक उपकरण

**नरसिंहपुर।** जगदगुरु शंकराचार्य वृद्धाश्रम झोतेश्वर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां निवासरत वृद्धजनों से चर्चा कर उनकी दैनिक दिनचर्या, नाश्ता, भोजन, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, वृद्धावस्था पेंशन मिलने सहित अन्य व्यवस्थाओं व सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम परिसर में नीचे बैठकर वृद्धजनों द्वारा किये जा रहे भजन-कीर्तन को सुना। कलेक्टर ने इसकी सराहना की। उन्होंने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभव जाने। बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें यहां पारिवारिक माहौल की तरह महसूस होता है। यहां सुबह शाम ध्यान व टहलने का काम प्रतिदिन करते हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले से उन्होंने यहां सुलभ शौचालय और पेंशन जारी करवाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक अंजना त्रिपाठी ने बताया कि वर्तमान में वृद्धाश्रम में 40 वृद्धजन रह रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने एलिम्को की ओर से बुजुर्गों को ज्वायस्टिक, व्हील चेयर, दृष्टिबाधितों के लिए स्मार्ट केन, कान की मशीन सहित अन्य उपकरण दिए। अपने बीच कलेक्टर को मौजूद पाकर वृद्धजन भी प्रसन्न दिखाई दिये।

## अशोक नामदेव जूडो कोच ने पुनः नरसिंहपुर को किया गौरवान्वित

**नरसिंहपुर।** नगर के जूडो कोच अशोक नामदेव को उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने जा रहे 38 वे नेशनल गेम्स की जूडो स्पर्धा में टेक्निकल अधिकारी नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति भारतीय जूडो महासंघ के द्वारा की गई है । इसके पूर्व श्री नामदेव केरल में आयोजित नेशनल गेम्स में मध्यप्रदेश के कोच रह चुके हैं वर्ष 2022 23 में गुजरात में आयोजित हुए नेशनल गेम्स मे भी टेक्निकल अधिकारी का दायित्व निभा चुके हैं । नेशनल गेम्स में वे ही टीमें या खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने संबंधित खेलो की सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रथम आठ टीम्स या क्वार्टर ।फाइनल तक स्थान बनाया होता है ।जुडो कोच अशोक नामदेव की इस नियुक्ति पर जिले में खेलों के विकास हेतु सदा तत्पर रहने वाले पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, जिला जूडो संध के संरक्षक समाजसेवी सुनील कोठारी, अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, नीलेश जाट, अजय प्रताप पटेल( अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ), एस. एस. राजपूत पूर्व खेल अधिकारी, श्रीमती सुनीता यादव (जिला और युवा कल्याण अधिकारी), जी. एस. पटेल (प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय), योगेश शर्मा (एन. आई.एस.), मर्दुलेश दुबे, मनीष कटारे, अर्पित सक्सेना (स्पोर्ट्स आफिसर), देवेश वैध,पंकज नेमा, सुश्री अंजिता वर्मा, विकाश शर्मा, आनंदगोपाल श्रीवास्तव,नारायण यादव सहित जिले के सभी खेल संघो के पदाधिकारियों खेल क्लबो खेल प्रेमी जनों द्वारा बधाइयाँ प्रेषित की जा रही हैं ।

## नवभारत साक्षरता समीक्षा बैठक का आयोजन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** विगत दिवस विकासखंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल एवं जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर द्वारा फरवरी माह में होने वाली असाक्षरों की परीक्षा से संबंधित सभी दिशा निर्देश दिए। उनके द्वारा अपार आईडी, पांचवी आठवी तथा स्थानीय वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष निदानात्मक कक्षाओं के संचालन, जाति प्रमाण पत्र की ?इल शीघ्र जमा के निर्देश दिये। जन शिक्षा केंद्र के नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के समन्वयक सत्यम ताम्रकार द्वारा 16 फरवरी को होने वाली वाले मूल्यांकन के संबंध में परीक्षा केंद्रों की जानकारी, केंद्र अध्यक्ष के दायित्व, वार्डवार, ग्रामवार लक्ष्य अनुसार परीक्षा में असाक्षरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन तथा सामाजिक चेतना केंद्रों की साक्षरता पंजी के सतत अद्यतन संबंधित बात कही। इस बैठक में जन शिक्षा केन्द्र के सभी प्रधानपाठकों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने आईटीआई के प्राचार्यों की ली बैठक

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिले के समस्त शासकीय आईटीआई के प्राचार्यों की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने संस्था में संचालित पीपीपी मोड एवं संस्था विकास निधि की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने आईटीआई में नवीन कोर्स प्रारंभ करने के लिए ट्रेडो- एग्रो प्रोसेसिंग, फिजियोथैरेपी, चॉइल्ड ऐजुकेटर का चयन करने के लिए चर्चा की। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि प्लेसमेंट के अंतर्गत चयनित छात्र/ छात्राओं की काउंसिंलिग कर फीडबेक लिया जाये और स्वरोजगार विषय पर विशेष रूप से फोकस करें। जिले की समस्त आईटीआई में इंटर स्पोर्ट प्रतियोगिता, प्रत्येक माह पेरेंट मीटिंग, दीक्षांत समारोह और इंटर आईटीआई स्किल प्रतियोगिता आयोजित की जाये। उन्होंने प्लेसमेंट हुए छात्र/ छात्राओं की अलग- अलग सक्सेस स्टोरी बनाई जाये। संस्था की बुकलेट/ मैंगजीन तैयार की जाये, जिससे संस्था एवं छात्र- छात्राओं की उपलब्धियॉ समायोजित की जायें। आईटीआई में स्किल सर्टिफाईड प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक पोर्टल बनाया जाये, जिससे आम नागरिकों को किसी काम के लिए एक ही स्थान पर कुशल कामगार प्राप्त हो सके। प्रशिक्षणार्थियों को बिजनिस डेवलप करने के लिए उनकी काउंसिंलिग की जाये। स्किल शोकेस बनाया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी बैठक में फ्यूचर सिटिक प्लान प्रत्येक शासकीय आईटीआई के द्वारा तैयार किया जाये।

## दिग्विजयसिंह ने हॉकी के विकास में चौबे के प्रयासों को सराहा



**नरसिंहपुर।** संसदीय खेल समिति अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह के नगर में अल्प प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में राष्ट्रीय खेल हॉकी को संरझित एवम हॉकी खेल के विकास व अन्य खेलो के विकास पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिस पर बहुत से सुझाव हाकी कोच संस्थापक हॉकी अकादमी राजकुमार चौबे ने दिये । दिग्विजयसिंह ने राजकुमार चौबे के प्रयासों सराहना करते हुए उनकी सेवायें खेलो के विकास की समिति में लेने लिए लेने का आश्वासन दिया। कमाइंड यूनिवर्सिटीपूर्व हॉकी खिलाड़ी एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने भी टीम बनाने अकादमी को हर संभव सहयोग करने का वादा किया । इस अवसर अकादमी के खिलाड़ी बच्चों से मिलकर श्री सिंह ने प्रसन्नता जाहिर की, बच्चों ने खेलों के विकास न होने की जमीनी हकीकत भी उनको बताई जिस पर उन्होंने अपनी सहमति दी। खेलों के संबंध में इस व्यक्तिगत मुलाकात में पूर्व हॉकी खिलाड़ी एन् पी प्रजापति, मैथिलीशरण तिवारी देवेंद्र पटेल संजीव चंदोरकर प्रवीण सिंघई ,इलियास खान व अकादमी के खिलाडियों की उपस्थिति रही।

## पंच कुण्डीय रूद्र यज्ञ व प्रवचन के समापन पर हुआ भंडारा



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** चीचली माँ सीतारेवा तट गाँगई घाट पर माँ नर्मदा जयंती समारोह एवं यज्ञ समिति द्वारा आयोजित पंच कुण्डीय रूद्र यज्ञ एवं श्री नर्मदा पुराण परायण, रामचरित मानस प्रवचन के समापन पर विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। प्रतिदिन सतसंग एवं कथा प्रवचन यज्ञ मे श्रद्धालुओ की अपार भी? रही। कथा वाचक पंडित वीरेन्द्र जी शास्त्री महेन्द्र कुमार जी शास्त्री, पंडित स्वामी विश्वनाथ जी शास्त्री ने कथा का श्रवण कराया ।गुरुवार को पूर्णाहुति के पश्चात शुक्रवार को कन्या भोज भंडारा संपन्न हुआ। 29 जनवरी से प्रारंभ यज्ञ व कथा प्रवचन का 7 फरवरी को भंडारे के साथ समापन किया गया । आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी भारी संख्या मे इस धार्मिक आयोजन मे शामिल रहे। गांगई घाट सीता रेवा तट पर धर्ममय वातावरण बना रहा ।श्रद्धालुओ ने आयोजन मे पधारकर धर्म लाभ प्राप्त किया । गाँगई घाट यज्ञ स्थल के पास मेला भी लगा था विभिन्न प्रकार की दुकाने लगी हुई थी। आयोजन समिति की बेहतर इंतजाम के साथ भव्य धार्मिक कार्यक्रम में सराहनीय भूमिका रही ।



## आध्यात्मिक वैज्ञानिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**नरसिंहपुर।** ग्राम नकटुआ के अग्रणीआध्यात्मिक वैज्ञानिक स्कूल मे आज बसंत पंचमी के दिन वार्षिक बसंत उत्सव मनाया गया, मां सरस्वती के पूजन के बाद उपस्थित अतिथियों का शिक्षिकाओं द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम शुभारंभ पर साला प्रचार श्री आरके यादव सर द्वारा प्रतिवेदन रखा गया एवं श्री यादव ने बच्चों की भविष्य के लिए हर शिक्षक की मेहनत को फलों के सामने रखा श्री राकेश यादव ने बच्चों के हित के लिए कहां शिक्षा व्यवसाय नहीं हमारा प्रयास हर बच्चे में अच्छे से अच्छी शिक्षा एवं संस्कार से बच्चों को पल्लवित करना उक्त अवसर पर श्री कमलेश मलैया सरपंच ग्राम पंचायत नकटुआ एवं कृपाली स्वर संस्थान की संचालिका श्रीमती ममता पाठक को मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं का रंगारंग कार्यक्रम, बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देकर शाला परिवार शैक्षणिक कार्य पर बधाई प्रेषित दी, शाला परिवार के संचालक श्री एस. के. एस. यादव एवं प्रधानध्यापक श्री आर. के. यादव उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हुआ एवं शाला परिवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी

**नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी तक राज्य सरकार की बेवसाइट 222.द्वश्चह्यशह्य.द्वश्चशठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग.द्दश1 .द्बठ्ठ में निर्धारित शुल्क 200 रुपये पोर्टल पर 10 फरवरी तक भरे जायेंगे। प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र/ छात्रायें अपने निकतम एमपी ऑनलाइन या कियोस्क सेंटर पर जाकर कक्षा 7 वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र एवं आरक्षण श्रेणी एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तथा विकलांग श्रेणी के छात्र- छात्रायें अपनी श्रेणी से चयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन का आधार जाति है, ध्यान पूर्वक दर्ज करायें। विद्यार्थी को आरक्षित श्रेणी से चयनित होने पर सक्षम अधिकारी का मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। छात्र को पासपोर्ट साइज की कलर फोटो, जिसमें छात्र का नाम, खिचवाने की दिनांक अंकित होना चाहिये। परीक्षा का केन्द्र जिला स्तरीय विद्यालय होंगे तथा आवेदन संख्या अधिक होने पर परीक्षा केन्द्र विकासखंड स्तरीय विद्यालय बनाये जावेंगे। परीक्षा की संभावित तिथि 8 मार्च को प्रात- 9.45 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जावेगी। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में पारंगत चयनित स्टाफ, हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन, पृथक- पृथक प्रयोगशालायें, कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट व वर्चुअल क्लासेस, एनसीईआरटी पैटर्न पर पाठ्यक्रम, खेल, एनसीसी, स्काउट/ गाइड, नियमित कैरियर गाइडेंस, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, संगीत की पाठयेत्तर सुविधा, 100- 100 सीटर बालक एवं बालिका निःशुल्क छात्रावास सुविधा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल, अध्ययन कर चुके विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से चयनित होकर प्रतिष्ठित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत, शासन की समस्त हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। साथ ही संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रतिवर्ष राज्य मेरिट व जिला मेरिट में चयनित होते हैं।

## सांगई के स्कूल मे संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाणपत्र पाकर प्रसन्न हुए छात्र छात्राएं



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** बीते शुक्रवार को समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 से 8 तक के लगभग 40 छात्र छात्राओं को स्कूल के शिक्षको द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम मे इस प्रतियोगिता के मार्गदर्शी माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटेल ने बताया कि 12 फरवरी को गायत्री मंदिर गाडरवारा मे आयोजित पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम मे स्कूल से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त चांदनी कहार एवं हेमवती धानक को सम्मानित किया जायेगा। श्री पटेल ने आगामी सत्र मे भी सभी छात्र छात्राओं से इस प्रतियोगिता मे सहभागिता करने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक विवेक नाईक, सुरेश चौहान, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, रानू यादव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

## पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी ने किया चूजों का निरीक्षण

## पीएम धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत वनराजा एफएफजी प्रजाति के 40 चूजे हितग्राहियों को हुए वितरित

**नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विकासखंड गोटेगांव के पशु चिकित्सालय सूरवारी द्वारा चयनित ग्राम अंधियारी में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजना बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों का वितरण 8 जनवरी 2025 को किया गया था। इसके तहत प्रति प्रकरण 28 दिवसीय वनराजा एफएफजी प्रजाति के 40 चूजे हितग्राही को वितरित किये गये थे। पशु चिकित्सालय सूरवारी के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ प्रभारी ने 29 दिन बाद 5 फरवरी 2025 को ग्राम अंधियारी के श्री राजेन्द्र गौंड एवं श्रीमती माया बाई ठाकुर के यहां चूजों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चूजों का वजन 750 ग्राम हो गया है जो कि उत्तम वजन माना जाता है। यह चूजें लगभग एक माह बाद विक्रय योग्य हो जायेंगे और मुर्गीपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## लामता में श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन

**बालाघाट।** जिले के परसवा[ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लामता में पहली बार, हिन्दु धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था, श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन किया जा रहा है। जहां ब्रज बिहारी सरकार के नाम से पहचाने जाने वाले अनिकेत शास्त्री, धर्मप्रेमी जनता को श्रीमद भागवत कथा सुनाएंगे और दिव्य दरबार में आधत्मिक तौर से लोगो की समस्याओं की अर्जी से उसका निराकरण करेंगे।

**ब्रज बिहारी सरकार अनिकेत शास्त्री के मुखारबिंद से होगा कथा का वाचन**

जिसको लेकर आयोजक, तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे है। आयोजक जनपद सभापति भुवनेश्वर रजक ने बताया कि लामता में पहली बार श्रीमद भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। सनातन धर्मावलंबियों के लिए हो रहे इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल है। यहां प.पू. अनिकेत शास्त्री, 8 फरवरी से 14 फरवरी तक प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा का वाचन करेंगे और दिव्य दरबार में लगने वाली भक्तों की अर्जियों को सुनेगे। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म के प्रसार और गौ-संरक्षण को लेकर पं.पू. अनिकेत शास्त्री, पूरे देश में भ्रमण कर कर रहे है। इसी क?ी में कल 08 फरवरी से, वह लामता में श्रीमद भागवत कथा की शुरूआत करेंगे। इससे पूर्व खैरमाई माता मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो लामता के कथा स्थल भोज लॉन पहुंचेगी। जहां श्रीमद भागवत कथा के पूजन के साथ ही कथा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि कथा आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया जा रहा है। जिसमें उन्होंने जिले की सभी धर्मप्रेमी जनता से इस कथा श्रवण का लाभ लेने शामिल होने की अपील की है।

## पीएम व सीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री आवश्यक

### जिले में 53 प्रतिशत किसानों की बनी फॉर्मर आईडी

**बालाघाट।** मप्र में इन दिनों किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रगति पर है। जिले में अब तक 53.82 प्रतिशत किसानों की आईडी बनने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस आईडी के बनने के बाद किसानों को कई तरह की सुविधाएं होगी। जिले के 358912 पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसान है। इनमें से अब तक 193183 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। इसमें 20713 किसानों ने खुद के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया है। 75552 किसानों का पंजीयन जिले के सीएससी द्वारा किया गया है। अभी पीएम सम्मान निधि के पात्र किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य दिया गया है। इसके अलावा भी कोई किसान है तो उनका भी पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर मृणाल मीना द्वारा प्रतिदिन इस कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उनके निर्देश है कि इसके लिए कोई विशेष अभियान नही है लेकिन डेली रूटीन के कार्यो में शामिल है। इसलिए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगे। 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे तक जिले के 1384 किसानों की आईडी बनाई गई है। फॉर्मर रजिस्ट्री के लाभ-- मिसन आईडी नही होने पर पीएम किसान सम्मान निधि की दिसम्बर माह की राशि नही मिल पाएगी।फॉर्मर रजिस्ट्री से किसानों का डेटा केंद्रीयकृत हो जाएगा। इससे वर्तमान में केंद्र और राज्य शासन की संचालित योजनाएं पीएम व सीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना प्रारम्भ होगा। साथ ही भविष्य में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार सत्यापन की आवश्यकता नही होगी। एक ही कार्ड से जमीन, आधार, बैंक खाता लिंक होने से अलग-अलग दस्तावेज संभालकर रखने से मुक्ति मिलेगी। स्मार्ट कार्ड से फसल बीमा व अन्य योजनाओं का लाभ देने में आसानी होगी। इसके अलावा समय-समय पर ऐसे लाभ भी होंगे जो समय के साथ किसानों को आवश्यकता होती है। शासन द्वारा एमएसपी पर खरीद के लिए होने वाला रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन हो सकेगा।

लामता में 62 प्रतिशत, सबसे अधिक आईडी लांजी में बनीःफॉर्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बालाघाट जिले में प्रतिशत के आधार पर सबसे ज्यादा लामता तहसील में 62.26 प्रतिशत किसानों का पंजीयन हुआ है। लेकिन लक्ष्य के आधार पर व अधिक लक्ष्य होने पर लांजी में 23770 किसानों की आईडी बनी है जबकि यहाँ 43906 किसानों का पंजीयन होना है। इसी तरह वारासिवनी में 39094 किसानों में से 22012, किरनापुर में 44662 में से 21862, लालबर्रा में 41192 में से 21508 किसानों का पंजीयन हुआ है। इसी तरह परसवा?ा में 24083 में 12534, बिरसा में 26175 में 13723, बैहर में 21610 में 11527, खैरलांजी में 38892 में 20801, तिरो?ी में 21677 में 12140, कटंगी में 22912 में 12856, बालाघाट में 23234 में 13306 और लामता तहसील में 11475 हितग्राहियों में 7144 किसानों का पंजीयन किया गया है।

## गौ पूजन के साथ संगोष्ठी संपन्न



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस गौधन की वृद्धि प्रवेश की समृद्धिज्ज के विषय को लेकर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं नरसिंहपुर ने एक संगोष्ठी एवं गौपूजन का कार्यक्रम श्रीदेव राम जानकी खिरका मंदिर द्वारा खापा ग्राम में संचालित गौशाला में किया । संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए गौशाला के संचालक महंत बालकदास महाराज ने कहा कि प्रत्येक पशुधन के प्रति खासकर गौधन के प्रति मध्यप्रदेश शासन का भाव सराहनीय है शासन के साथ-साथ समाज के प्रयास से भी गौ संवर्धन व संरक्षण के कार्यक्रम होना चाहिए, गोष्ठी में डॉक्टर एस के बिजपुरिया ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग की कई जनहितैषी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला।इसके पहले गौशाला प्रांगण में आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन गौ माता के पूजन के साथ हुआ , उपस्थित सभी लोगों ने गौशाला की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए गौशाला की सराहना की । इस अवसर पर डॉक्टर रमेश धान ,प्रवेश राय ,देवेंद्र पटेल, राजकुमार धानक, पुजारी जी ,कुमारी श्रुति अग्रवाल ,नरेंद्र द्विवेदी, ओमप्रकाश कीर, चंद्रभान आदि कई गौभक्त उपस्थित थे ।

# राजस्व में रुचि न रखने वाले आठ पटवारियों पर एसडीएम ने गिराई गाज

## शासकीय कार्यों में रुचि नहीं तो होगी कार्यवाही महेश मंडलोई ने बर्ती शक्ति

कटनी (स्वतंत्र मत)

अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने तहसील अंतर्गत 8 हल्का पटवारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस। राजस्व कार्यो मे रुचि न रहने वा प्रशासनिक कार्यो के साथ लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर गिरी गाज कारण बताओ नोटिस के साथ होगी नियमा अनुसार जाच अनुविभागीय अधिकारी महेश मंडलोई ने नोटिस मे स्पष्ट लिखा की 05 फरवरी की समीक्षा के दौरान पाया गया कि फार्मर रजिस्टरी, आरओआर, नक्शा तरमीम की प्रगति अत्यन्त कम है। एंव जनता के कार्यों में रुचि नही लेने के कारण अत्याधिक सीएम हेल्पलाईन लगती है तथा उन सीएम हेल्पलाईनों के निराकरणों में भी आपके द्वारा रूचि नहीं ली जाती जिसके कारण आपके हल्के में अत्याधिक शिकायतें लंबित है। इसके पूर्व समीक्षा बैठक में भी आपको कार्यालय के माध्यम से कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। किन्तु आपके द्वारा न तो समय सीमा में कारण बताओ नोटिस का जवाब समय सीमा में दिया गया न ही संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया गया है। बार बार मौखिक निर्देशों के बाद भी आपके द्वारा फार्मर आईडी ई केवाईसी पीएम किसान सम्मान निधि एवं अन्य राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है। इससे यह सिद्ध होता है कि शासकीय कर्तव्यों के निर्वाहन में आपके द्वारा कोई रूचि नहीं ली जा रही है जिसके कारण आपके हल्के में प्रगति अत्यन्त न्यूनतम पायी गई है। उक्त कृत्य को कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना मानते हुए क्यों न आपके विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1966 के नियम 14 (4) एव 9 (1) में दिये प्रावधानों के तहत विभागीय जांच एंव अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। उक्त संबंध में आप अपना लिखित जवाब तीन दिवस के अन्दर समक्ष में उपस्थित होकर पेश किया जाना सुनिश्चित करें। जवाब समय सीमा में पेश नहीं करनेए प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं होने पर आपके विरुद्ध विभागीय जांच एवं 01 वर्ष की परिवीक्षा अवधि बढ़ा दी जावेगी। एंव आपके कार्य में प्रगति उपरांत ही माह फरवरी 2025 का वेतन भुगतान किया जाएगा। अदर्श विश्वकर्मा हल्का पटवारी पौनिया, अभिषेक सोनी हल्का पटवारी सलैया कौहारी, शीला सिंह हल्का पटवारी खरखरी, रामवली विश्वकर्मा हल्का पटवारी रजरवारा न 1, रघुवीर शरण सिंह हल्का पटवारी इटौरा ईटमा, पवन चौधरी हल्का पटवारी कांटी, दीपशिखा वैष्णव त्रिपाठी हल्का पटवारी हरैया, प्रिया शुक्ला हल्का पटवारी शिवधाम। ज्ञात हो की इन नामो मे कुछ आदतन पटवारी है जिन्हे शासन की नोटिस का कोई फर्क नहीं पडता न ही यह अपने कार्यो मे रुची रखते बहरहाल नोटिस और कार्यवाई इनके सर से जाती दिखती है। जानते हैं की कार्यवाई सिर्फ औपचारिकता के लिए होती है नौकरी से नही निकाले जाएगे।

## खड़ी कार में मारी टक्कर एक की मौत

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर गुरुवार की मध्य रात्रि 1 बजे के करीब बाईपास स्लीमनाबाद में सड़क हादसा घटित हुआ जिसमें कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई वही तीन अन्य लोग घायल हुए हैं घटना के संबंध में टी आई अखिलेश ने बताया कि रात्रि 1 बजे के आसपास जबलपुर से कटनी की ओर जा रहे कर सवार क्रमांक एमपी 21सीए 5730 जब बाईपास स्लीमनाबाद में तिहारी पुलिया के पास पहुंचे किनारे में कार खड़ी कर बाथरूम हेतु उतरे थे और जब वापस कार में बैठने जा रहे थे कि को पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 12 20 के चालक में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मारी जिससे कार में सवार ऋषि राज तिवारी उम्र 59 वर्ष निवासी कटनी जो कि फॉरेस्ट विभाग कटनी में पदस्थ थे जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई वही कार में सवार तीन अन्य लोगों को भी मामूली चोटे आई हुई है।

## सनशाइन एकेडमी समदरिया में जनरल प्रोफिशिएंसी और वार्षिक खेल महोत्सव

कटनी (स्वतंत्र मत)



सनशाइन एकेडमी समदरिया में जनरल प्रोफिशिएंसी और वार्षिक खेल महोत्सव के प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। जिसमें बच्चों को उनकी सामान्य दक्षता व खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र विस्तृत कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। सामान्य दक्षता से तात्पर्य है विद्यालय में बच्चे की वह अनेक उन गतिविधियों से जिनसे उनके मानव व्यवहार का विकास होता है जैसे विद्यालय में बच्चे की अटेंडेंस, शेयरिंग एक दूसरे के प्रति मित्रता की जानकारी भावना, नृत्य में रुचि, गायन में रुचि, ड्राइंग वह पेंटिंग में रुचि एवं इत्यादि कलाओं में रुचि को प्रोत्साहन देना। उसके अंतर्गत खेल की एक रुचि भी शामिल है जिसमें बच्चा अपनी खेल सम्बन्धी प्रतिक्रिया को दर्शाता है साथ ही खेलों का जीवन में महत्व अत्यधिक है। खेलना हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। खेलने से हमारी शारीरिक क्षमता बढ़ती है, हमारी ताकत बढ़ती है और हमारी रोग प्रतिरोधक्षमता मजबूत होती है। खेलने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है, हमारी मनोबल बढ़ाता है और हम स्वयं को तनाव से दूर रख पाते हैं, इसके चलते बच्चों की स्प्रिंट रेस, बैलून रेस, सिंक रेस, फ्रॉग रेस इत्यादि के आधार पर प्रमाणपत्र दिए गए। इस दौरान विद्यालय की निर्देशिका जूही जैन विद्यालय में उपस्थित रही साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करी।

## जिला अजाक्स कटनी ने किया एड. विजय सिंह बघेल एवं कल्पना सिंह बघेल का सम्मान



कटनी (स्वतंत्र मत)

सामाजिक कार्यकर्ता, कुशल वक्ता, एड.विजय सिंह बघेल एवं पत्नी कल्पना सिंह बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत मड़ई, जिला-कटनी का विगत दिवस मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स के जिला/तहसील/ब्लाक पदाधिकारियों द्वारा स्टेट संगठन समीक्षक रामकिशोर दाहिया के नेतृत्व में एड.विजय सिंह बघेल एवं कल्पना सिंह बघेल के सामाजिक सौहार्द, आपसी भाई-चारा को बढ़ावा देने तथा निम्न मध्यम वर्गीय समाज के बालक-बालिकाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, स्वच्छता के प्रति जागरुक एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में लंबे अंतराल से किये जा रहे कार्यों के लिए उन्हें तिलक लगाकर, फूल-मालाएँ पहनाकर, पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल भेंट कर, साफा पहनाकर उनकी ताजपोसी की। अजाक्स के यशस्वी प्रांताध्यक्ष चौ.मुकेश मौर्य के भावों एवं विचारों को जन-जन तक पहुँचाने व उनके सुविचार हमेशा अच्छाई के रास्ते पर चलें, हर जगह प्रेम, शांति और एकता का संदेश फैलाएँ। को मूर्त रूप देने की दिशा में हो रहे कार्यों के लिए के जिला अजाक्स कटनी सम्मान श्रृंखला में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्टेट संगठन समीक्षक रामकिशोर दाहिया, अजाक्स जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह परस्ते, जिला महासचिव अर्जुन कोल, जिला सचिव रामाधार दाहिया, बड़वारा तहसील अध्यक्ष राम सिंह मरावी, बड़वारा ब्लॉक अध्यक्ष सुग्रीव प्रसाद महोबिया, सक्रिय अजाक्स कार्यकर्ता कमलेश कोल, सामाजिक कार्यकर्ता दादू लाल दाहिया, अनन्या सिंह बघेल, आस्था सिंह बघेल उपस्थिति रहे। मध्य प्रदेश अजाक्स एड.विजय सिंह बघेल एवं कल्पना सिंह बघेल के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामनाएँ करता है।

## 20 गांव के उपभोक्ताओं को मिली बिजली की समस्या से निजात

### कुआं गांव में विधायक प्रणय पांडेय ने किया विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण

कटनी (स्वतंत्र मत)



जिले की बहोरीबंद और स्लीमनाबाद तहसील के दो दर्जन गांव के हजारों उपभोक्ताओं को आज बिजली की समस्या से निजात मिल गई। बुधवार को विधायक प्रणय पांडे ने कुआं गांव में 2 करोड़ 72 लाख की लागत से बनाए गए 33/11 केवी नवीन विद्युत सब स्टेशन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही बहोरीबंद और स्लीमनाबाद से लगे करीब दो दर्जन गांव के करीब 2500 कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज और अंधाधुंध कटौती की समस्या से निजात मिल गई है। करीब 30 किलोमीटर लंबी लाइन के जंगल से गुजरने के कारण अभी तक यहां के ग्रामीणों को आए रोज समस्या से जूझना पड़ रहा था। कई बार तो सिचाई ठप्प रहने के साथ हफ्ते भर गांव के गांव अंधेरे में डूबे रहते थे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल, सहायक अभियंता कृष्ण मोहन भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश नायक, लोकेश ब्यौहार, सरपंच अमित साहू, भाजपा जिला महामंत्री राजेश चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कुआं में सबस्टेशन बनने से जिन गांवों के घरेलू और कृषि फीडर उपभोक्ताओं को समस्या से छुटकारा मिला। उनमें किरहाई पिपरिया, पटुरिया, नीमखेड़ा, बड़खेरा नीम, भटकवां, कुआ, खड़रा, घुटेही, दुर्गानगर, सलैया, कछारगाव, कौआ रोड, निमास, जुजावल, राखी, साल्हेभार, पडवार, तिलहरी, अमोच, रामपुर, छपरापोंडी, कुम्हरवारा, बुधनवारा, अमोच, भखरवारा गांव शामिल है।



## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

कटनी (स्वतंत्र मत)

गहोई वैश्य वनिता समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें फिजियोथेरपी, शिशु एवं त्वचा रोग नैचुरोपैथी, बी.पी. एवं शुगर जाँच ब्लड ग्रुप परीक्षण किया जाएगा। शिविर गहोई वैश्य पंचायती सत्संग भवन, प्रात: 9 बजे से शाम 1 बजे तक होगा 9 फरवरी दिन रविवार को आयोजित किया गया है।

## शिक्षक, शिक्षा व्याख्यान पर श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान

### संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन व्यक्ति

### व्यक्तित्व निर्माण का श्रेष्ठ शिल्पकार है शिक्षक-मनीष पाठक

कटनी (स्वतंत्र मत)




आजाद अध्यापक संघ के तत्वाधान में नगर निगम आयोजित श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान व संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन मुख्य अतिथि, संघ संरक्षक, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की अध्यक्षता में एवं वि.ख.ड शिक्षाधिकारी धनश्री जैन विशिष्ठ अतिथि, वरिष्ठ अतिथि डाइट व्याख्याता राजेन्द्र असाठी, वरिष्ठ अतिथि बी.आर.सी.सी. बहोरीबंद प्रशांत मिश्रा, बीआरसीसी कटनी मनोज गौतम, नगर निगम पार्षद शशिकांत तिवारी, ब्राम्हण समाज नगर अध्यक्ष पण्डित राजू शर्मा द्वारा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्यो के लिये संपूर्ण जिले से 25 श्रेष्ठ शिक्षको स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने सभा को संबोधित करते हुवे कहा कि शिक्षक श्रेष्ठ शिल्पकार होता है जो अपने परिश्रम, समपर्ण, ज्ञान, दक्षता से निराकार को भी बेहतरीन आकार प्रदान कर विराट व्यक्तित्व प्रदान करता है एवं श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान प्रदान करता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षक है छात्र के साथ साथ व्यक्ति की भी सफ्लता में शिक्षक का अहम योगदान होता है। विकास खण्ड शिक्षाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा कि शिक्षक समाज का सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यो का घोतक है समस्त श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षको को बधाइयां। कार्यक्रम को प्रशान्त मिश्रा बी आर सी बहोरीबंद, मनोज गौतम बीआरसी कटनी कर्मचारी नेता जेपी हल्दकार, नवनीत चतुर्वेदी, सोहन लाल चौधरी, प्रदीप तिवारी आदि ने संबोधित किया। संघ के रमाशंकर तिवारी ने कार्यक्रम को संचालित करते हुवे कहा कि श्रेष्ठ, सुदृराष्ट्र निर्माण में शिक्षा, शिक्षक की अहम भूमिका होती है एवं शिक्षक समाज की इस अद्वितीय भूमिका को सम्मानित करने का सौभाग्य मिलना गरिमामय है अंत मे संघ के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर संघ के सुशील तिवारी, राजेश चौबे, राकेश पाठक, किशन भूमियाँ, अखिलेश पांडे, रामाधार सोनू सरावगी, रीना साहू, राधा सोनी, राम बाई कोल, दमयंती डेहरिया, अलका दहायत, देवेंद्र कलहरा, ब्रजेश मिश्रा, रोहित तिवारी, मनीष दीक्षित, रामभुवन विश्वकर्मा, पीयूष त्रिपाठी, दिनेश पाली रहे।

## देहरादून और नर्सींगपुर, और बीच नाईट टूर्नामेंट के साथ शुभारंभ हुआ

**कटनी।** कैमोर नगर परिषद के तत्वावधान मे विभिन्न जिलो के खिलाडियों को मिला सम्मान प्रदेश मे करेगे नाम रोशन, प्रेसीडेंट कप 2025 लगातार कैमोर नगर परिषद दो वर्ष पूरे कर तीसरी बार आयोजित करा रही है। विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र के मार्गदर्शन के साथ आयोजन किया गया आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक संजय सत्येंद्र पाठक थे। किन्तु किसी कारण बस आयोजन मे सामिल नही हो गये। इस लिए शुभारंभ संजय सत्येंद्र पाठक के आदेश पर नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा उपाध्यक्ष संतोष केवट मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा आदी ने संयुक्त रुप से किया। साथ ही खिलाडियों से मुलाकात कर उन्हे शुभकामनाएं भी दी गयी। दूधिया रोशनी के बीच चमचमाती रोशनी मे देहरादून और नर्सींगपुर की टिमो के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बॉलीबाल खेल प्रतियोगिता मे हिस्सा लेते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा ने कहा की विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र की मंशा अनुसार खिलाड़ियों को बढावा देने के लिए लगातार तीन वर्षो से प्रेसीडेंट कप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे विभिन्न प्रदेशों के खिलाडी हिस्सा लेते हैं। खिलाडियों को बढावा देने के लिए यह आयोजन किया जाता है ताकि खालाडी देश प्रदेश मे नाम रोशन करे। वही मंडल अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा ने भी कहा की विधायक संजय सत्येंद्र पाठक हमेशा खिलाडियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं उन्ही के आदेश पर कैमोर नगर परिषद ने यह प्रतियोगिता लगातार तीन वर्षो से आयोजित कर खिलाडियों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। विजेता टिमो को इनाम भी दिया जाएगा ताकि खिलाडियों का मनोबल बढे। इस दौरान उपस्थिति जनो मे नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा उपाध्यक्ष संतोष केवट मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा पार्षदों में अनीता सेन, राजेश पांडे, अनिता कोल, सुरेश परौहा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष भवानी राजा मिश्रा, हाजी गुलाम, अमीत शर्मा, किंकर निलेश रजक, दिनू ठाकूर, रज्जाक खान, शनि सरदार, शेरा मिश्रा, पत्रकार श्रीराम पांडे, संजय ग्रोवर, पृथ्वीराज सिंह, हिमांशु गौतम, निलू रजक।



## साध्वी जन कल्याण समिति ने बिलहरी स्वास्थ्य केंद्र में दिया पलंग

कटनी (स्वतंत्र मत)

समाज सेवा में अग्रणी शहर की समाज सेवी संस्था साध्वी जन कल्याण समिति द्वारा बिलहरी उप स्वास्थ्य केंद्र में मांग पर मरीजों के लिए पलंग दान किया गया। संस्था के नेक कार्य की सभी ने प्रसंशा की है स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्य से गांवों से आने बाले मरीजों को सुविधा मिल सकेगी वितरण के दौरान संस्था की अध्यक्ष साध्वी निगम भाजपा बिलहरि मंडल के अध्यक्ष अमित पूरी गोस्वामी स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ रोशनी कोरी लखन कोरी, भारती सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रहीं।

## 51 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने कलेक्ट्रेट के बाहर दिया धरना, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्र मत)






मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन, पदोन्नति, वेतन विसंगतिए लंबित डीए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का ग्रेड पे 1300 से 1800, कर पद नाम परिवर्तन टैक्सी प्रथा बंद कर नियमित पदों पर भर्ती किया जाना आउट सोर्स प्रथा बंद कर नियमित पदों पर भर्ती किया जाना दैनिक वेतन भोगी स्थाई कर्मी अंशकालीन कर्मचारी को नियमित किया जाए आरक्षक का ग्रेड पे 1900 के स्थान पर 2400 किया जाए सहित 51 सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु तीसरे चरण में जिला कलेक्ट्रेट कटनी के सामने 7 फरवरी को दोपहर 1 बजे से धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन अपर कलेक्टर साधना परस्ते मैडम कटनी को सौंपा गया उक्त जानकारी देते हुए पूर्णेश उईके जिलाध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ ने बताया कि ज्ञापन सौंपने में मोर्चा में सम्मलित अधिकारी पदाधिकारी गण उपस्थित रहें उक्त कार्यक्रम में अधिकारी गण सर्व साधना परस्ते मैडम अपर कलेक्टर संस्कृति शर्मा, संयुक्त कलेक्टर निधी गोयल, संयुक्त कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, एसडीएम कटनी विवेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर मोर्चा संस्थापक सरमन तिवारी, जिलाध्यक्ष इंजी आर के बत्रा, सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर, सुनील मिश्रा, रजनीश विश्वकर्मा, पूर्णेश उइकेए, के मेहरा, अजय गौतम, शिवकुमार सोलंकी, राकेश जसूजा, मनोज श्रीवास, धर्मेंद्र राज, सोहन लाल चौधरी, अरविन्द, अवधेश दाहिया, एमएस यादव, आरएस बनाफर,अनुज दाहिया, गणेश बिचपुरिया, सक्सेना, लाखन सिंह रविशंकर तिवारी, अजय नामदेव, देवकुमार रघुवंशी, अजय बाजपेई, जितेंद्र सोनी, महेंद तिवारी आदिल खान, दादूराम पटेल, बलबीर सिंह, पदम पटेल, पवन खत्री, भूपत सेमा, अविनाश प्रभु द्विवेदी, मनोज दहिया, बाबूलाल अहिरवार, दीप्ति सिंह, सरिता केवट, मनीषा मिश्रा, सपना, गुरु, शकुन, उसरेठे श्रुति रामअवतार विश्वकर्मा, ज्ञानेन्द्र पांडे, बलराम सिंह, कमलेश पांडे, भागीरथ तिवारी, बबलू चौधरी, कपिल मनहर, सोहन दाहिया, रामपाल सिंह एवं अन्य कर्मचारी सदस्य उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में शामिल हुए और आंदोलन के चौथे चरण में प्रांतव्यापी आंदोलन धरना प्रदर्शन 16 फरवरी को अंबेडकर पार्क भोपाल में जिले से अधिक से अधिक कर्मचारी सम्मिलित होंगे यदि इसके बाद भी निराकरण नहीं होता है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्य प्रदेश शासन की होगी।

# नेशनल गेम्स : निवेदिता कार्की ने बॉक्सिंग में दिलाया उत्तराखंड को पहला गोल्ड मेडल



पिथौरागढ।

38वें नेशनल गेम्स से उत्तराखंड के लिए खुशखबरी आई है। पिथौरागढ़ के मूनाकोट के रणुवा गांव की निवेदिता कार्की ने राज्य को बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल दिलाया है। निवेदिता ने 50 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल बॉक्सिंग मुकाबले में अपने दमदार पंचों से हरियाणा की बॉक्सर को चारों खाने चित कर दिया।

### महिला बॉक्सिंग में उत्तराखंड को गोल्ड मेडल

नेशनल गेम्स के 11वें दिन आज पिथौरागढ़ के स्पोर्ट्स कॉलेज में हुए बॉक्सिंग मुकाबलों से उत्तराखंड के खेल प्रेमियों के लिए खुशखबरी आई. 16 साल की निवेदिता कार्की ने अपनी प्रतिद्वंदी हरियाणा की बॉक्सर को एकतरफा मुकाबले में हराकर राज्य की झोली में गोल्ड मेडल डाल दिया. उत्तराखंड की निवेदिता और हरियाणा की कल्पना के बीच फाइनल में रोचक मुकाबले की उम्मीद थी। लेकिन निवेदिता के जोरदार पंच के सामने कल्पना टिक ही नहीं पाई।

### 16 साल की निवेदिता कार्की ने जीता गोल्ड मेडल

निवेदिता कार्की ने 50 किलोग्राम भार वर्ग का बॉक्सिंग मुकाबला 5-0 से जीतकर स्वर्ण पदक उत्तराखंड के नाम कर दिया। निवेदिता पिथौरागढ़ के द एशियन एकेडमी की छात्रा रही हैं।

देहरादून की वर्तमान निवासी निवेदिता के पिता बहादुर सिंह कार्की इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन ऑफीसर पद पर हैं। मां पुष्पा कार्की गृहिणी हैं।

### बॉक्सिंग मुकाबलों का परिणाम

- पुरुष वर्ग में 51 किलो भार वर्ग में मंडेगाबम जादूमनी सर्विसेज स्वर्ण पदक, अंशुल पूनिया चंडीगढ़ रजत पदक तथा चंगलेंबा सिंह, मणिपुर तथा विकास हरियाणा कांस्य पदक।
- 54 किलो भार वर्ग में सोनिया उत्तर प्रदेश बनाम दिव्या पवार मध्य प्रदेश में दिव्या पवार मध्य प्रदेश ने गोल्ड मेडल जीता।
- 57 किलो भार वर्ग में साक्षी सर्विसेज बनाम विनाक्षी धोता हिमाचल प्रदेश में साक्षी सर्विसेज ने जीता स्वर्ण पदक।
- 57 किलो भार वर्ग पुरुष वर्ग में सचिन सर्विसेज स्वर्ण पदक, आशीष कुमार हिमाचल प्रदेश रजत पदक, लखबीर लांबा हरियाणा तथा हिमांशु श्रीवास मध्य प्रदेश कांस्य पदक।
- 57 किलो भार वर्ग के महिला वर्ग में दिव्या पवार मध्य प्रदेश स्वर्ण पदक, सोनिया उत्तर प्रदेश रजत पदक, हेतल गुजरात, एकॉन मिली कांस्य पदक।
- 63.5 किलो भार वर्ग में वंशराज सर्विसेज बनाम शिवा थापा असम में वंशराज सर्विसेज ने जीता स्वर्ण पदक।

# स्टीव स्मिथ ने रचा इतिहास, शतक ठोंक लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

गॉल (श्रीलंका)।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपना 36वां टेस्ट शतक ठोंककर इतिहास रच दिया। इस शतक के साथ ही उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए।

### द्रविड़-रूट के 36 शतकों की बराबरी की

स्मिथ ने अब सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में दिग्गज राहुल द्रविड़ और इंग्लैंड के जो रूट की बराबरी कर ली है. इसके साथ ही वह टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले संयुक्त 5वें सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

### एशिया में ऑस्ट्रेलियाई द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतक

यह उनका लगातार दूसरा टेस्ट शतक था। उनका शतक श्रीलंका में तीन मैचों में उनका चौथा और एशिया में उनका कुल 7वां शतक था, अब वह उपमहाद्वीप में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा सर्वाधिक टेस्ट शतकों के मामले में एलन बॉर्डर से आगे निकल गए हैं।




### एशिया में ऑस्ट्रेलियाई द्वारा सर्वाधिक टेस्ट रन

अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ दिग्गज रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ते हुए एशियाई उपमहाद्वीप में टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। स्मिथ ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। ऑस्ट्रेलियाई आउटफील्डर द्वारा सबसे ज़्यादा टेस्ट कैच (197) के पोंटिंग के रिकॉर्ड को तोड़ने के एक दिन बाद ही स्मिथ एशियाई उपमहाद्वीप में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। 35 वर्षीय खिलाड़ी को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 27 रनों की ज़रूरत थी, जिससे उन्होंने एशिया में पोंटिंग के 1,889 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पोंटिंग ने 48 पारियों में 41.97 की औसत से 1,889 रन बनाए थे।

# डब्ल्यूपीएल से महिला क्रिकेट के प्रति रवैया बदला : मंधाना

**अन्य खेलों में भी लीग शुरू होने पर ऐसी ही सफलता की उम्मीद जतायी**



**बेंगलुरु** । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना 14 फरवरी से शुरु हो रहे महिला प्रीमिलयर लीग क्रिकेट (डब्लयूपीएल) को लेकर खासी उत्साहित हैं। मंधाना की कप्तानी में ही पिछली सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल खिताब जीता था। इसबार भी उनकी टीम का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपना खिताब बराकरार रखना रहेगा। मंधाना पिछले कुछ समय से शानदार फार्म में हैं जो वह इस लीग में भी बरकरार रखना चाहेंगी। मंधाना ने डब्लयूपीएल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि इससे महिला क्रिकेट को लेकर सभी का रवैया बदला है। साथ ही उम्मीद जतायी कि अन्य खेलों में भी लीग शुरु होने पर इसी तरह की इस सफलता देखने को मिलेंगी। मंधाना ने कहा कि डब्ल्यूपीएल शुरु होने से पहले वह ऑस्ट्रेलिया बिग बैश जैसी लीग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों के साथी खेलती थी। तब सभी उनसे पूछती थीं कि हमारी अपनी लीग कब होगी। वहीं जब लीग शुरु हुई तो सभी खिलाड़ी बेहद उत्साहित थी। इस लीग से नई प्रतिभाओं को एक मंच मिला और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। इससे महिला क्रिकेट को लेकर लोगों का बदला।।'' मंधाना की कहा कि जिस प्रकार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने पुरुष क्रिकेट को बहुत बढ़ावा दिया है। वैसी ही भूमिका महिला क्रिकेट के लिए डब्ल्यूपीएल कर रहा है। आने वाले समय में अन्य खिलों में भी अधिक से अधिक लीग ये ही भूमिका निभाएंगी।

# श्रेयस अय्यर के सपोर्ट में उतरे रिकी पोंटिंग

## क्या कोहली का प्लेइंग-11 से कटेगा पत्ता?

नई दिल्ली ।

भारत और इंग्लैंड के खिलाफ नागपुर में खेले गए पहले वनडे में स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली दाहिने घुटने में सूजन के कारण मैच से बाहर हो गए। उनके स्थान पर दाएं हाथ के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। अय्यर ने 36 गेंद में 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से तूफानी अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड पर भारत की 4 विकेट से शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई।

### श्रेयस अय्यर के सपोर्ट में उतरे रिकी पोंटिग

विराट कोहली की घुटने की सूजन अब ठीक है और उम्मीद की जा रही है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ 9 फरवरी को कटक में खेले जाने वाले दूसरे वनडे मैच में खेलेंगे. इस स्थिति में श्रेयस अय्यर प्लेइंग-11 से बाहर हो सकते हैं. श्रेयस अय्यर ने 4 नंबर पर





बल्लेबाजी करते हुए पिछली 6 वनडे पारियों में 91 के शानदार औसत से कुल 455 रन बनाएं हैं। इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 3 अर्धशतक जड़े हैं, लेकिन इसके बावजूद भी प्लेइंग-11 में उनकी जगह पक्की नहीं है।

### अय्यर की प्लेइंग-11 में वापसी से खुश

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग अब श्रेयस अय्यर के समर्थन में उतर आएं है और कहा है कि भारत की वनडे प्लेइंग-11 में श्रेयस अय्यर की पक्की जगह बनती है. आईसीसी रिव्यू में पोंटिंग ने कहा, अगर श्रेयस अय्यर मिडिल ऑर्डर से बाहर हो जाते हैं, तो वे किसी भी अन्य खिलाड़ी से बेहतर हैं। इसलिए मैं उन्हें भारतीय टीम में वापस देखकर खुश हूं। उन्होंने आगे कहा, अय्यर के पास ऐसा खेल है जो सफेद गेंद के प्रारूपों में टिक सकता है. हम जानते हैं कि वे स्पिन गेंदबाजी के कितने अच्छे हिटर हैं।

### प्लेइंग-11 में जगह पक्की न होने पर उठाए सवाल

श्रेयस अय्यर के शानदार वनडे रिकॉर्ड्स के बावजूद प्लेइंग-11 में जगह पक्की न होने को लेकर भी रिकी पोंटिंग को आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा, मुझे थोड़ा आश्चर्य हुआ है कि श्रेयस अय्यर पिछले कुछ सालों से भारत की टीम से बाहर हैं. उन्होंने एक शानदार वनडे विश्व कप खेला था, जहां उन्होंने मध्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया था और मुझे वास्तव में तब लगा था कि उन्होंने उस स्थान को लगभग पक्का कर लिया है और उसे अपना बना लिया है ।

बता दें कि, मिडिल ऑर्डर में भारत के पास शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकल्प मौजूद हैं। टीम कॉम्बिनेशन के लिए इनमें से सिर्फ 3 ही प्लेइंग-11 का हिस्सा बन पाते हैं. ऐसे में कई बार श्रेयस अय्यर को बाहर बैठना पड़ता है। यशस्वी जायसवाल के साथ रोहित शर्मा की ओपनिंग पेयर बनने के बाद से प्लेइंग-11 चुनना टीम इंडिया के लिए सिरदर्द बन गया है।

# लाहौर का गद्दाफी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए तैयार हुआ : पीसीबी

**117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम**




**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम तैयार हो गया है। पीसीबी ने कहा कि स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम पूरा हो गया है। जिससे उन लोगों को करारा जवाब मिला है जो कह रहे थे कि स्टेडियम तैयार नहीं होंगे। स्टेडियम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है। पीसीबी ने कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं हो गयी है। इसमें नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर लगे हैं। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, 'मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को तय समय तक तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया। वहीं कहा गया था कि पीसीबी काम पूरा करने में कम से कम पांच सप्ताह पीछे चल रहा है। पीसीबी को 12 फरवरी तक स्टेडियम को आईसीसी को स्टेडियम सौंपना है क्योंकि टूर्नामेंट एक सप्ताह बाद शुरू होगा। नए स्टेडियम का परीक्षण आठ फरवरी को होगा जब पाकिस्तान और न्यूजीलैंड त्रिकोणीय श्रृंखला का पहला मैच खेलेंगे जिसकी तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है। पीसीबी 11 फरवरी को कराची में राष्ट्रीय स्टेडियम का उद्घाटन करेगा जिसमें राष्ट्रपति आसिफ जरदारी के शामिल होने की उम्मीद है।

# आरबीआई के रेपो दर में कटौती से आर्थिक विकास को मिलेगी गति : उद्योग

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उद्योग जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में चौथाई फीसदी की कटौती के फैसले का स्वागत किया और केंद्रीय बैंक के इस कदम को अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरूरी समर्थन करार देते हुए कहा कि इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, च्आरबीआई का यह निर्णय समय पर और दूरदर्शी है। हमें उम्मीद है कि बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अनुसरण करेगा और उधार दरों में कमी आएगी। इसके अलावा महंगाई के लक्ष्य की अधिक लचीली व्याख्या निकट भविष्य में और दर कटौती का संकेत देती है। हाल ही में घोषित केंद्रीय बजट ने निवेश-आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण, एमएसएमई और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया है। आज की दर कटौती इन उपायों को और मजबूत करेगी, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि फिक्की को विश्वास है कि विकास समर्थक बजट और सहायक मौद्रिक नीति का संयोजन भारत की आर्थिक वृद्धि, उपभोग वृद्धि और दीर्घकालिक निवेश को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इसके अलावा उन्होंने वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत महिलाओं की वित्तीय निर्णय लेने में भूमिका को उजागर करने पर आरबीआई के फोकस की सराहना और कहा कि घरेलू वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें सशक्त बनाना न केवल उनकी आर्थिक भलाई सुनिश्चित करेगा बल्कि सामाजिक विकास में भी योगदान देगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिला-नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

इसी तरह भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने आरबीआई के रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती का जोरदार स्वागत किया और इसे अभूतपूर्व बजट के कुछ ही दिनों बाद आया एक महत्वपूर्ण निर्णय करार दिया, जो अर्थव्यवस्था को बड़ा प्रोत्साहन देगा।

# श्रीराम लाइफ का खुदरा कारोबार 49 फीसदी बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** जीवन बीमा क्षेत्र की निजी कंपनी श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का खुदरा कारोबार अप्रैल-दिसंबर 2024 में इसके पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 49 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 865 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि व्यक्तिगत नए व्यवसाय एपीई (वार्षिक प्रीमियम समतुल्य) में भी 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कि निजी बीमा उद्योग की 19 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर से कहीं अधिक है। इसी अवधि में कंपनी का कुल प्रीमियम संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 2,782 करोड़ रुपये हो गया।

तीसरी तिमाही में समूह बीमा कारोबार से कंपनी की प्रीमियम आय दूसरी तिमाही की तुलना में दोगुनी हो गई, जो 174 करोड़ रुपये से बढ़कर 336 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। व्यक्तिगत नए व्यवसाय प्रीमियम आय भी इस तिमाही में 322 करोड़ रुपये रही। नवीकरण प्रीमियम 494 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि पिछली तिमाही में यह 447 करोड़ रुपये था। कुल प्रीमियम संग्रह दूसरी तिमाही के 952 करोड़ रुपये से 21 प्रतिशत बढ़कर तीसरी तिमाही में 1,151 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम 36 प्रतिशत बढ़कर 322 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 237 करोड़ रुपये था। एपीई भी 36 प्रतिशत बढ़कर 301 करोड़ रुपये हो गया। श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैस्पर जे. एच. क्रोमहोट ने कहा, हमारी मजबूत वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि हम अधिक ग्राहकों तक पहुंचने और उन्हें बीमा सुरक्षा प्रदान करने के अपने उद्देश्य में सफल हो रहे हैं।

# नीतिगत दरों में कटौती का रियल एस्टेट ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** रियल एस्टेट उद्योग ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा करीब पांच वर्षों के बाद नीतिगत दरों में की गयी 0.25 प्रतिशत की कटौती का स्वागत करते हुये कहा कि यह मांग बढ़ाने में मददगार होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से आवासीय मांग को बढ़ावा मिलेगा, तरलता में सुधार होगा और किफायती आवास क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। एसपीजे ग्रुप के अध्यक्ष पंकज जैन ने कहा, रेपो रेट में कटौती रियल एस्टेट उद्योग के लिए एक सकारात्मक संकेत है। इससे उधार लेने की लागत कम होगी, जिससे घर खरीददारों की रूचि बढ़ेगी और डेवलपर को अपनी परियोजनाओं के लिए अधिक किफायती वित्तपोषण मिलेगा। खासकर मध्य और किफायती आवास क्षेत्रों में इस कदम से काफी लाभ होगा। यूनिटी ग्रुप के मुख्य परिचालन अधिकारी कुणाल बेहरानी ने भी इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, यह दर कटौती आरबीआई की विकास समर्थक नीति का संकेत है और यह ऐसे समय आई है जब रियल एस्टेट उद्योग स्थिर वृद्धि की तलाश में था। कम होम लोन ब्याज दरें खरीदारों को निवेश के लिए प्रेरित करेंगी, जबकि डेवलपर्स को नई और मौजूदा




परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण लागत में राहत मिलेगी। मोर्स के सीईओ मोहित मित्तल ने कहा कि करीब पांच वर्षों में पहली बार नीतिगत दर में कटौती का यह निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह वित्तपोषण को अधिक आकर्षक बनाएगा और आवासीय एवं वाणिज्यिक रियल एस्टेट परिसंपत्तियों में नई रुचि उत्पन्न करेगा। उम्मीद है कि संस्थागत निवेश में तेजी आएगी और इस क्षेत्र की समग्र स्थिरता सुनिश्चित होगी। केडीएमजी ग्रुप के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक विवेक सिन्हा ने कहा कि आरबीआई का यह कदम सही दिशा में है। इससे होमबायर्स की पूछताछ में वृद्धि होगी और बाजार की धारणा मजबूत होगी।

# शक्कर सुस्त,तेलों में मजबूती, दाल में नरमी



**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव घटा बताया गया। खाद्य तेलों में भाव मजबूती लिए रहे। सोयाबीन में प्लांटों की लिवाली रही। दलहनों में नरमी हुई। दालों में भाव ऊंचे रहे। चावल में पूछपरख बताई गई। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव बढ़ा रहा। आज शक्कर में चार गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा दिसावर के साथ ऊंचा बोला गया। खोपरा गोला- हल्दी में मांग रही। खाद्य तेलों में सोयाबीन रिफाइंड में मांग से भाव मजबूत बने रहे। तिलहन में उठाव से सोयाबीन में स्थिरता बताई गई। संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन जिन्सों में कामकाज नरमी लिए रहा। लिवाली से दालों में भाव ऊंचे रहे। चावल में पूछपरख बताई गई ।शक्कर 4060 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 160 से 210 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 3800 से 5800 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 200 से 270 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 5400 से 6000, पैकिंग में 6400 से 6500 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5400 से 5750 सोयाबीन 4150 से 4200 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1370 से 1390, सोयाबीन रिफाइंड 1260 से 1265, साल्वेंट 1200 से 1205, पाम तेल 1390 से 1395 रुपये प्रति 10 किलो ।चना कांटा 6100 से 6150 रुपये प्रति क्विंटल।



# सोना, चांदी में तेजी

इंदौर (वार्ता)।

स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी महंऐ होकर बिकी। चांदी सिक्का स्थिर रहा। विदेशी बाजार में सोना 2864 डालर व चांदी 3220 सेन्ट रुपये प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 85800 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 95500 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।

# समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार गिरा

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में चौथाई फीसदी की कटौती से निवेश धारणा को बल नहीं मिला, जिससे ऊर्जा, एफएमसीजी, इंडस्ट्रियल्स और तेल एवं गैस समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 197.97 अंक की गिरावट लेकर 77,860.19 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 43.40 अंक टूटकर 23,559.95 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 43,050.27 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 50,164.22 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4064 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2402 में गिरावट जबकि 1520 में तेजी रही वहीं 142 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 23 कंपनियां लाल जबकि 28 हरे निशान पर रही। विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की व्यापक रूप से अपेक्षा की जा रही थी, जिसके कारण इस फैसले पर शेयर बाजार में कोई बड़ा उछाल नहीं देखा गया। वास्तव में भारत के 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड में उछाल आया क्योंकि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से तटस्थ रुख बनाए रखने के पक्ष में मतदान



किया। ब्याज दर में कटौती सही दिशा में एक सकारात्मक कदम है लेकिन आगे की कटौती का आकार और समय मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति पर निर्भर करेगा। यदि फेड दरों में आक्रामक कटौती करता है तो आरबीआई के लिए भी आगे दरों में कटौती का मार्ग आसान हो सकता है। इसके विपरीत यदि अमेरिकी दरें ऊंची बनी रहती हैं तो भारतीय मौद्रिक नीति को अधिक सतर्क दृष्टिकोण अपनाना पड़ सकता है। इस बीच, बॉन्ड यील्ड में वृद्धि इंगित करती है कि निवेशक लंबी अवधि में मुद्रास्फीति और ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता बनाए हुए हैं। इसके अलावा वैश्विक बाजार की स्थिति और घरेलू आर्थिक संकेतकों पर भी भारतीय ब्याज दर नीति का भविष्य निर्भर करेगा। बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली जबकि अन्य में लिवाली हुई। इससे ऊर्जा 1.07, एफएमसीजी 1.25, वित्तीय सेवाएं 0.44, इंडस्ट्रियल्स 0.73, आईटी 0.40, यूटिलिटीज 0.13, बैंकिंग 0.49, कैपिटल गुड्स 0.73, तेल एवं गैस 1.31, पावर 0.41, सर्विसेज 0.62 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.28 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.87, दूरसंचार 2.64, ऑटो 0.64, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.23, धातु 2.40 और टेक समूह के शेयर 0.46 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.18 और जापान का निक्केई 0.72 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.09, हांगकांग का हैंगसेंग 1.16 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 1.16 प्रतिशत की मजबूती रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 61 अंक की तेजी के साथ 78,119.60 अंक पर खुला और दमदार लिवाली के दम पर 78,356.98 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 77,475.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली होने से संभलने की तमाम कोशिशों के बावजूद अंत में यह पिछले दिवस के 78,058.16 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत की गिरावट लेकर 77,860.19 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 46 अंक मजबूत होकर 23,649.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,694.50 अंक के उच्चतम जबकि 23,443.20 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,603.35 अंक की तुलना में 0.18 प्रतिशत फिसलकर 23,559.95 अंक पर बंद हुआ।

# ताप्ती-बेसिन विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रीचार्ज परियोजना

## मुख्यमंत्री ने परियोजना के संबंध में दोनों राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश



भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज योजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रीचार्ज परियोजना है। इस अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना का अवरोध अब दूर हो गया है तथा हम शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ चर्चा कर करार करने की ओर बढ़ रहे हैं। जल्द ही केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भोपाल आमंत्रित कर करार की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मंत्रालय में ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज एवं कन्हान उप कछार परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं। ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक अर्चना चिटनीस, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा और मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र के जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन और कन्हान उप कछार में मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित कन्हान (जामघाट) बहुउद्देशीय परियोजना में मध्यप्रदेश के जल हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए महाराष्ट्र राज्य से सतत संवाद कर दोनों परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में कुल 31.13 टी.एम.सी. जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हेक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा अत: इसमें पुनर्वास की आवश्यकता नहीं होगी।

### किसानों को पर्याप्त पानी मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपने विकास की यात्रा में सभी सेक्टर्स में लगातार काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनकी भावना के अनुसार हम मध्यप्रदेश की नदियों का आसपास के राज्यों से सुखद और दोनों राज्यों के हितों के बंटवारे के क्रम को लगातार बनाए हुए हैं। हमारे राज्य के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले, पीने के पानी के साथ-साथ औद्योगीकरण के लिए भी पर्याप्त पानी दिया जा सके और राज्यों के बीच में भी हमारा सुखद और सौहार्द्र बना रहे, इस निमित्त से हम वर्षों से लंबित जल बंटवारे के मसलों को हल करते हुए इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम महाराष्ट्र के साथ नदी जल बंटवारे के मसले के निराकरण के लिए प्राथमिक चरण की चर्चा के लिए आगे बढ़े हैं। महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री की भी यही भावना है। वे भी चाहते हैं कि मध्यप्रदेश के साथ ताप्ती और कन्हान नदी की जो नदी जल परियोजनाएं वर्षों से लंबित थीं, उनके निराकरण के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के मार्गदर्शन और उनके परामर्श से इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के पूरा होने पर मध्यप्रदेश के 1 लाख 23 हजार 82 हेक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से म.प्र. के बुरहानपुर एवं खण्डवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल चार तहसीलें लाभान्वित होंगी।

### ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों की संयुक्त परियोजना के रूप में प्रस्तावित है। इस योजना से मध्यप्रदेश के 1,23,082 हेक्टेयर क्षेत्र में एवं महाराष्ट्र के 2,34,706 सेक्टर में सिंचाई प्रस्तावित है. योजना में भूजल भंडारण का विस्तार किया जाएगा, जिससे प्रदेश के बुरहानपुर एवं खंडवा जिलों की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा तहसीलें लाभान्वित होंगी। इस योजना के अंतर्गत पूर्व में पारंपरिक भंडारण हेतु 66 टीएमसी क्षमता का जल भराव बाँध प्रस्तावित किया गया था, जिससे 17 हज़ार हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित हो रही थी, जिसमें वन भूमि एवं बाघ अभ्यारण की भूमि भी शामिल थी। इसके अलावा 73 गांव की लगभग 14 हजार जनसंख्या भी प्रभावित हो रही थी। अब इस अवरोध को दूर करते हुए पारंपरिक जल भंडारण के स्थान पर भूजल पुनर्भरण योजना द्वारा जल भंडारण प्रस्तावित किया गया है।

### चार जल संरचनाएं प्रस्तावित

***1. खरिया गुटीघाट बांध स्थल पर लो डायवर्सन वियर***- यह वियर दोनों राज्यों की सीमा पर मध्य प्रदेश की खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं महाराष्ट्र की अमरावती तहसील में प्रस्तावित है। इसकी जल भराव क्षमता 8.31 टीएमसी प्रस्तावित है।

***2. दाईं तट नहर प्रथम चरण***- प्रस्तावित खरिया गुटीघाट वियर के दाएं तट से 221 किलोमीटर लंबी नहर प्रस्तावित है, जो मध्य प्रदेश में 110 किलोमीटर बनेगी. इस नहर से मध्य प्रदेश के 55 हज़ार 89 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी।

***3. बाईं तट नहर प्रथम चरण***- प्रस्तावित खरिया गुटीघाट वियर के बाएं तट से 135.64 किलोमीटर लंबी नहर प्रस्तावित है जो मध्यप्रदेश में 100.42 किलोमीटर बनेगी। इस नहर से मध्यप्रदेश के 44 हज़ार 993 हेक्टर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है।

***4. बाईं तट नहर द्वितीय चरण***- यह नहर बाईं तट नहर प्रथम चरण के आर डी 90.89 कि मी से 14 किलोमीटर लम्बी टनल के माध्यम से प्रवाहित होगी. इसकी लंबाई 123.97 किलोमीटर होगी, जिससे केवल महाराष्ट्र के 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित है1

### छिंदवाड़ा कॉम्प्लेक्स बहुउद्देशीय परियोजना

- योजना की प्रशासकीय स्वीकृति राशि रुपए 5470.95 करोड़ की वर्ष 2019 में जारी की गई।
- इसके अंतर्गत संगम एक, संगम दो, रामघाट एवं पांढुर्णा बांध का निर्माण कार्य होगा।
- इसका सिंचाई क्षेत्र एक लाख 90 हजार 500 हेक्टेयर होगा।
- लाभान्वित विकासखंड में जुन्नारदेव, उमरेठ, छिंदवाड़ा, मोहखेड, पांढुर्णा, सोंसर एवं बिछुआ शामिल है।
- औद्योगिक क्षेत्र के लिए 20 मिलियन घन मीटर जल आरक्षित होगा।
- जल विद्युत उत्पादन 30 मेगावाट होगा।



# जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारा लक्ष्य : गौर

## गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड 52 में एक करोड़ 20 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि जनता की अपेक्षा की कसौटी पर खड़ा उतरना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने यह बात शुक्रवार को मिसरोद के वार्ड 52 में एक करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के भूमि-पूजन के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि मिसरोद मंडल की शीतल हाइट्स में पहले भी सड़क निर्माण के कार्य हो चुके हैं। अब जनता की मांग पर 19 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। कॉलोनी वासियों की जो भी अपेक्षा होगी, उसे हम पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस क्षेत्र की सीवेज लाइन को भी अमृत योजना फेस टू से जोड़ा जाएगा। वार्ड 52 में मिसरोद ग्राम के पीछे शीतल हाइट्स में 19 लाख रुपए की लागत से सड़क के डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन किया। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने रघुनाथ नगर में 12 लाख रुपए की लागत से डामरीकरण के कार्य का भूमि-पूजन और रोहित नगर फेस टू में 60 लाख की लागत से बनने वाली फोरलेन सीसी सड़क के निर्माण का भूमि-पूजन भी किया। रोहित नगर फेस- 2 में 8 लाख और 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो सीसी सड़क के निर्माण कार्यों का भी भूमि-पूजन किया। इस दौरान वार्ड की पार्षद शीला पाटीदार, मंडल अध्यक्ष मोनिका ठाकुर, जितेन्द्र शुक्ला, प्रताप वारे, अर्चना परमार, रामबाबू पाटीदार, जन-प्रतिनिधि एवं रहवासी मौजूद रहे।

# आदयंत ने अंडर 12 की प्रतिष्ठित भास्कर ट्रॉफी में भाग लिया

**दमोह।** दमोह के आशुतोष वर्मा टोनू के बेटे आदयंत मोहन वर्मा ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन अंडर 12 की प्रतिष्ठित भास्कर ट्रॉफी में भाग लिया। आशुतोष एवं उनके पिता वरिष्ठ साहित्यकार सत्यमोहन वर्मा भी अपने समय में दमोह क्रिकेट में काफी सक्रिय रहे। आदयंत मोहन ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क (शिवाजी पार्क) में हुए मैच में ओपनर के तौर पर बल्लेबाजी की। छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क भारतीय क्रिकेट के उद्गम स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यह आठ क्रिकेट क्लबों का घर है, जिनमें अन्ना वैद्य और रमाकांत आचरेकर जैसे क्लब शामिल हैं। जिन्होंने भारत के लिए कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी तैयार किए हैं। यहां प्रशिक्षण लेने वाले कुछ प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं सचिन तेंदुलकर, अजीत वाडेकर, विजय मांजरेकर, एकनाथ सोलकर, चंद्रकांत पंडित, लालचंद राजपूत, संदीप पाटिल, अजीत अगरकर रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण सम्पन्न



दमोह

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र मुरैना द्वारा दमोह जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र में दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपसंचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा दमोह जिले के कीट व्याधि के बारे मे जानकारी दी। इसी प्रकार कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एमके अहिरवार द्वारा जिले की प्रमुख फसलों के महत्व के विषय में बताया गया। उपसंचालक आत्मा दमोह जगत लाल प्रजापति द्वारा जिले के बागवानी फसल एवं उनके नाशीजीव प्रबंधन के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम में वनस्पति संरक्षण प्रभारी अधिकारी सुनीत कुमार कटियार द्वारा आईपीएम के महत्व, आईपीएम सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों सस्य, यांत्रिक, जेसे येलो स्टिकी, ब्लू स्टीकी, फेरो मैन ट्रेप, फल मक्खी जालए विशिष्ट्रैपए मित्र एवं शत्रुकीटों की पहचानए ट्राईकोडर्मा से बीज उपचार के उपयोग के बारे में और जेविक विधिए नीम आधारित एवं अन्य वानस्पतिक कीटनाशक और रासायनिक आयामों के इस्तेमाल के विषय में, खरपतवार प्रबंधन और सब्जी वाली फसलों में लगने वाले कीट प्रबंधन, साथ ही किसानो द्वारा घर में ट्राइकोडर्मा का उत्पादन कैसे करना है इसके बारे में विस्तार से बताया गया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अभिषेक सिंह बादल द्वारा जिले की प्रमुख फसलों के रोग और प्रबंधन, चूहे का प्रकोप एवं नियंत्रण और फॉल आर्मी बर्म के प्रबंधन, मनुष्य पर होने वाले कीटनाशकों का दुष्प्रभाव तथा कीटनाशकों का सुरक्षित ओर विवेकपूर्ण उपयोग, कीटनाशकों के लेवल एवं कलर कोड के संबंध में बताया साथ ही भारत सरकार के के कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए के एनपीएसएस ऐप के उपयोग एवं महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के अधिकारियों द्वारा आईपीएम प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। आईपीएम के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन किसानो को खेत भ्रमण करा कर के कृषि परिस्थितिकी तंत्र विश्लेषण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रगतिशील किसानों, कीटनाशक विक्रेता ओर राज्य कृषि कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

# 7 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस किये जारी

**दमोह।** एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने राजस्व कार्य में लापरवाही के आरोप में हटा के 3 और पटेरा के 4 पटवारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किये हैं। उन्होंने हटा के दीपक ठाकुर, देवेन्द्र राज, अनिल कुमार तथा पटेरा के सादिक खान, संजय श्रीवास्तव, सरवेन्द्र असाटी और लखन सींग उइके को कारण बताओ नोटिस जारी किये हैं। जारी आदेश में कहा गया आज 7 फरवरी की स्थिति में ई.केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री की स्थिति कम पाई गयी हैं। उक्त दोनों कार्य शत प्रतिशत किये जाने लगातार वरिष्ठ कार्यालयों से दिशा निर्देश प्राप्त हो रहे हैए किन्तु आपके द्वारा उक्त कार्य में अपेक्षित प्रगति न लाते हुए लापरवाही बरती गई हैए आपको इस पत्र के जरिये कार्य में प्रगति लाए जाने हेतु 03 कार्य दिवस का असवर दिया जाकर 50 प्रतिशत कार्य प्रगति सहित जवाब प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया हैं।



# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

जबेरा

विधानसभा क्षेत्र जबेरा के अंतर्गत आने वाले किसानों की जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी जबेरा में 5 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना करेगी। जिसके संबंध में आम आदमी पार्टी मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष बसंत राय के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तेंदूखेड़ा में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में आम आदमी पार्टी विधानसभा जबेरा द्वारा पूर्व में पदस्थ पटवारी आर आई व तहसील स्टाफ द्वारा किसानों के भू-अभिलेख में त्रुटि के संबंध में लिखित जानकारी दी गई थी। जिसमें जबेरा तहसील के ग्राम कलूमर में लगभग दो वर्ष पूर्व कैंप लगाकर उक्त समस्या के सुधार हेतु बात कही गई थी। किंतु आज दिनांक तक किसानों के भू-अभिलेखों मौजा संबंधी त्रुटियों का सुधार नहीं हुआ जिससे किसान दर-दर भटक रहे हैं। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि किसानों की उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण करते हुए भू अभिलेख में सुधार करते हुए त्रुटिहीन किया जाए। अगर उक्त समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो आप पार्टी किसानों के साथ जबेरा तहसील के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगी।

# मुख्यमंत्री ने पदक विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश के युवाओं ने शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण समेत कुल 5 पदकों पर कब्जा जमाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरा प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने स्वर्णिम जीत के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि सुश्री दिव्या पवार ने बॉक्सिंग के 54 किग्रा महिला इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है। शुक्रवार को ताइक्वांडो के (54 किग्रा) इवेंट में हरमन सिंह गिल ने रजत पदक अपने नाम किया। बॉक्सिंग में प्रतिभाशाली मुक्केबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन कांस्य पदक जीते। सुश्री मलिका मोर ने बॉक्सिंग के 50 किग्रा महिला इवेंट में एवं हिमांशु श्रीवास ने 57 किग्रा पुरुष इवेंट में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया है। इसी तरह मध्यप्रदेश बॉक्सिंग अकादमी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सुश्री माही लामा ने 57 किग्रा. महिला बॉक्सिंग इवेंट में दमदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक अर्जित किया।

# 5 साल में हम तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे: पटेल

## बटियागढ़ में 10 करोड़ की लागत से 33 केव्ही सब स्टेशन का भूमिपूजन

दमोह

सरकार जागरुक है, सरकार आप सभी का काम करना चाहती हैए सुविधा देना चाहती है। पहले हम विश्व में 11वें 12वीं नंबर पर थे धीरे-धीरे करके 0 नंबर पर आए। अगले दो-तीन सालों में इसी पंच वर्षीय में हम तीसरे नंबर की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। बटियागढ़ में लगभग 10 करोड़ की लागत से विद्युत लाइन खड़ी होने वाली है। आज 33 केव्ही सब स्टेशन के पास जो साइड लाइन है यहां से लेकर केरबना, फुटेरा, मगरोन और पथरिया, बकेनी, मेलवारा यह सब स्टेशन की 33 केबी लाइन का भूमि पूजन आज हुआ है जिससे आने वाले सीजन में किसानों का बड़ा लाभ होगा। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने बटियागढ़ के नीमोन तिराहा पर 33 केव्ही प्रस्तावित विद्युत लाईन के भूमि पूजन अवसर पर कही। इस अवसर पर नरेन्द्र व्यास, कपिल शुक्ला, धर्मेंद्र कटारे अरविंद पटैल, नरेन्द्र कटारे, मंगल कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। पशुपालन राज्यमंत्री पटैल ने मुख्यमंत्री और विद्युत मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा यह हमारे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है, इससे हमारे पूरे विधानसभा की बिजली के वोल्टेज की और जो तार टूटने की समस्या थी उससे निदान मिलेगा। क्योंकि आज के समय कहीं पर 33 केबी का एक तार टूटता था तो पूरी विद्युत लाइन बंद हो जाती थी। कई बार यह हुआ कि एक-एक दो दिन तक पूरे क्षेत्र में अंधेरा रहा, अब यह स्थिति नहीं बनेगी। अब जिस तरफ भी कोई डिफेक्ट होगा, सिर्फ उसी तरफ की लाइन बंद होगी, बाकी सभी जगह की लाइन चालू रहेगी। राज्यमंत्री पटैल ने कहा क्षेत्र में 1 साल के अंदर 12 करोड़ का काम मंजूर हुआ है, यहां 10 काम है जिसमें से 7 पथरिया विधानसभा के लगभग 10 करोड़ की लागत से काम होने वाले है, इससे आने वाली समस्याएं हल हो जायेगीए खास तौर से खेती के सीजन पर दिक्कत होती थी, अब नहीं होगी। दो सब स्टेशन और बन जाएंगे जिसका प्रस्ताव भेजा गया है जिसमें से सीतानगर सहित दो सब स्टेशन बन जाएंगे, एक सब स्टेशन की और जरूरत है एक और बन जाएगा तो हमारी विद्युत की जो समस्या है जो कि अभी बहुत कम हो गई है लेकिन उनके बनने से पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। राज्यमंत्री ने कहा पूरे मध्य प्रदेश में 2 लाख बिजली के अस्थाई कनेक्शन हैं, स्थाई कनेक्शन न कर सरकार यह काम कर रही है कि जितने भी अस्थाई कनेक्शन है सभी को सोलर पंप 10 प्रतिशत की राशि दे रही हैए उसकी जो भी कीमत होगी उसकी 10 से 12 प्रतिशत की राशि लेकर सभी को सोलर पंप दिये जायेंगे, जिससे किसानो को 8 घंटे लाइट उसे मुफ्त में बिजली मिलेगी और वह हमेशा के लिए हो जाएगा, यह सरकार की एक बड़ी महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश में लगभग 30 लाख स्थाई विद्युत के कनेक्शन है उनको भी धीरे-धीरे बदलने का काम किया जायेगा क्योंकि आज की तारीख में बिजली विभाग पर लगभग 40 हजार करोड़ रुपए का अनुदान देते हैं जो की सबसे बड़ा अनुदान है। प्रधानमंत्री ने 5 साल के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और बढ़ा दी है जिसका अभी सर्वे चल रहा है उसमें कोई नाम ना छूटे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कहना है कि एक भी पात्र हितग्राही नहीं छूटना चाहिए। अब आवास योजना के लिये हितग्राही ऑनलाइन साइट पर जाकर अपना नाम खुद जोड़ सकते हैं, 30 मार्च तक यह चलने वाला है। उन्होंने कहा जिनके नाम छूटे हैं सभी अपना नाम जरूर जुड़वाएं।




**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I USHA TIWARI W/O SHRI RAHUL TIWARI residing at H.NO.- 505, Type-4, Sector-2, Vehicle Factory Estate, P.O. VFJ, Jabalpur (M.P.)- 482009 declare that name of mine has been wrongly written as USHA TAI KAWADKAR In my service book & Aadhaar card. The actual name of mine is USHA TIWARI respectively which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

USHA TIWARI
(Signature of Applicant)

# बारूद के मुहाने पर कठौंदा फटाका बाजार

## अतिक्रमण से बने गोदामों में भंडारित है विस्फोटक सामग्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ग्राम कठौंदा के नागरिकों ने जिला प्रशासन से कठौंदा स्थित फटाका बाजार से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये बताया है कि हाल ही में जब 26 जनवरी को यहां की तीन फटाका दुकानों में आग ने तांडव मचाया था तब समूचा क्षेत्र दहल उठा था। अब पुनः कठौंदा का फटाका बाजार बारूद के मुहाने पर खड़ा दिखाई देने लगा है। खास बात घटना के दौरान दुकानदारों की जांच की गई थी जिसमें पाया गया कि किसी पास फायर सेफ्टभ्‍ उपकरण व सर्टिफिकेट नहीं था और ना ही जिप्र व ननि द्वारा इन यंत्रों की जांच की जाती रही।




### जबरन कब्जा, गोदाम तान दिया

लोगों ने बताया है कि ग्राम कठौंदा के फटाका बाजार में कई दुकानदारों ने शासकीय भूमि पर अवैधानिक तरीके से जबरन अतिक्रमण कर गोदाम बना लिया है और कुछ लोगों ने टपरों में अपनी दुकानें संचालित करना शुरु कर दिया है। जबकि उन्हें शासन-प्रशासन द्वारा वहां पर भूमि का आवंटन नहीं किया गया है। यह भी बताया गया है कि, कतिपय दुकानदारों ने अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों में बड़े पैमाने पर विस्फोटक पदार्थ का भंडारण भी कर रखा है। लोगों ने आशंका जाहिर की है कि कथित तौर पर रखे गये अवैध विस्फोटक सामग्रियों से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिससे वहाँ पर मानव जीवन संकट में आ सकता है।




### असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

स्थानीय लोगों ने यह भी बताया है कि कठौंदा स्थित फटाका बाजार में रोजाना असामाजिक एवं अपराधिक तत्व नशेबाजी करने के लिये रात में एकत्र होते हैं। उनकी हरकतों से कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है। लिहाजा, लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि फटाका बाजार में अतिक्रमण से निर्मित किये गए गोदाम व टपरे आदि को शीघ्र हटवाया जाये।

# अलग-अलग जिलों में जातियों की अलग कैटेगरी क्यों

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और एससी-पिछड़ा आयोग को जारी किया नोटिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुम्हार व रजक जाति के कुछ लोगों ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर करते हुए उन्हें भी अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की है। मामले पर गुरुवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल एवं जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी राकेश कुमार चक्रवर्ती और लक्ष्मण रजक की ओर से मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता के वकील एसके कश्यप ने हाईकोर्ट में पक्ष रखते हुए कहा कि रजक समाज को प्रदेश के भोपाल, रायसेन व



सीहोर में अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया है, इसी तरह से कुम्हार जाति को सतना, रीवा, टीकमगढ़, पन्ना, शहडोल, सीधी, दतिया सहित 8 जिलों में अनुसूचित जाति की श्रेणी का दर्ज दिया गया है। याचिकाकर्ता के वकील ने हाईकोर्ट को बताया गया कि कुछ ऐसे जिले हैं जहां पर की कुम्हार और रजक जाति को पिछड़ा वर्ग में रखा गया है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है कि प्रदेश में एक ही जाति के लोगों को अलग-अलग जिलों में अलग-अलग जाति में रखा गया है, जो कि उनके अधिकारों का उल्लंघन है। सुनवाई करते हुए हुए हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई अब दो सप्ताह बाद होगी।

# विवेक कृष्ण तन्खा का सफरनामा पर डॉक्यूमेंट्री आज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

माँ नर्मदा के आंचल में पढ़े-बढ़े और संस्कारधानी की समृद्ध विरासत को विश्व पटल पर लाने का बीड़ा उठाये, नर्मदा पुत्र विवेक कृष्ण तन्खा के जीवन के संघर्षों और प्रयासों को संजोती डॉक्यूमेंट्री, नर्मदा पुत्र विवेक कृष्ण तन्खा का सफरनामा का प्रस्तुतीकरण आज 8 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक केंद्र घंटाघर में सायं 4.30 बजे से आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में डॉक्युमेंट्री निर्देशक अजय चिटनिस द्वारा डॉक्यूमेंट्री (फिल्म) का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। विवेक कृष्ण तन्खा के साथ, कार्यक्रम की आयोजन समिति, आयोजक संस्थाएं जिनमें जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, महाकौशल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के समस्त रोटरी क्लब्स तथा कदम संस्था शामिल हैं, सबने जबलपुर के गणमान्य नागरिकों और अथितियों को इस भव्य आयोजन में आमंत्रित किया है। इस अवसर पर विवेक कृष्ण तन्खा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सांस्कृतिक केंद्र के अलावा तैयब अली पेट्रोल पंप के सामने के मैदान एवं क्राइस्ट चर्च (आईसीएसई) स्कूल में भी की गई है।

# अब जिला अभियोजन संचालनालय के नाम से जाने जाएंगे जिला अभियोजन कार्यालय

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में स्थापित जिला अभियोजन कार्यालय का नाम परिवर्तित कर जिला अभियोजन संचालनालय कर दिया गया है। जिलों में स्थित जिला लोक अभियोजन कार्यालय अब जिला अभियोजन संचालनालय के नाम से जाने जाएंगे। जिला अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्बन्ध में राज्य शासन के गृह पुलिस विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जिले में स्थित शासन के सभी विभागों के कार्यालय प्रमुखों को भविष्य में होने वाले पत्राचार के लिए जिला अभियोजन कार्यालय को जिला अभियोजन संचालनालय के रूप में उल्लेखित करने का आग्रह किया है।

# सर्विस बुक अनुमोदित ना होने से लाखों की रिकवरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष विपिन पीपरे ने बताया है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्वशासी कर्मचारी की सर्विस बुक का अनुमोदन कोषालय जबलपुर द्वारा नहीं किया जा रहा। जबकि शासन द्वारा कर्मचारियों की सर्विस बुक अनुमोदन के संबंध में स्पष्ट आदेश जारी किए हुए हैं संघ के जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविंद्र राय का कहना है कि सर्विस बुक अनुमोदन न होने से कई कर्मचारियों को लाखों रुपए की रिकवरी का सामना करना पड़ रहा है। विभागों में पदस्थ वित्त अधिकारी द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन के नाम पर हीला हवाली की जा रही है। संघ द्वारा वित्त मंत्री के नाम पत्र प्रेषित कर



मांग की है कि सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक अनुमोदन की जाए, रिकवरी की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से वसूली की कार्यवाही की जाए। संघ के प्रदेश महामंत्री अजय दुबे, संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष सहदेव रजक, वैद्यनाथन अय्यर, ओमप्रकाश पनगरहा, सुरेश बाल्मिक, संजय रजक, प्रेम नारायण ठाकुर, नरेश कुलस्ते, सुनील पाठक, मोहित वर्मा, गणेश अहिरवार आदि सदस्यों ने अतिशीघ्र निराकरण की मांग की है।



# वन्दे भारत ट्रेन के समय में संशोधन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सुचारु रेल संचालन को दृष्टिगत रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या इंदौर-नागपुर-इंदौर वन्दे भारत एक्सप्रेस का टर्मिनेटिंग स्टेशनों सहित भोपाल एवं इटारसी स्टेशनों के आगमन/प्रस्थान के समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित समय आगामी 10 फरवरी से परवशील रहेगा। वन्दे भारत ट्रेन के संशोधित समय सारणी निम्नानुसार है। गाड़ी संख्या 20911 इंदौर-नागपुर वन्दे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन इंदौर से प्रस्थान कर इटारसी में अब आगमन/प्रस्थान समय सुबह 10.45/10.50 बजे (पूर्व समय 10.35/10.40 बजे) और नागपुर में पहुंचने का अब आगमन समय दोपहर 14.35 बजे (पूर्व समय 14.30 बजे) रहेगा।

# हर ब्लॉक में खुलेंगे छात्रावासः कुसमरिया

## पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष बोले- मेस और कोचिंग की सुविधा भी देंगे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर प्रवास पर आए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि अब हर ब्लॉक स्तर पर छात्रावास खोले जाने का निर्णय लिया है। वर्तमान में प्रत्येक जिले में केवल एक छात्रावास है, जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुसमरिया ने बताया कि छात्रावासों में मेस और कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के लिए बजट में विशेष प्रावधान कराने के लिए भी प्रस्ताव भेजा जाएगा। बालिका छात्रावासों की मौजूदा समस्याओं के समाधान के लिए पहले से



दिए गए निर्देशों की समीक्षा भी की गई है। इस दौरान उन्होंने ओबीसी आरक्षण के गजट नोटिफिकेशन में हो रही देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उच्च स्तर पर विचार-विमर्श चल रहा है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा। आयोग का मुख्य उद्देश्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए बेहतर कार्य करना है। दिल्ली चुनाव के संदर्भ में उन्होंने भाजपा की जीत की संभावना भी व्यक्त की।

# कानून व्यवस्था को बनाये रखने सजग रहें गरुड़



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अपर कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिले की विभिन्न इकाईयों के निरीक्षण के लिए गठित गरूड़ दल की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने दल के पुनर्गठन के संबंध में आवश्यक चर्चा की और कहा कि गठित दल प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे तक की गई गतिविधियों के प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान जहां-जहां भी कमियां पाई जाती है, उन कमियों को दर्ज किया जाये और उसे दूर करने के लिए फॉलोअप भी लिया जाये। आवश्यकता अनुसार एफआईआर भी किया जाये। कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए दल सक्रियता से कार्य करे। गरूण दल की गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर व एसपी करेंगे। विशेष रूप से कहा गया कि होटल्स की जांच की जाये और शुद्धता, स्वच्छता व सुरक्षा संबंधी मानकों पर ध्यान दिया जाये। रेस्टोरेंट, अस्पताल व मेडिकल स्टोर में फायर सेफ्टी के नॉर्मस, डीजे के अनियंत्रित रूप से बजने, वाहनों के बीमा, प्रदूषण, सड़क सुरक्षा, आबकारी संबंधी अवैध गतिविधियों के साथ औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में सघन जांच की जाये।

# वीयू की छात्रा वसुंधरा ने बढ़ाया संस्कारधानी का मान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय और संस्कारधानी के लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है कि वेटरनरी कॉलेज की छात्रा और 1 एमपी आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी जबलपुर के कैडेट, सार्जेंट वसुंधरा दुबे ने गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2025 नई दिल्ली में भाग लेकर एक प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता है। वह इस साल घुड़सवारी के लिए जबलपुर एनसीसी से चुने गए तीन कैडेट में से एक थीं, जिनमें दो अन्य अंडर ऑफिसर विवेक कुमरे और अंडर ऑफिसर विकास बघेल भी शामिल थे। आज टीम वापस आ रही है। सार्जेंट वसुंधरा दुबे ने ड्रेसेज गर्ल्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जिसमें उन्होंने 18 वर्षीय भूरे रंग के घोड़े अज़ीयस पर प्रदर्शन किया। वह बालाघाट की रहने वाली हैं और उनके पिता संत कुमार दुबे वहां एक अंग्रेजी शिक्षक हैं। भोपाल में आगमन पर अन्य कैडेटों के साथ उन्हें जीओसी भोपाल क्षेत्र द्वारा एक योद्धा पदक से सम्मानित किया गया और उन्हें मप्र के राज्यपाल, सीएम मोहन यादव द्वारा एक समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया, उन्हें 1 लाख रुपये का पुरस्कार राशि मिलने पर वीयू के कुलगुरु डॉ मनदीप शर्मा, डीन डॉ आरके शर्मा, डीन डॉ आदित्य मिश्रा, एनसीसी प्रभारी डॉ रनधीर सिंह तथा विवि. के अधिकारीगण व महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# मरीज लेकर आ रहे वाहन में लगी आग

## कटंगी मार्ग पर हादसा, बाल-बाल बचे कार सवार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कटंगी रोड स्थित प्रज्ञाधाम के पास एक बोलेरो कार में अचानक आग लग गई। यह घटना उस समय हुई जब दमोह जिले के कुछ लोग मरीज को लेकर बोलेरो से जबलपुर आ



रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही कटंगी से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

***वक्त पर रोका तो जनहानि टली***- प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार बोलेरो कटंगी थाना क्षेत्र के प्रज्ञाधाम के पास पहुंची, अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा। चालक ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और देखा कि इंजन के पास से धुआं उठ रहा है। उन्होंने तत्काल मरीज को कार से बाहर निकाला। इतनी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। करीब 20 मिनट बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। एक दमकल कर्मचारी ने बताया किए उन्हें फोन पर सूचना मिली थी कि एक काली कार में आग लगी है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मरीज को प्राथमिक उपचार के लिए बाइक से कटंगी अस्पताल भेजा गया है। जहां से 108 एम्बुलेंस की मदद से परिवार जन उसे इलाज के लिए जबलपुर लेकर गये।












हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल- **smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**